गौरवशाली परम्परा का 107वां वर्ष

आज

आज मात्र 4.00 रुपया

website :- www.ajhindidaily.com | यहां भी पढ़ें :-निःशुल्क ई पेपर सब्सक्राइब | For e-Paper :- www.ajhindidaily.com

बरेली, मंगलवार 13 अक्टूबर ,2026 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा उत्तराखण्ड से प्रकाशित | महानगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 4 रुपया

तृतीयं चन्द्रघण्टा



मां दुर्गाजी की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्र उपासना में तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है और इस दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन-आराधन किया जाता है। इस दिन साधक का मन 'मणिपूर' चक्र में प्रविष्ट होता है। इस देवी की कृपा से साधक को अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं। दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है और कई तरह की ध्वनियां सुनाई देने लगती हैं। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी माना गया है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरन्तर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी और सद्गति देने वाला है। इस देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चन्द है। इसीलिए इस देवी को चन्द्रघण्टा कहा गया है। इनके शरीर का रंग सोने के समान बहुत चमकीला है। इस देवी के दस हाथ हैं। वे खड्ग और अन्य अस्त्र-शस्त्र से विभूषित हैं। पुष्पांजलि अर्पित करने का मंत्र है-

'पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥'

बाइक को मारी टक्कर, तीन भाइयों की मौत

बदायूं। बदायूं के बिसौली क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। स्कूल वैन की टक्कर से एक बाइक पर सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों चचेरे-तहेरे भाई थे। उनका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह हादसा सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे मदनजुड़ी गांव के पास हुआ। इस हादसे में हत्सा गांव निवासी निखिल उर्फ नितिन 19 रोहन 20 और ऋषभ 18 की जान चली गई। ये तीनों चचेरे-तहेरे भाई थे। गंभीर रूप से घायल शिवा 18 वर्ष को जिला अस्पताल भेजा गया है। शिवा का हाल ही में अग्निवीर में चयन हुआ था। चारों दोस्त शिवा को दवा दिलाने के लिए बिसौली कस्बा जा रहे थे। वे सभी एक ही बाइक पर सवार थे। बाइक रोहन चला रहा था, जिसने करीब दो महीने पहले ही एक नई बाइक खरीदी थी।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा विपक्ष

गठबंधन के 11 नेताओंने दाखिल की याचिका

राहुल-अखिलेश और तेजस्वी समेत 10 दलोंके नेता याचिकाकर्ता, बाराखंबासे शीर्ष अदालत तक निकाला मार्च

नयी दिल्ली (आससे.)। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ कांग्रेस और विपक्षी दलों ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव समेत 10 विपक्षी दलों के 11 नेताओं ने याचिका दाखिल की। इसमें निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पक्षकार बनाया गया है। याचिका से पहले विपक्षी नेताओं ने दिल्ली के बाराखंबा से सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला। इसमें राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव समेत विभिन्न विपक्षी दलों के नेता शामिल हुए। कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों ने भी मार्च में भाग लिया। नेता बसों, खुली



विपक्षी नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट तक निकाला मार्च

गाड़ियों और पैदल मार्च करते हुए शीर्ष अदालत की ओर बढ़े। सुरक्षा के मद्देनजर मार्ग पर बैरिकेडिंग बढ़ाई गई थी। इससे पहले राहुल गांधी ने एक संवाददाता सम्मेलन में विपक्ष के मार्च को शिवजी की बारात की संज्ञा देते हुए कहा कि इसमें कोई भी शामिल हो सकता है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि आंदोलन जारी रहेगा और प्रदर्शन स्थल बदलने से कथित गड़बड़ियां नहीं छिपाई जा सकतीं। उन्होंने इसे लोकतंत्र बचाने की लड़ाई बताया। दरअसल, विपक्षी सांसदों ने रविवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत को पत्र लिखकर मुलाकात और ज्ञापन सौंपने के लिए समय मांगा था। हालांकि, मुख्य न्यायाधीश ने मिलने से इनकार करते हुए उन्हें याचिका दाखिल करने का रास्ता सुझाया था। इसके बाद विपक्ष ने अदालत में याचिका दाखिल की। विपक्ष के इस कदम पर भाजपा ने पलटवार किया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी के आरोपों पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश को आरोप नहीं, सबूत चाहिए। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी कांग्रेस पर चुनावी हार का ठीकरा संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़ने का आरोप लगाया। विपक्षी दल एसआईआर की प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग की भूमिका पर लगातार सवाल उठा रहे हैं। सोमवार का मार्च इसी विरोध का हिस्सा था।

ज्ञानेश कुमार को बचा रही मोदी सरकार-राहुल



चुनावमें धांधली के सबूत मांगने पर ठप कर दी गयी राजधानी

नयी दिल्ली (आससे.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव में कथित धांधली, 'वोट चोरी' और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला जारी रखा है। उन्होंने सवाल उठाया कि देश की राजधानी दिल्ली को किले में क्यों तब्दील कर दिया गया है और लोगों को यहां पहुंचने से क्यों रोका जा रहा है। राहुल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ज्ञानेश कुमार को बचा रही है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त को इस्तीफा देने की सलाह देते हुए कहा कि उन्हें अपने कथित कृत्यों के लिए जिम्मेदारी लेनी चाहिए।राहुल गांधी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और उन्होंने लोकतंत्र तथा चुनाव की निष्पक्षता पर गंभीर चिंता जताते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा था। उनके मुताबिक, मुख्य न्यायाधीश ने उन्हें याचिका दाखिल करने का निर्देश दिया है। राहुल ने बताया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेता आज ही सुप्रीम कोर्ट जाकर याचिका दाखिल करेंगे। उन्होंने संविधान और लोकतंत्र की रक्षा में विश्वास रखने वाले सभी लोगों से इस पहल का समर्थन करने की अपील की। राहुल ने कहा कि विपक्ष की लड़ाई केवल सड़कों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राजनीतिक, कानूनी और जनमत के स्तर पर भी लड़ी जा रही है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में बैरिकेडिंग करके लोगों की आवाज नहीं दबाई जा सकती। विपक्ष केवल यह सवाल पूछ रहा है कि चुनाव में धांधली नहीं हुई, इसका प्रमाण दिया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी सवाल के कारण राजधानी को ठप करने जैसी स्थिति पैदा कर दी गई है।मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को निशाने पर लेते हुए राहुल ने उनसे सरकारी गवाह बनने और पद छोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार इस पूरे मामले के मुख्य साजिशकर्ता नहीं हैं, लेकिन उन्होंने गलती की है और इस्तीफा देना देश की सेवा होगी। राहुल ने दावा किया कि चुनाव प्रक्रिया में लाखों लोगों के अधिकार छीने गए हैं और इसका जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास इस मामले से जुड़ी जानकारी है और वह उचित मंच पर इसे उठाएगा।राहुल गांधी ने सरकार पर प्रदर्शनकारियों, युवाओं और महिलाओं के खिलाफ दमन का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि लोगों में यह धारणा बनाने की कोशिश की जा रही है कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से डरा हुआ है, जबकि विपक्ष यह संदेश देना चाहता है कि भारत किसी से डरने वाला नहीं है।

अब किसानोंको बिल नहीं, बिजली आती है-योगी

गोरखपुर (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर में बाढ़, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि एवं चक्रवात से प्रभावित कृषकों को कृषि निवेश अनुदान राशि के रूप में डीबीटी के माध्यम से 493 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक सप्ताह में प्रदेश में बड़े पैमाने पर फसल को नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर जनहानि और पशुहानि भी हुई है। डबल इंजन की सरकार ने मात्र 8 से 10 दिन के अंदर अपने अन्नदाता किसानों को फसल, मकान और पशुधन की क्षति का मुआवजा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री ने 2017 के पहले की सपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि तब बिजली नहीं आती थी, लेकिन बिल आता था। अब स्थिति बदल गई है। अब अन्नदाता किसान का बिल नहीं आता, बल्कि बिजली आती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश के 9,18,091 कृषकों के खातों में 493 करोड़ रुपये सीधे भेजे जा रहे हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अन्नदाता किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए सरकार के प्रयासों का हिस्सा है। इस वर्ष केवल बरसात के दौरान ही अब तक प्रदेश के आपदा प्रभावित किसानों और नागरिकों को लगभग 1,000 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जा चुके हैं। सीएम ने कहा कि अतिवृष्टि, चक्रवात और बाढ़ से जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 1.20 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराई गई है। यह राशि 493 करोड़ रुपये की फसल क्षति सहायता में शामिल नहीं है, बल्कि अलग से दी जा रही है। जिन लोगों के मकान पूरी तरह बह गए या नष्ट हो गए, उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत तत्काल आवास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए भी नियमानुसार मुआवजा दिया जा रहा है। पशुहानि के मामलों में भी सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। कोई जनहानि होती है तो संबंधित परिवार को 24 घंटे के अंदर चार लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के आधार पर जिन जनपदों की सर्वे रिपोर्ट सरकार को मिली, वहां किसानों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई गई है। यह राशि सीधे अन्नदाता किसान के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पहुंच रही है। यह भी सुनिश्चित किया गया है कि सहायता राशि में कोई बिचौलिया न हो और पैसा सीधे किसान तक पहुंचे। अगर किसान को 25 हजार रुपये की सहायता स्वीकृत हुई, तो सीधे उसके खाते में पूरे 25 हजार रुपये ही जाएंगे।सीएम ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय राजीव गांधी ने स्वयं कहा था कि सरकार 100 रुपये भेजती है, लेकिन जमीन पर पहुंचते-पहुंचते केवल 15 रुपये बचते हैं।



बाढ़, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि और चक्रवात प्रभावित 9.18 लाख किसानों के खातोंमें भेजी 493 करोड़ की सहायता राशि

राजस्थान में पूर्व भाजपा विधायक की हत्या

जयपुर। राजस्थान के भरतपुर जिले के भोंडा गांव में पूर्व भाजपा विधायक अतर सिंह भड़ाना की हत्या के बाद पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ तेज कर दी है। पुलिस ने अब तक 10 लोगों को हिरासत में लिया है, जबकि एफआईआर में 31 लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस की दबिश के बीच कई ग्रामीणों के गांव छोड़कर जाने की भी सूचना है। पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा ने बताया कि मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 के तहत हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। घटना के बाद गांव में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।पूर्व विधायक अतर सिंह भड़ाना की रविवार देर रात जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो



10 हिरासत में, 31 नामजद

गई थी। भोंडा गांव स्थित खनन स्थल पर कथित तौर पर ग्रामीणों ने उन पर हमला कर दिया था। घायल अवस्था में उन्हें पहले वैर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर कर दिया गया। भड़ाना की पत्नी कमलेश भड़ाना की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, कुछ लोग कथित तौर पर जबरन खनन स्थल में घुसे और उनके पति पर लाठियों से हमला किया। हमले में वह बेहोश हो गए।



लैंडमाइन धमाके में लश्कर के टाप कमांडर समेत चार आतंकी ढेर

जम्मू (आससे.)। पुंछ जिले में लाइन आफ कंट्रोल (एलओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश करते समय एक लैंडमाइन धमाके में लश्कर-ए-तैयबा के



एलओसीके पास घुसपैठ की कोशिश

एक टाप कमांडर समेत कम से कम चार आतंकवादी मारे गए।सरकारी सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों का यह ग्रुप आज देर दोपहर कृष्णा घाटी (केजी) सेक्टर के नंगी टेकरी इलाके में इस तरफ घुसने की कोशिश कर रहा था, तभी वे एक माइनफील्ड (बारूदी सुरंग वाले इलाके) की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि जबरदस्त धमाके में चारों आतंकवादी मौके पर ही मारे गए। मारे गए लोगों की पहचान मंडला, मदारपुर, तहसील हजीरा, जिला पुंछ (पाक कब्जे वाले कश्मीर) के रहने वालों के तौर पर हुई है। इनकी पहचान मोहम्मद इशियाक, मोहम्मद फ़ैज़ान (लश्कर के टाप कमांडर), मोहम्मद वकास और मोहम्मद आसिम के रूप में की गई है।यह बताना जरूरी है कि घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम करने के लिए एलओसी के पास के अग्रिम इलाकों में घुसपैठ-रोधी ग्रिड के तहत भारी मात्रा में बारूदी सुरंगें (माइन्स) बिछाई गई हैं। इस वजह से, घुसपैठ करने वाले ग्रुप अक्सर इन बारूदी सुरंगों वाले इलाकों को पार करते समय हताहत होते हैं।

एफआईआर होगी दर्ज पर कारवाई पर रहेगी रोक, पंजाब सरकार को सुप्रीम राहत

नयी दिल्ली (आससे.)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को निर्देश दिया कि सीबीआई पंजाब सरकार से जुड़े लोगों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई न करे। सीबीआई राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही है। यह आदेश पंजाब सरकार की उस याचिका पर आया है जिसमें हाई कोर्ट के उस निर्देश पर रोक लगाने की मांग की गई थी, जिसमें सीबीआई को राज्य सरकार से जुड़े लोगों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने और दो महीने के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया था। जस्टिस एमएम सुंदेश और पीबी वराले की बेंच ने केंद्र, सीबीआई, ईडी और अन्य को नोटिस जारी किया। बेंच ने कहा, हम एफआईआर पर रोक नहीं लगा रहे हैं। हम कह रहे हैं कि कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए।

अब जंतर-मंतरपर प्रदर्शनका रास्ता बंद, तीन नये ठिकाने तय

नयी दिल्ली (आससे.)। गृह मंत्रालय की समिति की सिफारिशों के आधार पर दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर को विरोध-प्रदर्शन स्थल की सूची से हटा दिया है। अब प्रदर्शन के लिए रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और पूर्वी दिल्ली के सीबी मैदान को चिह्नित किया गया है। इन स्थलों के लिए संशोधित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) अलग से जारी की जाएगी। नया आदेश 28 अप्रैल 2022 के पुराने आदेश में आंशिक बदलाव है। हाल ही में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रस्तावित प्रदर्शन के मद्देनजर दिल्ली में सुरक्षा और यातायात संबंधी सख्ती की गई थी। इसी बीच, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को विपक्ष के प्रस्तावित प्रदर्शन के मद्देनजर नई दिल्ली और मध्य दिल्ली में करीब 30 स्थानों पर यातायात प्रतिबंधों और मार्ग परिवर्तन की चेतावनी दी है। धौला कुआं, पटेल चौक, कनॉट प्लेस, मंडी हाउस, जंतर-मंतर रोड, संसद मार्ग और टॉलस्टॉय मार्ग सहित कई प्रमुख मार्ग प्रभावित हो सकते हैं।



सीजेआई के इस्तीफे की मांग पर बार एसोसिएशन ने जतायी आपत्ति

नयी दिल्ली (आससे.)। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत के इस्तीफे की मांग करने वाले सोशल मीडिया बयानों की निंदा की है। एसोसिएशन ने कहा कि इस तरह की टिप्पणियां न्यायपालिका की संस्था को कमतर दिखाती हैं और न्याय प्रशासन में हस्तक्षेप की कोशिश के समान हैं। 12 अक्टूबर 2026 को जारी प्रस्ताव में एससीबीए ने कहा कि हर व्यक्ति को कानून के अनुसार अदालतों का रुख करने और उचित राहत मांगने का अवसर मिलता है।





यूपी बोर्ड : हाई स्कूल एवं इंटर की परीक्षाएं पांच फरवरी से

लखनऊ (आससे.)। माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 5 फरवरी से शुरू होगी। भगवती सिंह सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जानकारी देते हुए बताया कि यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 5 फरवरी से शुरू होकर 24 फरवरी को समाप्त होगी। बीस कार्य दिवस में आयोजित यूपी बोर्ड परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम बोर्ड द्वारा जारी कर दिया गया है। 6 फरवरी को सामाजिक विज्ञान हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट में शिल्प कला की परीक्षा होगी। 9 फरवरी को हाई स्कूल की मानव विज्ञान तथा इंटरमीडिएट में नागरिक शास्त्र विषय की परीक्षा होगी। 10 फरवरी को हाई स्कूल में अंग्रेजी तथा इंटरमीडिएट में परिधान सजा धुलाई रंगाई, टेक्सटाइल मधुमक्खी पालन की परीक्षा होगी। 12 फरवरी को हाई स्कूल में गृह विज्ञान की परीक्षा होगी। 13 फरवरी को हाई स्कूल गणित तथा इंटरमीडिएट में जीव विज्ञान तथा गणित अर्थशास्त्रविषय की परीक्षा होगी। 15 फरवरी को हाई स्कूल में संस्कृति तथा इंटरमीडिएट अर्थशास्त्र संगीत गायन रसायन विज्ञान समाजशास्त्र की परीक्षा होगी। 16 फरवरी को हाई स्कूल में गुजराती ,पंजाबी ,बंगला, मराठी तथा इंटरमीडिएट में कृषि भौतिक एवं जलवायु विज्ञान विषय की परीक्षा होगी। 17 फरवरी को हाई स्कूल में विज्ञान तथा इंटरमीडिएट में भौतिक विज्ञान,फोटोग्राफी रेडियो तथा टेलीविजन ऑटोमोबाइल विषय की परीक्षा होगी। 18 फरवरी को हाई स्कूल में कंप्यूटर तथा सिलाई तथा इंटरमीडिएट की चित्रकला आलेखन चित्रकला प्राविधिक विषय की परीक्षा होगी । 19 फरवरी को हाई स्कूल में वाणिज्य तथा इंटरमीडिएट में मानव विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित होगी। 20 फरवरी को हाई स्कूल में उर्दू तथा इंटरमीडिएट में मनोविज्ञान शिक्षा शास्त्र विषय की परीक्षा होगी । 23 फरवरी को हाई स्कूल में संगीत गायन ,पाली ,अरबी ,फारसी तथा इंटरमीडिएट में पाली, अरबी, फारसी तथा लेखाशास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित होगी । 24 फरवरी को हाई स्कूल में कृषि तथा इंटरमीडिएट में कंप्यूटर एवं संस्कृत विषय के साथ परीक्षा समाप्त होगी।

बोर्डने जारी किया परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन पूजी गयी माता ब्रह्मचारिणी

बरेली (आज समाचार सेवा)। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन आज माता माता ब्रहचारिणी की विधि विधानपूजा अर्चना की गयी। मंदिरों में श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर सुख समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। देवी मंदिरों में देर रात तक माता के जयकारे गूजते रहे। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन कालीबाड़ी मंदिर पर भी अन्य दिनों की अपेक्षाकृत अधिक भीड़ भाड़ रही, यहां पर भी प्रातः आरती के उपरान्त ही भक्तों के आने का सिलसिला प्रारम्भ हो गया जो देररात तक चलता रहा। भक्तों ने माता का दर्शन कर पूजा अर्चना की और जयकारे भी लगाये। बदायूं रोड स्थित,चौरासी घंटा मंदिर में भी पूरे दिन भक्तों का भीड़ बनी रही यहां पर महिलाओं ने देवी का दर्शन कर पूजा अर्चना की और भक्ति के गीत भी गाये। साहूकारा स्थित नौ देवी मंदिर में भी देवी के नौ स्वरूपों की बहुत ही आकर्षक ढग से सजावट की गयी थी लोगों ने यहां माता का दर्शन कर पूजा अर्चना की यहां पर मेले जैसा माहौल देखने को मिला यहां खान पान मनोरंजन व बच्चों के खिलौने की दुकाने सजी रही। मान्यता के अनुरूप नवरात्र के दूसरे दिन ब्रहचारिणी दुर्गा की पूजा अराधना होती है। मां भगवती का ब्रहचारिणी



स्वरूप भक्तों और सिद्धों को फल देने वाली है। तप त्याग वैराग्य सदाचार संयम की की वृद्धि होती है जीवन के कठिन संघर्ष संगठनों में भी उनका मन कर्तव्य पथ से विचलित नहीं होता है।

राम - सीता विवाह के साथ ही 14 जोड़े दाम्पत्य बंधन में बंधे, राम बारात शोभायात्रा निकली

नवाबगंज (आज ब्यूरो)। नगर में चल रहे रामलीला दशहरा मेले में आज सीता - राम के विवाह की लीला हुई । इससे पूर्व नगर में देवी - देवताओं की मनोहारी झांकियों के साथ राम बारात निकाली गई जो राधा टाकीज से आरम्भ होकर प्रमुख मार्गो पर होती हुई देर रात रामलीला मैदान पहुंची । इस अवसर पर राम और सीता माता के विवाह के साथ ही रामलीला सोसाइटी की ओर से 14 कन्यायों का वास्तविक विवाह भी कराया गया । विधि विधान के साथ हुए इस आयोजन में श्रद्धालुओं की ओर से नव - दम्पतियों को भारी दान दहेज भी दिया गया । मेलाध्यक्ष शिशुपाल



सिंह गंगवार के नेतृत्व में निकली राम बारात में विधायक डा0 एमपी आर्य , पालिकाध्यक्ष पति नीरेन्द्र सिंह राठौर , विहिप जिलाध्यक्ष बाबूराम गंगवार व रामलीला सोसाइटी के पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया । कल मंगलवार को राम वनगमन की लीला होगी ।

मुख्यमंत्री आज शहर में, सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त

बरेली क्लब मैदान में करेंगे जनसभा ग्राम प्रहरियों को करेंगे सम्मानित



बरेली (आज समाचार सेवा)। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल मंगलवार को यहां आ रहे हैं। लखनऊ से चलकर मुख्यमंत्री पुलिस लाइन पहुंचेंगे यहां पर ग्राम प्रहरियों को सम्मानित करेंगे। इसके उपरान्त सर्किट हाउस जायेंगे। यहां पर कुछ समय मुख्यमंत्री का आरक्षित रखा गया है संभावना है कि यहां पर पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा करेंगे इसके बाद वह सीधे बरेली क्लब मैदान पहुंचेंगे जहां पर बरेली मुरादाबाद शिक्षक विधान परिषद सीट से पार्टी प्रत्याशी हरि सिंह ढिल्लो के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उनकी सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। चप्पे चप्पे पर भारी पुलिस बल की तैनाती कर कड़ी निगहबानी की जायेगी ।जनसभा स्थल तक भीड़ को पहुंचने में कोई असुविधा न हो इसलिए रूट डायवर्जन कर बड़े वाहनों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री कल जायेंगे। यहाँ पर उनका 12. 50 से 01.50 बजे तक का लगभग एक घंटे का समय आरक्षित रखा गया है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि वह यहां पर पार्टी के कुछ वरिष्ठ



हेलीकॉप्टर से लखनऊ से चलकर 11. 40 बजे पुलिस लाइन पहुंचेंगे। यहाँ पर आयोजित सम्मान समारोह में वह बरेली मुरादाबाद मंडल के नौ जिलों के पांच हजार ग्राम प्रहरियों को सम्मानित करेंगे। इसके उपरान्त वह सड़क मार्ग से सर्किट हाउस नेताओं के साथ चर्चा करेंगे इसके बाद वह सीधे बरेली क्लब मैदान पहुंचेंगे जहां पर बरेली मुरादाबाद शिक्षक विधान परिषद सीट से पार्टी प्रत्याशी हरि सिंह ढिल्लो के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके उपरान्त मुख्यमंत्री 3.20 बजे यहां से सड़क मार्ग से पुलिस लाइन पहुंचेंगे यहां से हेलीकॉप्टर से वापस लखनऊ लौट जायेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जन सभा स्थल पर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। शहर में प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री की सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। मुख्यमंत्री के आगमन से लेकर वापसी तक के सभी रास्तों पर बैरिकेटिंग कर पुलिस बल की तैनाती की गई है। चप्पे चप्पे पर भारी पुलिस बल की तैनाती कर कड़ी निगहबानी की जायेगी ।जनसभा स्थल तक भीड़ को पहुंचने में कोई असुविधा न हो इसलिए रूट डायवर्जन कर बड़े वाहनों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। शहर की सीमाओं से ही बड़े वाहनों को रूट डायवर्जन कर अन्य रास्तों से भेजा जायेगा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी देर रात तक तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे।

दहेज हत्या के मामले में पति समेत तीन गिरफ्तार

बरेली (आज समाचार सेवा)। इज्जतनगर थाना पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे पति समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को थाना क्षेत्र के रोड नंबर आठ से गिरफ्तार किया। ।पुलिस के अनुसार, 11 अक्टूबर को डायल-112 के माध्यम से इज्जतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम गिरधारीपुर में आत्महत्या की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिवानी वर्मा (21) पत्नी वीरेंद्र के शव का पंचायतनामा भरकर आवश्यक कार्रवाई की। शिवानी की शादी 27 अप्रैल को गिरधारीपुर निवासी वीरेंद्र पुत्र अशोक के साथ हुई थी ।मृतका के भाई सुमित वर्मा निवासी शांति विहार, थाना सुभाषनगर की तहरीर पर पुलिस ने पति वीरेंद्र समेत आठ अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक आफताब खान, महिला उपनिरीक्षक पायल, महिला मुख्य आरक्षी रेखा चौधरी, आरक्षी आशीष तोमर और रिजर्व आरक्षी रोहित कुमार शामिल रहे।

न्यूज अपडेट

ओवरलोड ट्रेक्टर ट्राली ने बाइक सवार को कुचला,मौत

नवाबगंज (आज ब्यूरो)। नगर से गुजर रहे हाईवे पर आज प्रातः धान लदी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार को कुचल दिया, इस हादसे में बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति की पहचान जिला पीलीभीत के चंदोई गांव निवासी मोहम्मद नवी पुत्र बरकतउल्ला के रूप में हुई। वह मकान निर्माण का ठेका लेकर काम करते थे। हादसे की खबर मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया ।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना आज सुबह करीब आठ बजे की है। मोहम्मद नवी किसी काम से बाइक पर सवार होकर बरेली जा रहे थे। इसी दौरान बरखन तिराहे के पास मिट्टी से भरी ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद ट्रॉली का पहिया उनके ऊपर चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई ।सूचना मिलने पर डायल 112 और थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मृतक की पहचान करने का प्रयास किया। उनकी जेब में मिले आधार कार्ड और पैन कार्ड से शिनाख्त हुई। इसके बाद शव को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज भेज दिया गया। चिकित्सको द्वारा मृत घोषित करने के बाद पुलिस ने शव को पीएम हेतु महानगर भेज दिया ।सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में चीख-पुकार मच गई और रोते बिलखते परिजन भी यहां पहुंच गए ।

महिला सशक्तिकरण व विधिक जागरूकता शिविर आयोजित





बरेली (आज समाचार सेवा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली के अध्यक्ष माननीय जनपद न्यायाधीश श्री प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय के कुशल मार्गदर्शन में आज रविन्द्र नाथ टैगोर इंटर कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव द्वारा छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, शिक्षा के महत्व एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करते हुए अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने और स्वावलंबी बनने हेतु प्रेरित किया गया ।बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत हाईस्कूल परीक्षा में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली तीन छात्राओं को प्रोत्साहनस्वरूप स्कूल बैग, छाता एवं मग प्रदान किए गए ।महिला कल्याण विभाग की कोऑर्डिनेटर श्रीमती रिंकी सैनी ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मिशन शक्ति एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों सहित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। पराविधिक स्वयंसेवक प्रभा देवी ने छात्राओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम एवं क्ष्र्ब्स्ह् ष्ठ के संबंध में जागरूक किया ।कार्यक्रम में महिला थाना की थानाध्यक्ष, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षिकाएं तथा पराविधिक स्वयंसेवक श्री भुवनेश कुमार, सुश्री पूजा एवं सुश्री प्रभा देवी उपस्थित रहे।

अतिवृष्टि, चक्रवात व जलभराव से प्रभावित किसानों को कृषि निवेश अनुदान वितरित

बरेली (आज समाचार सेवा) पिछले दिनों अतिवृष्टि, चक्रवात और जलभराव से प्रभावित फसल क्षति के किसानों को कलेक्ट्रेट सभागार में वन मंत्री अरुण कुमार की अध्यक्षता में कृषि निवेश अनुदान का वितरण किया गया। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ गोरखपुर में मुख्यमंत्री जी द्वारा 493 करोड़ की राहत राशि का वितरण करते हुए किया गया। जनपद बरेली में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य तथा विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. सी. वर्मा, एम.पी. आर्य एवं डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने स्वागत भाषण में बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप फसल क्षति का तत्काल आकलन कराया गया। लगभग 5,000 किसानों को 2 करोड़ से अधिक की राशि के वितरण का शुभारंभ हुआ। प्रथम चरण में आयोजित इस कार्यक्रम में आज एक साथ 1,837 किसानों को ?61,61,650 की धनराशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। शेष धनराशि के वितरण के लिए त्वरित निर्देश दिए गए। सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि कोई भी प्रभावित किसान अनुदान राशि से वंचित न रहे सभी ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना और सरकार की नीतियों के प्रति आभार जताया ।**लाभार्थियों का तहसीलवार विवरण**तहसील बहेड़ी: रोशन लाल, सत्यपाल पटेल, देव प्रकाश आदि। तहसील नवाबगंज: लीलावती, शांति पाल, छोटे लाल आदि। तहसील फरीदपुर: बीना यादव, नरेश पाल आदि। तहसील मीरगंज: पारूल राजपूत, सोमपाल, सत्यप्रकाश आदि। तहसील सदर: बिलोकरी, ओमकार, प्रेमपाल आदि। तहसील आंवला: जमुना प्रसाद, मैना देवी, नत्थू लाल आदि।

वांछित वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बिशारतगंज (आज ब्यूरो)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली द्वारा चलाए जा रहे वारंटी एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी आंवला के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम थाना प्रभारी प्रदीप कुमार चतुर्वेदी उप निरीक्षक प्रमोद कुमार कांस्टेबल अकरम राईन द्वारा वांछित अभियुक्त रोहित उर्फ मोहित पुत्र प्रदीप कुमार, निवासी ग्राम अतरछेड़ी, थाना बिशारतगंज, उम्र करीब 24 वर्ष को उसके मकान से गिरफ्तार किया।

दस वर्षीय बालक संदिग्ध हालात में घर से गायब

फतेहगंज पूर्वी (आज ब्यूरो) । नगर की मोहल्ला मुगलान पूर्वी निवासी राजीव गुप्ता उर्फ राजू ने बताया कि उसके साडू का बेटा हर्षित गुप्ता उम्र 10 वर्ष पिछले 8 दिन पूर्व हमारे घर मेहमानी में आया था जो कि जनपद शाहजहांपुर के कलान गांव का रहने वाला है सोमवार सुबह 10 वर्षीय हर्षित गुप्ता घर से बगैर कहे सुने कहीं चला गया काफी खोजबीन करने के उपरांत भी बालक का नहीं पता नहीं चला तो रिश्तेदारियों में बालक के बारे में मालूमात की गई लेकिन फिर भी हर्षित का कोई पता नहीं चला यहां बता दें कि हर्षित के पिता संदीप गुप्ता की मृत्यु हो चुकी है वह अपनी मौसी के यहां नगर फतेहगंज पूर्वी में आया हुआ था और सुबह 10:00 बजे से अचानक कहीं गुम हो गया घर वालों ने परेशान होकर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस बच्चे की सरगर्मी से तलाश कर रही है। वही परिवार वाले भी बच्चे की खोजबीन में लगे हुए हैं बच्चे के मौसा राजू गुप्ता ने बताया कि बच्चे की मानसिक हालत कुछ ठीक नहीं है वहीं नगर के सोशल मीडिया ग्रुपो में बच्चों की फोटो डालकर लोगों से बच्चे को पहचान कर सकुशल घर पहुंचने की अपील की गई है रिश्तेदार और घर वाले भी बच्चे की खोजबीन में जुटे हुए हैं।

महिला के साथ लाखों की ठगी, मुकदमा दर्ज

बहेडी(आज ब्यूरो) । बहेडी दवा लेने आई एक महिला को दो ठगो ने अपनी बातो मे उलझाकर उससे उसका डेढ लाख के करीब के सोने के जेवरात मंगलसूत्र और कांनो के कुन्डल ठंग कर ले गए। मामले की रिर्पोट थाना बहेडी मे दो अज्ञात ठगो के विरुद्ध दर्ज कराई गई है ।जानकारी के अनुसार थाना बहेडी क्षेत्र के ग्राम खगाई नागर निवासी रामकली पत्नी सीता राम घरसे अपनी दवा लेने नगर के पंजावी कालोनी के समीप स्थित एक अस्पताल मे आई थी। दवा लेने के बाद वह रिक्शे के इन्तेजार मे खडी थी। तभी उसके पास दो लोग नामपता अज्ञात आए और बाले माता जी जो तुम कुन्डल और मंगलसूत्र पहने हो इनको उतार कर एक कागज रख दो। और मन से माता का नाम लो, और घर जाकर और गंगा जल से धोकर गहने पहन लेना। दोनो ठगो की बातो मे आकर महिला ने अपने कांनो के कुन्डल और गले का मगलसूत्र कागज पर रख दिए ।

बरेली सिनेमा
जगत में
ता 9 से रोजाना 3 शो
रेट 40 60
(रिलीज के साथ)
दी वीवान

बरेली से आन्दोलन पहुंचे बड़ी संख्या में कांग्रेस

बरेली (आज समाचार सेवा) । जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष /मीडिया प्रभारी जिया उर रहमान ने बताया कि देश में लोकतंत्र की रक्षा, भारत निर्वाचन आयोग से जवाबदेही और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी के आह्वान पर दिल्ली में हुए विरोध प्रदर्शन , मार्च में आज जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी के नेतृत्व में बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए । जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने बताया कि पिछले दो दोनों से जिला प्रशासन और पुलिस कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को लगातार रोकने में लगी हुई थी। दिल्ली पहुंचने वालों में पूर्व चेयरमैन ईलयास अंसारी, हेमेंद्र शर्मा एडवोकेट, डॉ हरीश गंगवार, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कृष्णकांत शर्मा, जीशान अफरीदी, राजा राम साहू, आादि मौजूद रहे ।

अवैध तमंचे, कारतूस व चोरी की बाइक के साथ शातिर गिरफ्तार

आंवला(आज ब्यूरो) । आंवला के अलीगंज थाना पुलिस ने एक शातिर अपराधी को पकड़ा है। उसे सूदनपुर की ओर से आते समय पकड़ा गया। उसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध तमंचा-कारतूस मिले हैं। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर कोर्ट भेजा।10 अक्टूबर को पुलिस गश्त पर थी। सूदनपुर से आ रहे बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया। वह भागा, लेकिन टीम ने घेरकर पकड़ लिया। तलाशी में 315 बोर का अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल मिली ।आरोपी सौरभ पुत्र वीरपाल, अलीगंज के धनेती खरगपुर का रहने वाला है। उसने बताया कि मोटरसाइकिल पंजाब से चुराई थी और तमंचा शौक के लिए रखता था। पुलिस ने 12 अक्टूबर को उसे कोर्ट भेजा। पकड़ने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रसून कुमार, हेड कांस्टेबल योगेन्द्र सिंह, कांस्टेबल रोहित कुमार और कांस्टेबल अभिषेक कुमार शामिल थे।

चरस के साथ पुलिस ने युवक को दबोचा

बहेडी(आज ब्यूरो) । बीती रात्रि पुलिस ने गश्त के दौरान दिल्ली निवासी एक युवक को 130 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है ।बीती रात्रि थाना गश्त के दौरान दरोगा तेजपाल सिंह, हेड कास्टेबिल विकास पंवार और हेड कास्टेबिल राजीब कुमार की टीम ने घेराबन्दी करके आरोपी को दबोच लिया। जामा तलाशी मे उसके पास से 130 ग्राम चरस बरामद हुई । पकडे गए युवक ने पुलिस को अपना नाम शहजाद पुत्र शाहिद हुसैन निवासी उत्तरी दिल्लीके बुराड़ी स्थित बजीराबाद गाँव का रहने वाला है। पुलिस ने पकडे गए युवक को जेल भेज दिया है।

प्रशिक्षण को गंभीरतापूर्वक पूर्ण करें प्रत्येक बारीकी को समझें :डीएम

बरेली (आज समाचार सेवा) । उत्तर प्रदेश विधान परिषद शिक्षक निर्वाचन-2026 के दृष्टिगत सोमवार



को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कैंट स्थित रवीन्द्र नाथ टैगोर इंटर कॉलेज में निर्वाचन संबंधी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा उपस्थित मतदान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियों को गंभीरतापूर्वक समझने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मतदान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए सभी कार्मिक प्रशिक्षण को गंभीरतापूर्वक पूर्ण करें तथा निर्वाचन से संबंधित छोटी से छोटी जानकारी को भी भली-भांति आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और यदि किसी बिंदु पर कोई संशय हो, तो उसका समाधान प्रशिक्षण के दौरान ही कर लिया जाए, ताकि निर्वाचन के समय किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण को सावधानीपूर्वक समझने तथा प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी के अनुसार अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार, कॉलेज की प्रधानाचार्य वंदना मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

हलचल

कस्तूरबा गांधी विद्यालय में महिलाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

आंवला(आज ब्यूरो) । आंवला में मिशन शक्ति अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सोमवार को महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ ।इस कार्यक्रम में महिला पुलिसकर्मियों ने ग्रामीण महिलाओं और बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उपनिरीक्षक कैलाश चंद ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और साइबर अपराध पर बात की ।एलएचसी किरण मणि ने आपातकालीन स्थितियों के लिए 1090, 112, 181, 1098 और 1076 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को बिना संकोच मदद लेने को कहा ।मुख्य महिला आरक्षी रेनू केसरवानी ने बालिकाओं को 'गुड टच-बैड टच' समझाया और आत्मरक्षा के गुर सिखाए।

14 साल से लापता किशोर 'महात्मा' बनकर घर लौटा

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला थाना पुलिस ने 14 साल पहले लापता हुए एक किशोर को ढूंढ निकाला है। प्रमोद कुमार (वर्तमान उम्र करीब 30 वर्ष) 16 साल की उम्र में घर से भागा था। पुलिस ने बताया कि उसे सकुशल बरामद कर परिजनों से मिला दिया। परिवार में खुशी का माहौल है ।पुलिस के मुताबिक, गौटिया वीरपुरा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र नारायण 04 सितंबर 2013 को घर से लापता हो गया था। परिजनों ने आंवला थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रमोद ने बताया कि वह 'बड़ा आदमी' बनने की चाहत में घर छोड़कर गया था ।घर छोड़ने के बाद वह हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, लुधियाना और हिमाचल प्रदेश जैसे कई राज्यों में भटका। बाद में देहरादून के पास रायवाला में महात्मा बन गया। हाल ही में आंवला का वीडियो देखकर उसे परिवार की याद आई और वह लौट आयाथाना आंवला पुलिस ने आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद प्रमोद को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस सराहनीय कार्य को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बीनू सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक (स्व्द्ध) धर्मपाल सिंह, हेड कांस्टेबल ब्रजकिशोर और कांस्टेबल विक्रांत यादव शामिल रहे। वर्षों बाद अपने बेटे को सामने देख माता-पिता की आँखें छलक आईं और उन्होंने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

गोकशी मामले में हिंदू रक्षा दल ने सौंपा ज्ञापन

आंवला(आज ब्यूरो) । आंवला में गोकशी मामले पर हिंदू रक्षा दल ने सख्त रुख अपनाया है। संगठन के संरक्षक गणेश गिरी महाराज ने सोमवार को सीओ आंवला हेमंत उपाध्याय से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने गोवध निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामले में स्थानीय आरोपियों के नाम शामिल करने की मांग की है ।महाराज ने बताया कि 9 अक्टूबर 2026 को आंवला पुलिस ने सिकरोड़ा भट्टे के पास गोकशी करते कुछ बाहरी आरोपियों को पकड़ा था। हिंदू रक्षा दल का आरोप है कि इस घटना में स्थानीय लोगों और भट्टा संचालकों की मिलीभगत है ।उन्होंने आरोप लगाया कि एक दोस्त की बेटी की शादी के लिए बाहरी लोगों से दो गायें कटवाई गईं।

यूरिया खाद दिलाने के नाम पर ठगी, किसान से 58 हजार ऐंठे

आंवला(आज ब्यूरो) । आंवला में यूरिया खाद दिलाने के नाम पर एक किसान से 58,000 की धोखाधड़ी हुई है। पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया है ।बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को यारा फर्टिलाइजर कंपनी का कर्मचारी बताकर किसान पंकज कुमार यादव से पैसे ऐंठे। न खाद मिली, न फोन उठा ।पंकज ने पुलिस को बताया कि 22 जुलाई 2026 को उन्हें अज्ञात नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने यूरिया खाद दिलाने के लिए 58,000 एक अकाउंट में डालने को कहा। पंकज ने उसी दिन पैसे ट्रांसफर कर दिए ।खाद न मिलने और फोन बंद होने पर पंकज को ठगी का पता चला। उन्होंने 23 जुलाई 2026 को नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत की। कंपनी ने बताया कि उस नंबर का कोई व्यक्ति उनके यहां काम नहीं करता। पुलिस ने बताया कि अज्ञात आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

सामूहिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण, गंदगी देख दिए निर्देश

आंवला(आज ब्यूरो) । आंवला में एसीएमओ डॉ. अजमेर सिंह ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अचानक निरीक्षण किया, जिससे अस्पताल स्टाफ में हलचल मच गई। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।एसीएमओ ने परिसर में साफ-सफाई, हाजिरी रजिस्टर, टीकाकरण कक्ष और ओपीडी का निरीक्षण किया। गंदगी मिलने पर डॉ. सिंह नाराज हुए। उन्होंने स्टाफ को तुरंत साफ-सफाई और दवाइयों के सही रखरखाव के सख्त निर्देश दिए ।ष्ट।ष्ट की पुरानी बिल्डिंग जर्जर थी। एसीएमओ ने मरीजों की सुरक्षा के लिए अस्पताल को जल्द नई बिल्डिंग में शिफ्ट करने के निर्देश दिए ।डॉक्टरों के चैंबर के बाहर भीड़ देखकर वार्ड बॉय को हिदायत दी गई। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो और चैंबर में बेवजह भीड़ न लगे। निरीक्षण में डॉ. मोहम्मद सलीम, फार्मासिस्ट नरेंद्र सिंह, किशन सिंह समेत स्टाफ मौजूद रहा।

द्वारकेश चीनी मिल में बॉयलर पूजन संपन्न

फतेहगंज पूर्वी(आज ब्यूरो) । थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित द्वारकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के वर्ष 2026 एवं 27 के सत्र में गन्ना पिराई के लिए सोमवार सुबह को विद्यवत रूप से बॉयलर पूजन कर करने के उपरांत अग्नि प्रवेश कराया गया इस अवसर पर इकाई प्रमुख एवं सभी विभागों के अध्यक्ष एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे विधि विधान से पूजन करने के उपरांत भगवान द्वारकाधीश माता ब्रह्मचारिणी से गन्ना पिराई सत्र2026 27 को पूर्णता सफल करने के लिए भगवान से प्रार्थना की गई इस अवसर पर प्रेस नोट जारी करते हुए इंडस्ट्रीज के प्रवक्ता ने कहा कि मां ब्रह्मचारिणी की कृपा से और श्री द्वारकाधीश के आशीर्वाद से सन् 2026 एवं 27 के आगामी पिराई के लिए विद्वत पूजन किया गया है और कार्य में सफलता प्राप्त करने की भगवान से प्रार्थना की गई है समस्त क्षेत्र में खुशहाली हो एवं इंडस्ट्रीज निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हो ऐसी हम प्रभु से कामना करते हैं इस अवसर पर द्वारकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड का समस्त स्टाफ मौजूद

भाकियू ने गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर किया घरना प्रदर्शन

बहेड़ी(आज ब्यूरो) । भारतीय किसान टिकेट ने गन्न .भुगतान और बिजली से जुड़ी समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में घरना दिया ।तराई क्षेत्र के प्रदेश अध्यक्ष सरदार बलजिन्दर सिंह मान की अध्यक्षता में यह प्रदर्शन हुआ,इसमें काफी संख्या मे कृर्षक पहुंचे। और उन्होने जल्द गन्ना भुगतान एव बिजली विभाग की समस्याओं के समाघान की माँग की । घरनेका संचालन भाकियू टिकेतके प्रदेश मीडिया प्रभारी चौधरी अजीत सिंह ने किया इस दौरान बरेली मंडल अध्यक्ष सतबिन्दर सिंह कहलो समेत कई किसान पदाधिकारी मौजूद रहे।

ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार को मारी टक्कर महिला घायल

फतेहगंज पूर्वी (आज ब्यूरो)। थाना क्षेत्र की बाईगूल पुल के पास जनपद पीलीभीत के बरखेड़ा थाना निवासी गांव हुकमा के रहने वाले अनिल गंगवार 30 साल व उनकी पत्नी अर्चना गंगवार 28साल सोमवार देर शाम को बाइक द्वारा अपनी ससुराल मलूकापुर थाना कटरा जा रहे थे की पुल से पहले ही रॉन्ग साइड कटरा की तरफ से ओवरलोड लकड़ी भर कर आ रही तीव्र गति के ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे पीछे बैठी अर्चना गंगवार के पैरों में गंभीर चोटें आई है सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार हेतु भेजा है यहां बता दें कि हाईवे पर रोज ही दर्जनों की संख्या में ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली लकड़ी भरे हुए निकलते हैं वहीं लकड़ी भरे ट्रैक्टर ने बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी अनिल गंगवार भी मामूली रूप से घायल हुए हैं लेकिन उनकी पत्नी अर्चना गंगवार के पैरों में गंभीर चोट लगने के कारण बुरी तरीके से लहू लहुआन हो गई है।

श्री रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ, विधायक ने किया उद्घाटन


बिशारतगंज (आज ब्यूरो)। नगर पंचायत बिशारतगंज में पावन श्री रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ रात्रि लगभग 9 से 10 बजे के बीच हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक श्री राघवेंद्र शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री आदेश प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री नेमचंद मौर्य एवं श्री राजू उपाध्याय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान रामलीला महोत्सव समिति के पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं क्षेत्रीय लोगों की उपस्थिति रही ।मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का जीवन सत्य, धर्म, त्याग और आदर्शों का अनुपम उदाहरण है। रामलीला महोत्सव भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं, आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देता है। कार्यक्रम के दौरान प्रभु श्रीराम से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई ।इस अवसर पर रामलीला महोत्सव समिति के संस्थापक डॉ. चंद्रसेन गुप्ता, संरक्षक लाला श्रीराम साहू एवं राजेंद्र मित्तल, अध्यक्ष मुनेंद्र गौतम, कोषाध्यक्ष नकुल गोस्वामी, महामंत्री नितिन साहू एवं महेश साहू, मंच प्रभारी डॉ. हरीश वर्मा, मेला प्रभारी रमेश यादव, पंडित रवि मिश्रा, भानु गोस्वामी, बृजेश आजाद, ओमप्रकाश साहू, पवन गोस्वामी, आशीष कुमार, गौरव वर्मा, विनोद गोस्वामी, नानकराम सागर, राधेश्याम साहू, शिव कुमार साहू, राम रतन साहू, बंटू शर्मा, गुड्डू भारती, मुरारी लाल वाल्मीकि, बबलू मौर्य उर्फ बल्ले, सूरजपाल मौर्य एवं पूर्व अध्यक्ष केशव मौर्य सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी अपनी पुलिस टीम के साथ उपस्थित रहे।

पुलिस ने कांग्रेसियों को दिल्ली जाने से रोका

फतेहगंज पश्चिमी (आज ब्यूरों)। कांग्रेस पार्टी के आला कमान के आवाहन पर कई गाड़ियों का काफिला लेकर दिल्ली जा रहे पूर्व जिलाध्यक्ष रामदेव पाण्डेय, पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह, जिला सचिव मुदित प्रताप सिंह सहित तमाम कांग्रेस नेताओं को थाना प्रभारी प्रवीन कुमार चौकी आदेश कुमार ने पुलिस टीम के साथ टोल प्लाजा पर नाकाबंदी करके कांग्रेसियों को दिल्ली जाने से रोका और सख्त हिदायतें देते हुए आगे बढ़ने से मना कर दिया, उसके बाद कांग्रेसियों ने टोल प्लाजा पर सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

ड्यूटी से लौट रहे युवक को ऑटो ने मारी टक्कर, गम्भीर घायल

बरेली (आज समाचार सेवा)। फीनिक्स मॉल में ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहे एक युवक को डोहरा मोड़ के पास ऑटो ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए गंगाशील अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल के पैर में चार जगह फैक्चर होने के साथ ही चेहरे पर भी गंभीर चोटें आई हैं। बारादरी थाना क्षेत्र के हजियापुर निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र सूर्य प्रकाश फीनिक्स मॉल में



ड्यूटी करता है। ड्यूटी समाप्त करने के बाद वह देर रात करीब चार बजे घर लौट रहा था। इसी दौरान डोरा मोड़ पर ऑटो संख्या यूपी 25 जीटी 3573 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनके पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में सूर्य प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे गंगाशील अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है। घायल के पिता ने बारादरी पुलिस से मामले में कार्रवाई करने की मांग की है।

तमंचा व कारतूस समेत एक गिरफ्तार

सीबीगंज (आज ब्यूरों)। गश्त के दौरान थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक स्थान पर छापा मारकर तमंचा व जिंदा कारतूस समेत एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। सीबीगंज थाना प्रभारी विनोद सिंह के मुताबिक बीती रात्रि परसाखेड़ा चौकी इंचार्ज पवन कृष्ण फोर्स के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान जैसे ही वे बिजली घर स्थित नहर पर पहुंचे कि टीन शेड द्वारा बनी झोपड़ी के समीप एक युवक संदिग्ध खड़ा दिखाई पड़ा। पुलिस को आता देख आरोपी भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने घेरा बंदी कर उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। जामा तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का एक अदद नाजायज तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अमित पुत्र सुरेश वाल्मीकि निवासी हैदराबाद उर्फ खड़ौआ बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

राजनीतिक भागीदारी नहीं मिलने से प्रजापति समाज में आक्रोश

बरेली (आज समाचार सेवा)। प्रजापति समाज की राजनीतिक भागीदारी और भारतीय जनता पार्टी में कथित उपेक्षा को लेकर बरेली में नाराजगी सामने आई है। प्रजापति एकता मंच, बरेली की प्रबंध समिति की बैठक में समाज के प्रतिनिधियों ने भाजपा पर परंपरागत मतदाताओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए आगामी चुनाव में पार्टी को वोट और समर्थन नहीं देने का सर्वसम्मत निर्णय लिया। बैठक में समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करने और गांव से लेकर शहर तक लोगों को इस मुद्दे पर जागरूक करने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। 11 अक्टूबर को आंवला क्षेत्र के मोहल्ला मुंजा टोला में जिलाध्यक्ष दुलार सिंह प्रजापति की अध्यक्षता में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्रजापति समाज उत्तर प्रदेश की आबादी में लगभग चार प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। समाज का दावा है कि जनसंघ के समय से लेकर भाजपा के बढ़ते जनाधार तक उसने पार्टी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के मामले में उसकी



लगातार अनदेखी की जा रही है। जिलाध्यक्ष दुलार सिंह प्रजापति ने कहा कि बरेली महानगर में प्रजापति समाज की ओर से दावेदारी करने के बावजूद समाज के किसी व्यक्ति को पार्षद का टिकट तक नहीं दिया जाता और न ही उचित प्रतिनिधित्व मिलता है। उन्होंने इसे समाज की राजनीतिक उपेक्षा का उदाहरण बताते हुए कहा कि जनाधार में योगदान देने वाले समाज को निर्णय प्रक्रिया में भी भागीदारी मिलनी चाहिए। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र कुमार प्रजापति ने कहा कि समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूरन लाल प्रजापति एडवोकेट जनसंघ के समय से ही भाजपा को समर्थन देते आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से पार्टी के लिए काम करने वाले कर्मठ और कुशल कार्यकर्ताओं को शासन, संगठन तथा विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर उचित अवसर नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बरेली मंडल के प्रजापति समाज को निगम, आयोग, बोर्ड, विधान परिषद और राज्यसभा जैसे मंचों पर पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। इसी नाराजगी के चलते बैठक में सर्वसम्मति से आगामी चुनाव में भाजपा को वोट और समर्थन नहीं देने का निर्णय लिया गया। मंच के उपाध्यक्ष डॉ. भरत लाल प्रजापति ने कहा कि प्रजापति एकता मंच जनजागरण यात्रा निकालकर गांव-गांव और नगर-नगर तक समाज के लोगों को भाजपा द्वारा की जा रही कथित उपेक्षा से अवगत कराएगा। उन्होंने कहा कि समाज को अपने राजनीतिक अधिकारों और भागीदारी के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है। बैठक का संचालन मंच के महामंत्री जोगराज प्रजापति ने किया। इस दौरान नगर महामंत्री सोनू प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजकुमार आचार्य, संगठन मंत्री डॉ. हीरालाल प्रजापति, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष रामसेवक प्रजापति, ठाकुर दास प्रजापति, राजपाल प्रजापति और खुशी राम प्रजापति सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।

स्टेडियम प्रीमियर लीग में नाथनगरी बरेली का ट्रॉफी पर कब्जा

बरेली (आज समाचार सेवा)। स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली में बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही अंडर-19 स्टेडियम प्रीमियर लीग में आज फाइनल मुकाबला तूफानी टाइगर श्रॉफ नाथ नगरी बरेली के बीच खेला गया टॉस जीतकर तूफानी टाइगर्स के कप्तान मोहित कुमार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवरों में सभी विकेट खोकर मात्र 95 रन ही बना सके जिसमें संदीप कुमार ने शानदार 32 और कैफ हसन शानदार 24 रनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका नाथ नगरी के लिए गेंदबाजी में हर्ष श्रीवास्तव ने तीन विशाल वर्मा ने भी तीन विकेट प्राप्त किए जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए नाथ नगरी ने लक्ष्य तीन विकेट खोकर 15.4 ओवर में प्राप्त कर लिया जिसमें विशाल वर्मा ने 25 अभिमन्यु ज्वाला ने 26 और आर्यन



ने 20 रनों की बहुमूल्य पारी खेली तूफानी टाइगर्स के लिए ईशान ने दो और मनोज ने एक विकेट प्राप्त किया इस प्रकार यह मैच नाथनगरी ने सात विकेट से जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा किया आज के मैन ऑफ द मैच विशाल वर्मा नाथ नगरी किंग्स के और पूरे ही टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अभी शुक्ला सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज आर्यन सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज ईशान राठौर सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर मोहित कुमार सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र रक्षण हिमांशु मोर्य आदि लोग रहे अंत में आज के मुख्य अतिथि कैंट विधायक माननीय संजीव अग्रवाल एवं सुपुत्र श्री श्याम बिहारी ईशान ग्वाल बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी करनल सीताराम सक्सेना आदि अतिथियों ने बरेली क्रिकेट में एक अलग उदयमान और अपनी पहचान उत्तर प्रदेश के पटल पर बरेली का नाम लिखवाने के लिए शिवकुमार राठी को सम्मानित एवंविजेता उपविजेता और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया आज के मैच की अंपायरिंग अरुण कुमार और जितेंद्र ने की इस अवसर पर मोहम्मद कमर अनूप जाकमोला नाजिम अली अब्दुल जीशान अजय आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे अंत में टूर्नामेंट आयोजन नितेश भारद्वाज ने सभी खिलाड़ियों एवं निर्णायक और दर्शकों का आभार व्यक्त किया

एमजेपीआरयू में नशामुक्त भारत बनाने को विद्यार्थियों ने ली शपथ

बरेली (आज समाचार सेवा)। नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत के संकल्प अभियान के अंतर्गत महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय के बी.एड./ एम.एड. विभाग में छात्र एवं अध्यापकों द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार राय की प्रेरणा से नशे से दूर रहने एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता लाने की शपथ ली गई। सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक एकत्रित हुए तथा विभागाध्यक्ष प्रो संतोष अरोड़ा ने सभी को संबोधित किया एवं समाज में और विशेष रूप से युवा पीढ़ी में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति से बचने की अपील की । युवाओं को अपने कैरियर एवं आगामी जीवन के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु कठिन परिश्रम करना चाहिए एवं सही मार्ग से भटकाने वाले अलग अलग प्रकार के नशों से दूर रहना चाहिए । इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ विनल कुमार ने सभी को नशा न करने की एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज में जागरूकता लाने एवं स्वस्थ जीवन जीने की शपथ दिलायी । सभी विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने शपथ ली तत्पश्चात कार्यक्रम पूर्ण हुआ



जेपीएम कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया

बरेली (आज समाचार सेवा)। जमुना प्रसाद मेमोरियल कॉलेज, बरेली में आज 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में महाविद्यालय के समस्त विभागों के विभागाध्यक्षों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कक्षाओं, गलियारों, मैदान एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई कर श्रमदान किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. मनोज कांडपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ परिसर सकारात्मक सोच, बेहतर एकाग्रता और बेहतर शैक्षिक वातावरण का निर्माण करता है। स्वच्छता का उद्देश्य केवल कचरा हटाना नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनना और स्वच्छ आदतों को अपनी दिनचर्या में अपनाना है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने आसपास स्वच्छता रखे, तो स्वस्थ समाज और स्वच्छ भारत का संकल्प स्वत: पूरा होगा। इस अवसर पर अंकुर टंडन, अमरीश गंगवार, डॉ. अपर्णा कटियार, डॉ. मोहम्मद नईम, डॉ. यशपाल सिंह, डॉ. वंदना शर्मा सहित समस्त विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



सरस्वती शिशु मंदिर नैनीताल मार्ग रहा महानगर में अब्बल

बरेली (आज समाचार सेवा)। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर नैनीताल मार्ग बरेली ने अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिता में बरेली महानगर संकुल में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना नाम रोशन किया अंताक्षरी प्रतियोगिता में एक तरफा हुए मुकाबले 4अंक की अपेक्षा 12 अंकों से प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान रामपुर बाग बरेली का रहा गीत,कथाकथन, एवं कला प्रतियोगिता में रामपुर बाग को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्कृति ज्ञान प्रश्न संस्कृत में निकटतम संघर्ष तक मुकाबला करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया आचार्य पत्र वाचन में विद्यालय के आचार्य संजीव उपाध्याय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भैया बहनों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंध समिति एवं विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्ति किया विजयी सभी प्रतिभागी प्रांतीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए दीनदयाल नगर मथुरा में दिनांक 27, 28, 29 अक्टूबर को प्रधानाचार्य संजीव कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में सहभागिता करेंगे। उक्त जानकारी शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश के जिला मीडिया प्रभारी राजेश कुमार शर्मा ने दी।



लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 125 वीं जयंती मनाई



बरेली (आज समाचार सेवा)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बरेली के अध्यक्ष मुकेश सक्सेना की अध्यक्षता में अनुपम नगर बदायूँ रोड स्थित मुख्यालय पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 125 वीं जयंती मनाई गई। अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने कहा उन्हें 'लोकनायक' जनता के नेता और 'जेपी' के नाम से जाना जाता था, उन्होंने 1974 में इंदिरा गांधी की सरकार के खिलाफ 'संपूर्ण क्रांति' का ऐतिहासिक आह्वान किया था। वर्ष 1965 में जनसेवा के लिए रमन मैग्सेसे पुरस्कार मिला। वर्ष 1999 में उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। जयंती समारोह में वीरेंद्र रायजादा, संतोष सक्सेना, राजेश सक्सेना, श्यामदीप सक्सेना, मनोहर लाल जौहरी, अमित आनंद, शिवाजी सक्सेना, रजनी सक्सेना आदि शामिल हुए।

वन नेशन वन इलैक्शन नामक बुक का विमोचन

बरेली (आज समाचार सेवा)। खुशलोक हॉस्पिटल के सभागार में वन नेशन वन इलैक्शन नामक बुक का विमोचन वन एवम पर्यावरण मंत्री श्री अरुण सक्सेना,केंट विधायक संजीव अग्रवाल,आर्युवेद सलाहकार समिति के अध्यक्ष मनोज थपलियाल, अनुसूचित जाति जन जाति आयोग उत्तरप्रदेश के सदस्य उमेश कठेरिया,फतेहगंज पश्चमी के ब्लाक प्रमुख सतेंद्र यादव, खुशलोक हॉस्पिटल के डॉ विनोद पागरानी द्वारा किया गया। पुस्तक की सम्पादिका डॉ लक्षलता प्रजापति व सौम्या यादव है। डॉ अरुण सक्सेना ने इस अवसर पर एक देश एक चुनाव की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे देश की वर्तमान में सबसे बड़ी आवश्यकता बताया बार बार-चुनाव होने से देश की सचिंत निधि पर पड़ने वाले अतिरिक्त भार से देश की आर्थिक स्थिति पर होने वाले प्रतिकूल प्रभावों को विशेष रूप से इंगित किया। संजीव अग्रवाल ने भारतीय लोकतंत्रात्मक व्यवस्था को मजबूत करने के साधन के रूप में व्यक्त किया। नीतिगत निरंतरता,मतदाताओं की सुविधा,सरकारी कर्मचारियों को राहत,विकास कार्यो में कम व्यवधान व चुनावी खर्च में कमी आदि को माननीय विधायक विशेष रूप से बताया पुस्तक की सम्पादिका डॉ लक्षलता प्रजापति ने एक देश एक चुनाव से देश पर पड़ने वाले सकारात्मक व नकारात्मक प्रभावों को विस्तार से बताया चुनाव में निर्वाचनआयोग के आयुक्त के अधिकार व शक्तियां,चुनाव का परिसीमन,क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की भूमिका,चुनावी हिंसा जैसे मामलों पर भी डॉ लक्षलता प्रजापति ने अपने विचार रखे। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में श्री सी एल प्रजापति,अम्बरीष कठेरिया,योगेश कुमार,विनोद वर्मा,चन्द्रसेन,मुनीश,डी एन मिश्रा, एस डी शर्मा,धर्मवीर,प्रतीक,बुशरा आदि उपस्थित रहे।



पुलिस ने कांग्रेसियों को दिल्ली जाने से रोका, टोल प्लाजा पर पुलिस रही मुस्तैद

फतेहगंज पश्चिमी (आज ब्यूरों)। कांग्रेस पार्टी के आला कमान के आवाहन पर कई गाड़ियों का काफिला लेकर दिल्ली जा रहे पूर्व जिलाध्यक्ष रामदेव पाण्डेय, पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह, जिला सचिव मुदित प्रताप सिंह सहित तमाम कांग्रेस नेताओं को थाना प्रभारी प्रवीन कुमार चौकी आदेश कुमार ने पुलिस टीम के साथ टोल प्लाजा पर नाकाबंदी करके कांग्रेसियों को दिल्ली जाने से रोका और सख्त हिदायतें देते हुए आगे बढ़ने से मना कर दिया, उसके बाद कांग्रेसियों ने टोल प्लाजा पर सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष रामदेव पाण्डेय सहकारिता प्रकोष्ठ के चेयरमैन रामरतन शर्मा ने कहा कि वर्तमान जन विरोधी सरकार लोकतांत्रिक व्यवस्था का मजाक बनाने में जुटी हुई है यह जन भावनाओं की आवाज को दबाने का असफल प्रयास कर रही है कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी के विराट व्यक्तित्व के आगे सरकार बौनी साबित हो चुकी है और अपनी कुटिल चालों से देश को बर्बाद कर रही है उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत की जागरूक जनता भाजपा के अलोकतांत्रिक मंसूबों को कभी भी सफल नहीं होने देगी।

विरासत की परंपरा को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे संजय अग्रवाल

बरेली (आज समाचार सेवा)। संजय अग्रवाल राम कुमार अग्रवाल परिवार की तीसरी पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं, जो वर्ष 1930 से चली आ रही उत्कृष्ट आभूषण कला, बेजोड़ कारीगरी और ग्राहकों के अटूट विश्वास की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। पारिवारिक विरासत से गहरे जुड़ाव और आभूषणों के प्रति विशेष लगाव ने उन्हें इस क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाई है। महज 16 वर्ष की आयु में उन्होंने अपने दादाजी, स्वर्गीय राम कुमार अग्रवाल के साथ कार्य करना प्रारंभ कर दिया था। बचपन से ही आभूषणों की दुनिया को करीब से देखने और समझने का अवसर मिलने के कारण उनके भीतर आभूषणों की बारीक कारीगरी, उत्कृष्ट गुणवत्ता और पारंपरिक कला के प्रति गहरी रुचि विकसित हुई। समय के साथ यही रुचि उनका जुनून बन गई और उन्होंने पारिवारिक परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। **ग्राहकों के विश्वास और व्यक्तिगत पसंद को देते हैं प्राथमिकता** संजय अग्रवाल अपने सरल, विनम्र और सहज स्वभाव के लिए पहचाने जाते हैं। उनका मानना है कि आभूषण केवल सुंदरता बढ़ाने का माध्यम नहीं, बल्कि भावनाओं, रिश्तों और जीवन के अनमोल पलों से जुड़ी एक विशेष पहचान हैं। इसी सोच के साथ वे प्रत्येक ग्राहक की पसंद, आवश्यकता और भावनाओं को समझते हुए उन्हें उपयुक्त आभूषण चुनने में मार्गदर्शन प्रदान करने पर जोर देते हैं। उनके लिए प्रत्येक ग्राहक विशेष है और प्रत्येक आभूषण की अपनी एक अलग कहानी है। यही व्यक्तिगत दृष्टिकोण और वर्षों का अनुभव उनके कार्य को विशिष्ट बनाता है। **'विरासत' राम कुमार अग्रवाल जेम्स एंड ज्वेल्स' की परिकल्पना** अपने लंबे अनुभव, पारंपरिक आभूषण कला की समझ और आधुनिक ग्राहकों की बदलती पसंद को ध्यान में रखते हुए संजय अग्रवाल ने 'विरासत बाय राम कुमार अग्रवाल जेम्स एंड ज्वेल्स' की परिकल्पना की है। यह पहल वर्षों से अर्जित विश्वास, अनुभव और पारिवारिक परंपरा को एक नए स्वरूप में आगे बढ़ाने का प्रयास है। इस नई शुरुआत के माध्यम से उनका उद्देश्य पारंपरिक मूल्यों को संजोते हुए आधुनिक ग्राहकों की अपेक्षाओं के अनुरूप आभूषणों की दुनिया को और अधिक विशिष्ट बनाना है। वर्ष 1930 में स्थापित इस विरासत की पहचान आज भी गुणवत्ता, विश्वास, आत्मीयता और उत्कृष्ट कारीगरी जैसे मूल्यों से जुड़ी हुई है। संजय अग्रवाल की यह यात्रा दर्शाती है कि जब अनुभव, परंपरा और आधुनिक सोच का संगम होता है, तो विरासत केवल अतीत की पहचान बनकर नहीं रह जाती, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी बनती है। 'विरासत' केवल एक नाम नहीं, बल्कि पीढ़ियों से संजोए गए विश्वास, संस्कार और अपनों के आशीर्वाद का प्रतीक है।



चाचा के साथ बात कर रहे युवक पर लाठी-डंडों से हमला

क्योलड़िया (आज ब्यूरों)। थाना क्षेत्र में चाचा के साथ बातचीत कर रहे एक युवक के साथ मारपीट करने और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर क्योलड़िया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत धाराएं लगाई गई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक नवाबगंज थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव निवासी राकेश कुमार पुत्र रामचंद्र ने बताया कि 5 अक्टूबर 2026 को शाम करीब साढ़े चार बजे वह ठिरिया वनोजान चौराहे पर सामान खरीदने आया था। इसी दौरान वह अपने चाचा छोटे लाल से बातचीत कर रहा था। आरोप है कि तभी ठिरिया वनोजान निवासी मुकेश कुमार पुत्र बनीराम लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंचा और मां-बहन की गालियां देने लगा। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उसके पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। प्रकरण में क्योलड़िया थाने में 5 अक्टूबर 2026 को रात 11:24 बजे एफआईआर संख्या 0332 दर्ज की गई। एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 352 और 351(3) के साथ एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धाराएं 3(1)(द), 3(1)(ध) और 3(2)(1a) दर्ज हैं।

सूचना

मेरा नाम Sanjay Dev Singh Bhadauria है तथा पिता का नाम Devendra Singh Bhadauria हैं उपरोक्त स्पेलिंग सही हैं। संजय देव सिंह भदौरिया पुत्र श्री देवेन्द्र सिंह भदौरिया निवासी ग्राम सिमरा बोरीपुर तहसील व जिला बरेली। PCN 8764

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा **आज** हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित
वाराणसी-संत कबीर मार्ग,**गोरखपुर**-बैंक रोड,**प्रयागराज**-3 लीडर रोड,**कानपुर**-बांस मण्डी,**झांसी**-झोंकन बाग, **लखनऊ**-1 जापलिंग रोड, **आगरा**-महात्मा गांधी रोड, **पटना**-फ्रेजर रोड, **रांची**-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**- न्यू काली माटी रोड साकची।

सम्पादकः
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय प्रबन्धक
संजीव कृष्ण त्रिपाठी

वर्ष-37 पूर्ण संख्या-13263

आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189

दूरभाष
9412293665

ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com

रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99

पी.आर.वी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी फार्मा ईटीएफ

बरेली (आज समाचार सेवा)। भारत के फार्मास्युटिकल उद्योग में बढ़ते अवसरों के बीच आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी फार्मा ईटीएफ लॉन्च किया है। यह एक ओपन-एंडेड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड है, जिसके जरिए निवेशक ईटीएफ निफ्टी फार्मा इंडेक्स में शामिल कंपनियों के प्रदर्शन से जुड़ा निवेश कर सकेंगे। इस लॉन्च के साथ फंड हाउस ने अपने सेक्टोरल श्रृंखला पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। इस फंड का न्यू फंड ऑफर 12 से 19 अक्टूबर 2026 तक खुला रहेगा। इसमें न्यूनतम 1,000 रुपये से निवेश किया जा सकता है, जबकि इसके बाद 1 रुपये के गुणकों में निवेश की सुविधा होगी। बिजनेस, विपिन भंडारी ने कहा, 'भारतीय फार्मा उद्योग अब पारंपरिक जेनेरिक दवाओं से आगे बढ़कर इंजेक्टेबल दवाओं, विशेष उपचार वाली दवाओं और बायोलॉजिक्स जैसे जटिल एवं उच्च मूल्य वाले क्षेत्रों में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है। वैश्विक दवा कंपनियों की ओर से बायोसिमिलर और कॉन्ट्रैक्ट डेवलपमेंट एंड मैन्युफैक्चरिंग जैसी सेवाओं की बढ़ती मांग से भारतीय कंपनियों के लिए नए अवसर बन रहे हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी फार्मा ईटीएफ के जरिए निवेशक इस बदलते परिदृश्य में स्थापित फार्मा कंपनियों के समूह में निवेश का अवसर पा सकते हैं। इन कंपनियों की वैश्विक बाजारों में भी मजबूत उपस्थिति है। 'भारत का फार्मा उद्योग वैश्विक स्वास्थ्य सेवा आपूर्ति श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। देश दुनिया में दवाओं का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है और मात्रा के लिहाज से वैश्विक जेनेरिक दवा आपूर्ति में इसकी हिस्सेदारी करीब 20% है। किफायती एचआईवी उपचार और कम लागत वाले टीकों की उपलब्धता में भी भारतीय कंपनियों का अहम योगदान है। देश के फार्मा उद्योग का मौजूदा बाजार आकार करीब 60 अरब डॉलर है। इस क्षेत्र में 3,000 से अधिक कंपनियां, 10,500 विनिर्माण इकाइयां और 60 उपचार श्रेणियों में 60,000 जेनेरिक ब्रांड शामिल हैं। वर्ष 2031 तक बाजार के 80 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी के हेड - रिटेल भारतीय फार्मा उद्योग में आगे बढ़ने की संभावनाएं घरेलू मांग और निर्यात से मिल रहा सहारा देश में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, दवाओं तक बेहतर पहुंच और पुरानी बीमारियों के इलाज की बढ़ती जरूरत फार्मा उद्योग की वृद्धि को गति दे रही है। जून 2026 में भारतीय फार्मा बाजार में सालाना आधार पर 13.5% की वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें नई दवाओं की लॉन्चिंग का भी योगदान रहा।

श्री श्री 1008 श्री महाराजा अग्रसेन जी की 5151 वीं जयन्ती पर महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में विश्व शान्ति की कामना से किया हवन-पूजन

बरेली (आज समाचार सेवा)। महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में श्री 1008 श्री महाराजा अग्रसेन जी की 5151 वीं जयन्ती का कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय प्रांगण में पूजा-पाठ एवं यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें महाराजा अग्रसेन शिक्षा समिति (रजि.), बरेली के संरक्षक सदस्य एवं कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल (फन सिटी), महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल (राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित), गिरीश चन्द्र अग्रवाल, संजीव औतार अग्रवाल, सुशील कुमार मित्तल, डॉ. नुपुर गोयल, प्रदीप अग्रवाल, केदारनाथ अग्रवाल, अविनाशी लाल अग्रवाल, सुधान्शु अग्रवाल, के. पी. गोयल, दिनेश अग्रवाल (दाल मिल वाले), आदि पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए। सभी ने यज्ञ में आहूति देकर महाविद्यालय की उन्नति एवं सतत् विकास एवं वैश्विक शान्ति की मंगलकामना की। प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल ने प्रबन्ध समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का स्वागत एवं अभिनन्दन दिया। संयुक्त राज्य अमेरिका से आई रितु गर्ग ने भी यज्ञ आहुति देकर विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में चीफ प्राक्टर डॉ. विपुल मेहरोत्रा, डॉ. रेशू जौहरी, डॉ. सुमित अग्रवाल, अजीत सिंह, डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा, संचित कक्कड़, मंयक शर्मा, शोभित अग्रवाल, संजीव कुमार सक्सेना, प्रथमेश कुमार, डॉ. आकाश गंगवार, आदि का विशेष योगदान रहा।



उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास निगम लि0 पर्यटन भवन, सी-13, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ 226010

दिनांक- 12-10-26

नीलामी सूचना

समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि निष्प्रोज्य सामानों की निलामी दिनांक 17 अक्टूबर, 2026 को शनिवार के दिन यथावत प्रात: 10:00 बजे कोटेशन प्राप्त कर एवं सिक्यूरिटी की धनराशि पूर्व में जमा कर के पूर्ण की जायेगी।

उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लि0 द्वारा **राही पर्यटक आवास गृह बरेली** में दिनांक 17 अक्टूबर, 2026 को प्रात: 10:00 बजे इकाई के निष्प्रोज्य घोषित सामग्रियों की जहाँ है जैसी है स्थिति में नीलामी की जायेगी। निलामी में प्रतिभाग करने हेतु सिक्योरिटी रूपये दस हजार (रू0 10,000/- मात्र) UPSTDC बरेली के नाम नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा। साथ ही फर्म का जी0एस0टी0 पंजीकरण आधार की छायाप्रति लेखानुभाग में जमा करना होगा।

प्रतिभाग करने वाली फर्म एवं समस्त नीलामी प्रक्रिया को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार उ0प्र0राज्य पर्यटन विकास निगम लि0 का होगा।

सम्पर्क सूत्र-9415608122 **प्रबन्धक**

नपा चौराहे पर स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के सम्मुख दीपक जलाकर धूमधाम से मनाई गई जयंती

–आज समाचार सेवा–

पूरनपुर (पीलीभीत)। नगर पालिका परिषद कार्यालय के सामने स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के सम्मुख दीपक जलाकर उनकी जयंती को धूमधाम से बनाया गया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष नितिश अग्रवाल के नेतृत्व में समाजवाद के प्रणेता, समाज को एकता का संदेश देने वाले और व्यापारी समाज के मार्गदर्शक महाराजा अग्रसेन की जयंती पूरनपुर में बेहद श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत में व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज जैन व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल सहित पदाधिकारियों और व्यापारियों ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर तिलक वंदन कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उनकी प्रतिमा के सम्मुख दीपक जलाकर और भव्य आरती उतारकर सुख–समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन को भोग लगाया गया और उपस्थित सभी लोगों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि महाराजा अग्रसेन का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने हमेशा %एक ईंट और एक रुपया% का सिद्धांत देकर समाज में समानता और आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा दिया। आज का व्यापारी वर्ग उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने के साथ–साथ समाज सेवा में भी हमेशा तत्पर रहता है। कार्यक्रम में संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों सहित दर्जनों की संख्या में स्थानीय व्यापारी व नागरिक उपस्थित रहे। जिन्होंने महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। जिसमें प्रमुख रूप से महामंत्री विकास गुप्ता, युवा अध्यक्ष संजीव यादव, महामंत्री सुभाष गुप्ता, अंकित अग्रवाल, मयंक गुप्ता, सूर्यांश वर्मा, राहुल गुप्ता, अनुज गुप्ता, धनराज वर्मा, अंतरिक्ष देवल, शानू गुप्ता, आशीष गुप्ता सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

रम्पुरा कोन में विकसित भारत जी राम जी अभियान का शुभारंभ, मुख्य अतिथि ने किया श्रमदान

–आज समाचार सेवा–

पूरनपुर (पीलीभीत)। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और गांवों के विकास को गति देने के उद्देश्य से रमपुरा कोन में विकसित भारतङ्कजी राम जी विशेष रोजगार सृजन दिवस का सोमवार दोपहर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक बाबूराम पासवन ने फीता काटकर अभियान की शुरुआत की। इसके बाद स्वयं फावड़ा उठाकर श्रमदान किया और ग्रामीणों को भी श्रमदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि एमएलए बाबूराम पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा–निर्देशों में ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाने तथा विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। गांवों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने से विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि गांवों की मजबूती से ही प्रदेश और देश की समृद्धि का रास्ता प्रशस्त होगा। ऐसे अभियान ग्रामीणों को विकास कार्यों से जोड़ने के साथ सामूहिक सहभागिता की भावना को भी मजबूत करते हैं। इस मौके पर ग्राम पंचायत के जन प्रतिनिधि सहित विकास विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

भाकियू टिकैत ने धान खरीद और खाद की ऑनलाइन टोकन व्यवस्था के विरोध में धरना देकर किया प्रदर्शन

–आज समाचार सेवा–

पूरनपुर (पीलीभीत)। धान खरीद और धान की ऑनलाइन टोकन व्यवस्था के विरोध में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने धरना देकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान किसान यूनियन के नेताओं ने किसानों के हित की कई मांगों को मंडी प्रशासन के समक्ष रखा।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने सोमवार दोपहर 12 बजे धान खरीद में देरी और खाद वितरण की ऑनलाइन टोकन व्यवस्था के विरोध में शासन–प्रशासन से किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान कराने की मांग को लेकर संगठन के जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी सहित अन्य पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। सरकारी धान खरीद शुरू नहीं होने से किसान अपनी उपज कम दामों पर बेचने को मजबूर हैं। संगठन ने जिले के सभी सरकारी क्रय केंद्र तत्काल चालू कराने, प्रत्येक केंद्र पर प्रतिदिन 600 क्विंटल धान की तौल कराने और खरीद सीमा 37 से बढ़ाकर 70 क्विंटल प्रति हेक्टेयर करने की मांग की। रविवार को भी खरीद जारी रखने तथा राइस मिलों के स्टॉक और नमी मापक यंत्रों की जांच कराने पर जोर दिया गया। वहीं खाद वितरण में ऑनलाइन टोकन व्यवस्था का विरोध करते हुए संगठन ने खतौनी के आधार पर सीधे खाद उपलब्ध कराने की मांग की। किसानों का कहना है कि सर्वर और पोर्टल की समस्याओं से उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है। धरना प्रदर्शन के दौरान किसान संगठन के कई पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के अलावा भारी संख्या में किसान मौजूद है।

हिन्दू संगठन के हस्तक्षेप पर फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी पर मुकदमा दर्ज

–आज समाचार सेवा–

पूरनपुर (पीलीभीत)। सोशल मीडिया पर अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर असलम नामक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय बजरंग दल के धनंजय मिश्रा ने रविवार को पुलिस को शिकायती पत्र देकर एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। शिकायतकर्ता के अनुसार 10 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे उन्होंने फेसबुक पर चुनाव और वोट चोरी से संबंधित एक पोस्ट साझा की थी। आरोप है कि पोस्ट पर एक असलम नामक व्यक्ति की फ़ेसबुक आईडी से गाली–गलौज करते हुए अपमानजनक टिप्पणी की गयी। साथ ही उनकी मां और बहन को लेकर भी अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया गया। धनंजय मिश्रा ने इससे अपनी और परिवार की भावनाएं आहत होने की बात कही। उन्होंने सामाजिक एवं धार्मिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका भी जताई। जब इस मामले की जानकारी भारतीय बजरंग दल के पदाधिकारियों को लगी तो सभी आक्रोशित हो गए और भारी संख्या में एकत्रित होकर कोतवाली जा धमके। हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं के हस्तक्षेप पर पुलिस ने धनंजय मिश्रा की शिकायत के आधार पर आरोपी असलम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बाढ़ से बर्बाद फसलों पर सरकार का मरहम, खीरी के 9,250 किसानों को मिले 6.42 करोड़,शेष किसानों को दो दिन में मिलेगा अनुदान

लखीमपुर खीरी। बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान के बाद किसानों को आर्थिक संबल देने के लिए सरकार ने कृषि निवेश अनुदान के जरिए राहत पहुंचानी शुरू कर दी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश के नौ लाख से अधिक किसानों के लिए 493 करोड़ रुपये की सहायता राशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया। इसी क्रम में लखीमपुर खीरी के 9,250 किसानों के बैंक खातों में 6 करोड़ 42 लाख 74 हजार रुपये से अधिक की धनराशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए सीधे खातों में पहुंचाई गई। शेष 15,021 किसानों को 10 करोड़ 79 लाख 19 हजार 341 रुपये का अनुदान अगले दो दिनों में वितरित किया जाएगा।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में डीएम अंजनी कुमार सिंह, विधायक योगेश वर्मा और जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने एडीएम बृजेश कुमार त्रिपाठी के साथ किसानों को सहायता राशि के डेमो चेक प्रदान किए। इस दौरान गोरखपुर से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा और सुना गया।

आपदा में किसानों को सहारा, सीधे खातों में पहुंच रही रकम– मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर स्थित महायोगी गुरु गोरखनाथ की पावन भूमि से बाढ़, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि और चक्रवात से फसल क्षति झेलने वाले प्रदेश के नौ लाख से अधिक किसानों के लिए 493 करोड़ रुपये की कृषि निवेश अनुदान राशि अंतरित की। डीबीटी के जरिए सहायता सीधे बैंक खातों में पहुंचाने की व्यवस्था से भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से फसल को नुकसान पहुंचने पर किसान के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाता है। ऐसे समय में प्रदेश सरकार किसानों को राहत देने के लिए सहायता राशि उपलब्ध करा रही है। अनुदान से किसानों को खेती–किसानी दोबारा पटरी पर लाने और अगली फसल की तैयारी करने में मदद मिलेगी। सरकार का प्रयास है कि पात्र किसानों तक सहायता पहुंचे और कोई भी प्रभावित किसान अनुदान से वंचित न रहे।

खीरी के अन्नदाताओं को 17.21 करोड़ की राहत, पहले चरण में 9,250 किसानों को भुगतान– डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि जनपद की पांच बाढ़ प्रभावित तहसीलों में 24,271 किसानों की 8,148.200 हेक्टेयर फसल को नुकसान पहुंचा है। प्रभावित किसानों के लिए कुल 17 करोड़ 21 लाख 93 हजार 434 रुपये की सहायता निर्धारित की गई है। प्रथम किस्त के रूप में 9,250 किसानों के खातों में 6 करोड़ 42 लाख 74 हजार 93 रुपये अंतरित किए जा रहे हैं। शेष 15,021 किसानों को 10 करोड़ 79 लाख 19 हजार 341 रुपये का अनुदान अगले दो दिनों में वितरित किया जाएगा।

150 गांव प्रभावित, राहत कार्यों पर भी जोर– एडीएम बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस वर्ष बाढ़ से जनपद के 150 गांव प्रभावित हुए। इनमें 41 गांवों की 64,720 आबादी सीधे प्रभावित हुई, जबकि 109 गांवों में कृषि भूमि को नुकसान पहुंचा। प्रभावित परिवारों को राहत देने के लिए 14,008 परिवारों को राहत किट वितरित की गईं। वहीं, सड़कों के किनारे और ऊंचे स्थानों पर शरण लेने वाले 21,110 विस्थापितों को 2,22,405 लंच पैकेट उपलब्ध कराए गए।

किसानों ने जताया आभार– किसानों ने कहा कि बाढ़ से फसलें पूरी तरह चौपट हो गई थीं। ऐसे समय में मिली यह मदद उनके लिए बड़ी राहत है। उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रशासन को धन्यवाद दिया और कहा कि समय पर मिली यह सहायता परिवार की मुश्किलें काफी हद तक कम करेगी। इस दौरान एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, अर्चना ओझा, तहसीलदार सदर/गोला सहित बड़ी संख्या में राजस्व अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

मोहम्मदी पुलिस द्वारा 12 बोर के अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदी के कुशल मार्गदर्शन में थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। दिनांक 12 अक्टूबर 2026 को क्षेत्र में गश्त एवं तलाश वांछित/संदिग्ध के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने %कृपा दयाल ज्ञान स्थनी शिक्षा निकेतन स्कूल% के पास, वहद ग्राम बौआ (थाना मोहम्मदी) से समय 3:52 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा। जामा तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 12 बोर का एक अवैध देसी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना मोहम्मदी में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 शिवबहादुर सिंह,का0 सुनील कुमार,का0 सुमित पाराशरी,का0 अंकित भदौरिया, का0 मोतीचन्द्र शामिल रहे।

जर्जर ब्लॉक रोड बनवाने की मांग को लेकर सपाईयों ने दिया ज्ञापन

–आज समाचार सेवा–

पूरनपुर (पीलीभीत)। महिला अस्पताल की ओर जाने वाले मार्ग की स्थिति काफी दयनीय है। लंबे समय से जनप्रतिनिधि हो या समाजसेवी अथवा आम जनता सभी उक्त मार्ग के नवनिर्माण अथवा मरम्मत की मांग करते रहे हैं। इसके बावजूद भी संबंधित विभाग ने उक्त मार्ग की सुध नहीं ली है। इस मामले में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जर्जर गड्ढा युक्त मार्ग का निर्माण कराये जाने की मांग की है।

सोमवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला सचिव और पूर्व सभासद तौफ़ीक़ अहमद क़ादरी के नेतृव में उपजिलाधिकारी मयंक गोस्वामी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि ब्लॉक रोड वर्तमान समय में गड्ढा युक्त जर्जर अवस्था में है, जहाँ निकलना दूभर है। जबकि इसी मार्ग पर कई महत्त्व पूर्ण संस्थान है। गुरुद्वारा साहिब, बिजली घर, गन्ना किसानों का कार्यालय व दो बैंक्स, सी ओ दफ़्तर, उपजिलाधिकारी आवास स्थित है। इसी मार्ग पर महिला चिकित्सालय भी है। सपा कार्यकर्त्ता ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि मुख्यमंत्री का सडको को गड्ढा मुक्त करने के भी आदेश हैं। यह रोड लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि लोक निर्माण विभाग द्वारा उक्त मार्ग का नवनिर्माण अथवा मरम्मत कराई जाये। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से सपा मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नादिर रज़ा बरकाती, इमरान खान, फिरासत खान, अंग्रेज सिंह, शोयब रज़ा, रोहित सिंह, मोहित शर्मा आदि मौजूद थे।

रेलवे ने बाउंड्री निर्माण के लिए शुरू कराई खुदाई, अहमदनगर की दस हजार आबादी को निकास बंद होने से होगी परेशानी

–आज समाचार सेवा–

पूरनपुर (पीलीभीत)। रेलवे द्वारा अपनी हद की बाउंड्री करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में रेलवे द्वारा बाउंड्री वॉल निर्माण हेतु खुदाई कार्य शुरू कर दिया गया है। बाउंड्री वॉल बनने के बाद एक मोहल्ले की करीब 10 हज़ार की आबादी का निकास बंद हो जाएगा। जिससे सभी मोहल्ला वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

तहसील मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात के मोहल्ला अहमदनगर में रेलवे विभाग की ओर से बाउंड्री निर्माण कार्य को लेकर सोमवार दोपहर खुदाई का काम शुरू कर दिया गया। खुदाई शुरू होने से क्षेत्र के निकास का रास्ता बंद हो गया है। इससे करीब दस हजार से अधिक आबादी वाले इलाके के लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। स्थानीय लोगों के अनुसार मोहल्ले से बाहर निकलने और जरूरी कामों के लिए आने–जाने में दिक्कतें होगी। रास्ता बंद होने से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को भी परेशानी उठानी पड़ सकती है। अचानक शुरू हुए खुदाई कार्य के चलते लोगों के सामने आवागमन की समस्या खड़ी हो गई है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि बाउंड्री निर्माण रेलवे विभाग का कार्य है, लेकिन निर्माण के दौरान स्थानीय आबादी के आवागमन की व्यवस्था का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। यदि वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था नहीं की गई तो लोगों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

सशक्तिकरण को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली

–आज समाचार सेवा–

पूरनपुर (पीलीभीत)। भगवांतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा नारी सम्मान और स्वावलंबन सशक्तीकरण को सफल बनाने के लिए स्कूली बच्चों व अध्यापकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई।

आयोजित रैली में महिलाओं को हिंसा और संकट से बचाने के लिए वन स्टॉप सेंटर सखी, महिला हेल्पलाइन 181, 1090, 112 व बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और न्याय दिलाने के लिए नारी अदालत जैसी सुविधाएं सरकार द्वारा दी जा रही है। महिलाओं की सुरक्षा हेतु थानों में महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वाड व महिला पुलिस कर्मियों द्वारा पैदल गश्त तथा समय–समय पर जागरूकता रैली भी निकाली जा रही है। जिससे महिलाओं पर कोई उत्पीड़न न हो सके। जागरूकता रैली में शिक्षक सूर्यप्रकाश गंगवार, मीना मंच सुगमकर्ता रिंकी कुमारी, नूपर पाण्डेय, सुर्वेश्वरी, सायमा बी आदि मौजूद रहे।

नवरात्र पर बलरामपुर के शनिधाम मंदिर में आयोजित हुआ विशाल दुर्गा जागरण कार्यक्रम

–आज समाचार सेवा–

पूरनपुर (पीलीभीत)। नवरात्र के पर्व पर बलरामपुर के शनिधाम मंदिर में विशाल दुर्गा जागरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों भक्तों ने पहुंचकर दुर्गा माता के दिव्य दर्शन किए। नवरात्रि के पहले दिन रविवार को बलरामपुर के शनिधाम मंदिर में भव्य दुर्गा जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रीराम जानकी मंदिर के महंत बाबा राघवदास ने दुर्गा माता को तिलक वंदन कर भव्य दुर्गा जागरण का शुभारंभ किया। दुर्गा जागरण में कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रकार की झांकियों का प्रदर्शन किया। कलाकारों ने भजन कीर्तन कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। दुर्गा जागरण में गांव कबीरपुर कसगंजा, बलरामपुर, बिलन्दपुर अशोक, जितौरिया, लुकटिहाई सहित कई गांवों के लोगों ने भव्य दुर्गा जागरण में पहुँचकर माता रानी के दर्शन कर भजन कीर्तन का लुफ्त उठाया। धार्मिक समारोह में महंत बाबा राघवदास, हरिओम यादव, सर्वेश कुमार स्वर्णकार, रामगोपाल कुशवाहा, सतीश कुमार, राधाकृष्ण कुशवाहा, आकाश वर्मा, दिनेश राठौर, राजेश गुप्ता, हिमांशु सैनी सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

जी राम जी योजना के तहत विशेष रोजगार दिवस पर टेंट, पेयजल और प्राथमिक उपचार की हुई व्यवस्था

–आज समाचार सेवा–

पूरनपुर (पीलीभीत)। ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में जी राम जी योजना के तहत विशेष रोजगार दिवस पर करीब 200 मजदूरों ने काम किया। इस दौरान कार्यस्थल पर श्रमिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए टेंट लगाया गया। पीने के पानी के साथ चोट लगने पर प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट एड किट की व्यवस्था भी की गई।

विकास खंड पूरनपुर की ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में विशेष रोजगार दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में मजदूरों ने काम में भाग लिया। करीब 200 श्रमिकों की मौजूदगी में कार्य कराया गया। कार्यस्थल पर मजदूरों को धूप से बचाने के लिए टेंट लगाया गया, जिससे उन्हें आराम करने के लिए छाया मिल सके। इसके साथ ही पीने के पानी का इंतजाम किया गया, ताकि काम के दौरान श्रमिकों को पेयजल उपलब्ध रहे।काम करते समय किसी मजदूर को चोट लगने या मामूली रूप से घायल होने की स्थिति में प्राथमिक सहायता देने के लिए फर्स्ट एड किट भी उपलब्ध रखी गई। इसमें पट्टी बांधने सहित प्राथमिक उपचार में इस्तेमाल होने वाली जरूरी सामग्री मौजूद थी। इसका उद्देश्य जरूरत पड़ने पर घायल श्रमिक को तत्काल शुरुआती उपचार उपलब्ध कराना था। ग्राम पंचायत शेरपुर कलां के रोजगार सेवक अमानत रसूल ने बताया कि विशेष रोजगार दिवस पर करीब 200 मजदूरों ने काम किया। श्रमिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्यस्थल पर टेंट, पेयजल और प्राथमिक उपचार के जरूरी इंतजाम किए गए। उन्होंने बताया कि काम के दौरान मजदूरों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण है। शेरपुर कलां में रोजगार दिवस के दौरान मजदूरों की भागीदारी के साथ कार्यस्थल पर बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था भी देखने को मिली। टेंट, पानी और फर्स्ट एड किट की उपलब्धता से श्रमिकों को काम के दौरान जरूरी सहूलियत देने का प्रयास किया गया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी विजय राज, एपीओ आदर्श कुमार, तकनीकी सहायक राहुल सिंह, रोजगार सेवक अमानत रसूल, ग्राम प्रधान जाने आलम, पूर्व प्रधानपति तकी खान, ग्राम पंचायत सदस्य हसमुद्दीन खान, सोहेल, सद्दीक खान, सैफ रजा उर्फ मोंटू, जावेद खान आदि सदस्य व महिला मेट जेहरा बी, सबरीन बी मौजूद रहे।

मातृभाषा शिक्षा पर राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया किसान की बेटी का पीएचडी शोध

–आज समाचार सेवा–

पूरनपुर(पीलीभीत)। कहते हैं कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती, और इसे सच कर दिखाया है जनपद पीलीभीत की एक किसान परिवार की होनहार बेटी ने। एक समर्पित किसान की बेटी ने अपनी मेहनत और प्रखर बुद्धिमत्ता से शिक्षा के क्षेत्र में ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसकी गूंज आज राष्ट्रीय स्तर पर सुनाई दे रही है। जनपद पीलीभीत की मेधावी शोध छात्रा कंचन पासवान ने अपने उत्कृष्ट पीएचडी शोध प्रस्ताव से राष्ट्रीय शैक्षिक जगत में हलचल मचा दी है। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित उनके शोध प्रस्ताव को देश के शीर्ष शिक्षाविदों, नीति–निर्धारकों और विषय–विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोत्कृष्ट और अत्यंत प्रासंगिक मानते हुए उच्च सराहना की है। कंचन पासवान एक अत्यंत प्रतिष्ठित एवं उच्च स्तरीय विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय से डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) कर रही हैं। उनके शोध का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों में मातृभाषा में शिक्षा के क्रियान्वयन की चुनौतियाँ और संभावनाएँ–उत्तर प्रदेश के जनपद पीलीभीत के संदर्भ में है। इस विषय की अद्वितीय रूपरेखा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जमीनी हकीकत से जुड़ाव की राष्ट्रीय मंचों पर भूरी–भूरी प्रशंसा हो रही है। अपने शोध के अंतर्गत वह जनपद पीलीभीत के प्राथमिक विद्यालयों का व्यापक एवं सघन अध्ययन कर रही हैं ताकि नौनिहालों को मातृभाषा में शिक्षा देने के मार्ग में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों, शिक्षकों की तैयारी और ढांचागत संसाधनों का सटीक मूल्यांकन किया जा सके। वरिष्ठ शिक्षाविदों का मानना है कि इस शोध के निष्कर्ष भविष्य में उत्तर प्रदेश और विशेषकर पीलीभीत क्षेत्र में एनईपी 2020 के सफल क्रियान्वयन के लिए नीति–निर्माताओं के लिए एक मील का पत्थर और ऐतिहासिक दस्तावेज साबित होंगे। राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाली कंचन पासवान मूल रूप से नगर पंचायत कलीनगर, वार्ड नंबर 03 की निवासी हैं। वह एक बेहद प्रतिष्ठित और कर्मठ परिवार से हैं। उनके पिता राम कुमार पासवान एक समर्पित किसान हैं जिन्होंने कड़ी मेहनत से बच्चों को उच्च शिक्षा के शिखर तक पहुँचाया। माता एक कुशल गृहिणी हैं। बताया जाता है कि यह परिवार प्रतिभाओं से भरा है। कंचन के दो भाई एडवोकेट हैं जिनमें बड़े भाई जय देव पासवान कलीनगर बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष हैं। उनकी भाभी सावित्री देवी वर्तमान में नगर पंचायत कलीनगर की सभासद और जिला योजना समिति की सदस्य के रूप में क्षेत्र के विकास में सक्रिय हैं। कंचन ने इसके पूर्व श्री साईं गर्ल्स डिग्री कॉलेज पूरनपुर से शिक्षा शास्त्र में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय दिया था। इस सफलता पर कंचन पासवान ने अत्यंत विनम्रता से कहा कि इसका पूरा श्रेय उनके माता–पिता, भैया–भाभी और गुरुजनों के आशीर्वाद और त्याग को जाता है। उन्होंने कहा कि परिवार के निश्छल सहयोग और गुरुजनों की छत्रछाया के बिना इस मुकाम को छूना असंभव था। कंचन की इस उपलब्धि पर पूरे पीलीभीत व पूरनपुर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद पूरनपुर (पीलीभीत)

नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद पूरनपुर जिला पीलीभीत अपनी कर निर्धारण सूची में पंजीकृत वसीयत/ विक्रय–पत्र/वारिसान/अन्य के आधार पर निम्न प्रकार परिवर्तन करना चाहती है। अतः नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (2) के अन्तर्गत प्रस्तावित परिवर्तन से जिस किसी भी व्यक्ति पर प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वह व्यक्ति लिखित में साक्ष्यों सहित प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों विचार नहीं किया जायेगा, और तदानुसार परिवर्तन की कार्यवाही कर दी जायेगी। विवरण निम्न प्रकार है:–

क्र0 सं0	भवन संख्या	मोहल्ले का नाम	वर्तमान में दर्ज सम्पत्ति स्वामी विक्रेता का नाम	प्रस्तावित परिवर्तन के स्वामी का नाम	नामान्तरण का आधार
01	1124अंश	बमनपुरी	राकेश कुमार पुत्र भगवान दास	श्रीमती प्रेमवती पत्नी मुकेश	बैनामा
02	38 अंश	गणेशगंज पूर्वी	रेशमा बेगम पत्नी अकील अहमद	शादाब असलम अन्सारी पुत्र मो0 असलम अशरफी	बैनामा
03	975	साहूकारा	लालाराम पुत्र विक्रम लाल व चन्द्रप्रभा, प्रमोदा व पूनम देवी पुत्रीगण स्व0 लालाराम	सरोजनी पत्नी स्व0 लालाराम व आदेश कुमार शर्मा, अनुराग शर्मा व आकाश कुमार पुत्रगण स्व0 लालाराम	मृत्यु प्रमाण पत्र /शपथ पत्र/ वारि0 प्रमाण–पत्र
04	391	गणेशगंज	मलिखान सिंह पुत्र केदार सिंह व मधु देवी पत्नी दिल्ली सिंह व आशीष पत्नी रणवीर सिंह व खुशबु सिंह पत्नी मानेन्द्र प्रताप पुत्रीगण मलिखान सिंह	उर्मिला देवी पत्नी मलिखान सिंह व महेन्द्र पाल सिंह व शैलेन्द्र सिंह व संजीव सिंह पुत्रगण स्व0 मलिखान सिंह	मृत्यु प्रमाण पत्र/शपथ पत्र/वारिसान प्रमाण–पत्र
05	392	गणेशगंज	करन सिंह पुत्र केदार सिंह व सरोज पत्नी देवेन्द्र सिंह व मीरा देवी पुत्रीगण स्व0 करन सिंह	गजेन्द्र पाल सिंह व वीरेन्द्र सिंह पुत्रगण स्व0 करन सिंह	मृत्यु प्रमाण पत्र /शपथ पत्र/ वारि0 प्रमाण–पत्र
06	336	कायस्थान	जावेद अहमद पुत्र मुख्तियार अहमद	अजय खण्डेलवाल पुत्र बिहारी लाल व सुधा खण्डेलवाल पत्नी अजय खण्डेलवाल	बैनामा
07	1395अंश	कायस्थान	आरती सक्सेना पत्नी राजू सक्सेना राजू सक्सेना पुत्र प्रेमचन्द्र सक्सेना	राजू सक्सेना पुत्र प्रेमचन्द्र सक्सेना अजय कुमार पुत्र प्रेमचन्द्र	मृत्यु प्र0पत्र/वा0 प्र0पत्र/पं0दानपत्र
08	1134	बमनपुरी	बलजीत सिंह पुत्र रतन सिंह	शिवम खण्डेलवाल पुत्र राकेश खण्डेलवाल	बैनामा
09	30 अंश	बमनपुरी	अमन सिंघल पुत्र आलोक सिंघल	मो0 जुबैर शम्सी पुत्र अजीज अहमद	बैनामा
10	329	चौक	सूरज वर्मा पुत्र प्रकाश वर्मा	सत्यपाल सिंह पुत्र करतार सिंह	बैनामा
11	30 अंश	बमनपुरी	अमन सिंघल पुत्र आलोक सिंघल	दीपक बजाज पुत्र कपूर चन्द बजाज	बैनामा
12	582	बमनपुरी	श्रीराम पुत्र लेखराज	विपिन वर्मा पुत्र स्व0 रामपाल वर्मा	बैनामा
13	1061/01 अंश	बमनपुरी	कृष्ण कुमार गोयल पुत्र बैजनाथ गोयल	श्रीमती मोहिनी प्रजापति पत्नी अमित वर्मा व अमित वर्मा पुत्र श्रीराम वर्मा	बैनामा
14	187	बमनपुरी	नन्दराम पुत्र बेनीराम	रामकिशोर पुत्र रामबहादुर	पं0 दान–पत्र
15	241	चौक	सुमित कुमार गुप्ता पुत्र सुमन कुमार गुप्ता	श्रीमती कली गुप्ता पत्नी सुमित कुमार गुप्ता	पंजीकृत दान–पत्र
16	477 अंश	चौक	श्रीमती कैसर जहां के द्वारा खुशनूद अली खां पुत्र बदूद अली खां	फिरासत अली पुत्र रियासत अली	बैनामा/मु0 आम
17	126 अंश	चौक	श्रीमती नाजो बेगम पत्नी मजीद अहमद	अकील अहमद व अतीक अहमद व अनीश अहमद पुत्रगण मजीद अहमद	मृत्युप्र.पत्र/पं जी. व.नामा
18	413	गणेशगंज	बिहारी लाल खण्डेलवाल पुत्र रतन लाल	अजय खण्डेलवाल, राकेश खण्डेलवाल व राजेश कुमार खण्डेलवाल पुत्रगण स्व0 बिहारी लाल खण्डेलवाल व कंचन खण्डेलवाल पत्नी राम बाबू खण्डेलवाल पुत्री स्व0 बिहारी लाल खण्डेलवाल	मृत्यु प्रमाण पत्र/ वारिसान प्रमाण–पत्र
19	1519	कायस्थान	ओमकार, तोताराम, बालकराम व रामबहादुर पुत्रगण चेतराम व श्रीमती रन्ना देवी पत्नी चेतराम	श्रीमती अनीता सरोज पत्नी गयादीन व श्रीमती राजेश्वरी देवी पत्नी संजीव कुमार व श्रीमती सुशीला देवी पत्नी बादशाह	बैनामा
20	1580अंश	कायस्थान	गुरशरन सिंह पुत्र हरी सिंह	शरनजीत कौर पत्नी गुरशरन सिंह व सुखनीत कौर व अवनीश कौर पुत्रीगण गुरशरन सिंह व जसपाल सिंह पुत्र गुरशरन सिंह	मृत्यु प्रमाण पत्र/वारिसान प्रमाण–पत्र
21	305	गणेशगंज	हरीबाबू खण्डेलवाल पुत्र रतन लाल खण्डेलवाल,बीना खण्डेलवाल पत्नी स्व0 हरीबाबू खण्डेलवाल,बबिता खण्डेलवाल पत्नी विनय कुमार,कामिनी खण्डेलवाल पत्नी सत्यनारायन खण्डेलवाल पुत्रीगण हरीबाबू खण्डेलवाल	दीपक कुमार खण्डेलवाल पुत्र हरीबाबू खण्डेलवाल व कल्पना खण्डेलवाल पत्नी स्व0 बालेश खण्डेलवाल व वंश खण्डेलवाल पुत्र स्व0 बालेश खण्डेलवाल	मृत्यु प्रमाण–पत्र/ शपथ पत्र/ वारिसान प्रमाण पत्र
22	1061अंश	बमनपुरी	कृष्ण कुमार पुत्र बैजनाथ	संदीप कुमार पुत्र धर्मपाल	बैनामा
23	1581अंश	कायस्थान	गुरशरन सिंह पुत्र हरी सिंह	सरनजीत कौर पत्नी गुरसरन सिंह व सुखनीत कौर,अवनीश कौर पुत्रीगण गुरशरन सिंह व जसपाल सिंह पुत्र गुरशरन सिंह	मृत्युप्र0–पत्र /वारिसान प्र0–पत्र
24	586	गणेशगंज पूर्वी	कनीसा बानो पत्नी स्व0 मो0 लुकमान व चांद मियां व इमरान पुत्रगण स्व0 मो0 लुकमान व कु0 सबाना पुत्री स्व0 मो0 लुकमान व सलमा परवीन खुदबहै0 संरक्षक सगी माता नाबा0 इशाना फरीदी, अलशिफा फरीदी नौशीन बी व अयान फरीदी पुत्री स्व0 मो0 रिजवान	इरफान हुसैन पुत्र अयूब हुसैन	बैनामा

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, पूरनपुर (पीलीभीत)

विशेष रोजगार सृजन दिवस पर जिलाधिकारी ने किया श्रमदान, विकास कार्यों का लिया जायजा



पीलीभीत। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जनपद के विकासखंड मरौरी की ग्राम पंचायत पिपरिया नवदिया में विशेष रोजगार सृजन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आलोक कुमार ने कार्यस्थल पर पहुंचकर कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया तथा स्वयं श्रमदान कर श्रम की महत्ता और सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया।

जिलाधिकारी ने कार्यस्थल पर चल रहे कार्यों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का सृजन कर ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर ही आजीविका के साधन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इससे न केवल ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, बल्कि रोजगार की तलाश में होने वाले पलायन को रोकने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने श्रमिकों के हितों पर विशेष ध्यान देने, उन्हें समय से मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने तथा उनके कौशल विकास एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को रोजगार के साथ-साथ आत्मनिर्भरता के अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है, जिससे वे अपनी आजीविका को बेहतर बनाते हुए आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जाए तथा योजनाओं का लाभ पात्र श्रमिकों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक उपायुक्त स्वत रोजगार ने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अभियान का पर्यवेक्षण किया। नोडल अधिकारी डी सी वी बी जीरामजी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी विकासखंड की समस्त 720 ग्राम पंचायतो में 69000 श्रमिकों को कार्य दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, खंड विकास अधिकारी, पंचायत सचिव, लेखपाल, ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, श्रमिक बंधु सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

धान खरीद के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित, शिकायतों का होगा त्वरित निस्तारण

पीलीभीत। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत धान खरीद प्रक्रिया को सुचारु, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए कार्यालय जिला खाद्य विपणन अधिकारी, पीलीभीत में 'धान खरीद नियंत्रण कक्ष' स्थापित किया गया है। किसानों की धान खरीद से संबंधित समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों के निस्तारण के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 05882-255804 जारी किया गया है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय के अनुसार, धान खरीद नियंत्रण कक्ष रविवार एवं राजकीय अवकाश को छोड़कर अन्य कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक सक्रिय रहेगा। नियंत्रण कक्ष में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक देवेन्द्र सिंह एवं अशोक कुमार की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं, दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक विमलेश कुमार एवं शिवराम मिश्रा तैनात रहेंगे नियंत्रण कक्ष में तैनात कर्मचारी धान खरीद से संबंधित प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों पर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। इसके साथ ही सभी क्रय एजेंसियों से धान खरीद केंद्रवार दैनिक खरीद का विवरण प्राप्त कर उसका संकलन किया जाएगा। जनपद में धान खरीद की प्रगति एवं स्थिति से जिला खाद्य विपणन अधिकारी को नियमित रूप से अवगत कराया जाएगा। शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के लिए नियंत्रण कक्ष में शिकायत एवं सुझाव निवारण रजिस्टर भी बनाया जाएगा। इसमें प्राप्त प्रत्येक शिकायत का पूरा विवरण तथा उसके निस्तारण की जानकारी दर्ज की जाएगी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा इस रजिस्टर का समय-समय पर अवलोकन किया जाएगा, ताकि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। निर्देश दिए गए हैं कि नियंत्रण कक्ष का लैंडलाइन नंबर सक्रिय रखा जाए और उसमें किसी प्रकार की छेड़छाड़ न की जाए। दूरभाष लाइन में किसी भी तरह की तकनीकी खराबी आने पर तत्काल जिला खाद्य विपणन अधिकारी को इसकी सूचना देना अनिवार्य होगा। धान खरीद नियंत्रण कक्ष की स्थापना से किसानों को खरीद प्रक्रिया से जुड़ी समस्याओं एवं शिकायतों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। साथ ही, धान खरीद की नियमित निगरानी और शिकायतों के त्वरित निस्तारण में भी मदद मिलेगी।

बिलसंडा थाना पुलिस ने बाहन चेकिंग अभियान चलाकर किया पांच गाड़ियों का चालान

पीलीभीत। बिलसंडा बीसलपुर हाईवे मार्ग पर बिलसंडा थाना पुलिस ने मिशन शक्ति टीम के अंतर्गत वाहन चेकिंग अभियान चलाया। दो पहिया और चार पहिया गाड़ियों की चेकिंग की गई जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बिलसंडा थाना पुलिस ने रविवार को खंदनिया बाबा देव स्थल के समीप उप निरीक्षक सुनील कुमार ने पुलिस टीम के साथ वाहन चेकिंग अभियान चलाया जिस कारण वाहन चालकों में हड़कंप मच गया लापरवाह दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाकर गाड़ी चलाने की नसीहत दी। इस संबंध में जानकारी करने पर थाना प्रभारी जगदीश सिंह मलिक ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान पांच गाड़ियों का चालान किया गया है।

जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने किया स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण



पीलीभीत। जिलाधिकारी आलोक कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र ने बिठौरा कलां स्थित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, पीलीभीत का भ्रमण कर विभिन्न विभागों, शैक्षणिक सुविधाओं एवं छात्रावासों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शरीर रचना विज्ञान विभाग के म्यूजियम सहित महाविद्यालय के विभिन्न अनुभागों का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमित कुमार ने महाविद्यालय की व्यवस्थाओं एवं अन्य कार्यों के संबंध में अधिकारियों को जानकारी दी।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने छात्रावासों की मेस में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर भोजन एवं छात्रावास की व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया तथा उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। विशेष रूप से प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं से संवाद कर रैगिंग की स्थिति के बारे में जानकारी ली गई। अधिकारियों ने विद्यार्थियों से उनके अनुभवों एवं समस्याओं के संबंध में चर्चा की, ताकि महाविद्यालय में सुरक्षित, सौहार्दपूर्ण एवं भयमुक्त शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महाविद्यालय में उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों के हित में शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. अरुण सिंह, शरीर रचना विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा के साथ सुरक्षित, अनुशासित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने तथा परिसर को रैगिंग मुक्त बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

गांधी सभागार में आयोजित हुआ कृषि निवेश अनुदान वितरण कार्यक्रम



पीलीभीत। मुख्यमंत्री द्वारा गोरखपुर से बाढ़, अतिवृष्टि एवं चक्रवात के कारण फसल क्षति से प्रभावित प्रदेश के 09 लाख से अधिक कृषकों को डीबीटी के माध्यम से कुल रू. 439 करोड़ की कृषि निवेश अनुदान राशि हस्तांतरित किए जाने का सजीव प्रसारण गांधी सभागार पीलीभीत में उपस्थित अधिकारियों एवं कृषकों के द्वारा देखा गया। इसी क्रम में जनपद में भी फसल क्षति से प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने के उदेश्य जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 दलजीत कौर, विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रोशनी यादव द्वारा 45 लाभार्थी कृषकों डमी चेक वितरित किए गए। जनपद के 2669 प्रभावित कृषकों के लगभग 650.0835 हे0 क्षेत्रफल के सापेक्ष रू0 1.54 करोड़ की सहायता राशि वितरित की जा रही है। आपदा के प्रकार के अनुसार फसल क्षति/बाढ़ (भूमि कटान) से प्रभावित तहसील सदर में 765 कृषकों के सापेक्ष रू. 24,77,650 धनराशि, तहसील बीसलपुर में 1179 के सापेक्ष रू. 52,09,568 धनराशि, तहसील पूरनपुर में 434 के सापेक्ष रू. 32,20,151 धनराशि, तहसील कलीनगर में 284 के सापेक्ष रू. 15,84,371 धनराशि व तहसील अमरिया में 07 के सापेक्ष रू. 55,643 धनराशि प्रदान की गई। यह सहायता प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसान परिवारों को राहत प्रदान करने तथा आगामी कृषि गतिविधियों के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने में सहायक होगी।

कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी सदर, कलीनगर, अमरिया, उप कृषि निदेशक सहित अन्य उपस्थित रहे।

शिकायतों के बाद भी नहीं सुलझा रास्ते का विवाद, गाटा संख्या 213 पर अवैध मकान बनाने का आरोप, डीएम से न्याय की गुहार

बीसलपुर, पीलीभीत। ग्राम हरहरपुर में खेत तक जाने वाले रास्ते को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्राम निवासी विनोद कुमार पुत्र बाबूराम ने आरोप लगाया है कि गाटा संख्या 213 के रास्ते पर साहब सिंह ने कथित रूप से अवैध मकान बना लिया है, जिससे उन्हें अपने खेत तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित का कहना है कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल से लेकर तहसील समाधान दिवस तक कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। अब उन्होंने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। विनोद कुमार के अनुसार, ग्राम हरहरपुर में गाटा संख्या 190 उनकी निजी भूमि है, जबकि गाटा संख्या 213 रास्ते से संबंधित है। उनका आरोप है कि रास्ते की भूमि पर मकान निर्माण किए जाने के कारण खेत तक आने-जाने में दिक्कत होती है। उन्होंने प्रशासन से मौके पर जांच कराकर रास्ते की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने और आवागमन की समस्या का समाधान कराने की मांग की है। पीड़ित ने अपने प्रार्थना पत्र में अलग-अलग तारीखों पर की गई शिकायतों का उल्लेख किया है। उनके अनुसार, 6 जुलाई 2024 को समाधान दिवस में शिकायत की गई थी। इसके बाद 29 जुलाई 2026 को मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई। 7 अगस्त 2026 को तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देने के साथ जनसुनवाई में भी शिकायत की गई। इसके बाद 5 सितंबर 2026 को तहसील दिवस में दोबारा शिकायत की गई। विनोद कुमार ने आरोप लगाया कि ऑनलाइन शिकायत के संदर्भ संख्या 400151260253 पर क्षेत्रीय लेखपाल तस्लीम अहमद ने 18 अगस्त 2026 को ऐसी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें रास्ते को अतिक्रमणमुक्त दर्शाया गया। शिकायतकर्ता का दावा है कि मौके की स्थिति रिपोर्ट से मेल नहीं खाती। इसके बाद 22 अगस्त 2026 को तहसीलदार बीसलपुर की ओर से आख्या उपजिलाधिकारी (जनसुनवाई), पीलीभीत को भेजे जाने का भी प्रार्थना पत्र में उल्लेख है।

शिकायतकर्ता ने लेखपाल की रिपोर्ट पर आर्थिक लाभ लेकर तैयार किए जाने का आरोप भी लगाया है। हालांकि, इस आरोप की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने आना बाकी है। प्रार्थना पत्र में विनोद कुमार ने साहब सिंह के पिता के नाम और कुछ अन्य गाटा संख्याओं को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि अभिलेखों में नाम और भूमि से संबंधित तथ्यों की जांच आवश्यक है। इस संबंध में गाटा संख्या 246 और 248 का भी उल्लेख किया गया है। इन दावों की पुष्टि राजस्व अभिलेखों के परीक्षण के बाद ही हो सकेगी। 9 अक्टूबर 2026 को दिए गए प्रार्थना पत्र में विनोद कुमार ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मौके पर राजस्व टीम भेजकर गाटा संख्या 190 और 213 की पैमाइश कराई जाए, रास्ते की वास्तविक स्थिति की जांच हो, गलत रिपोर्ट की समीक्षा की जाए और नियमानुसार कार्रवाई की जाए। अब देखना होगा कि प्रशासन शिकायत का संज्ञान लेकर मामले में क्या कदम उठाता है।

पीलीभीत में जनगणना-2027 के फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण शुरू



पीलीभीत। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण यानी जनसंख्या गणना की तैयारियों के तहत सोमवार को पीलीभीत के बेहनर गुरुकुल कॉलेज में फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय बैच के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आलोक कुमार तथा मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। जनपद के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी चार्जों में फील्ड कार्य के लिए नामित 39 फील्ड ट्रेनर्स को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षित किया जाएगा। द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनगणना के द्वितीय चरण के कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी आलोक कुमार ने जिला एवं तहसील स्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे जनगणना-2027 के जनसंख्या गणना चरण से संबंधित सभी तैयारियां पूरी निष्ठा, गंभीरता और नियमितता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूरी करें। उन्होंने अपने-अपने चार्जों में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के चयन, ईबी (एन्यूमरेशन ब्लॉक) के आवंटन तथा नियुक्ति पत्र जारी करने की प्रक्रिया समय से पूरी करने पर जोर दिया।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जनगणना के द्वितीय चरण की किट का वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, प्रशिक्षण के लिए उपयुक्त स्थान का चयन कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी की जाएं, ताकि प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके। कार्यक्रम में अपर जिला जनगणना अधिकारी मेराज हुसैन, उप जिला जनगणना अधिकारी तथा जनगणना सेल के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जनगणना-2027 के आगामी चरण के लिए आवश्यक तैयारियों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर जोर दिया।

पीडीए पंचायतों के माध्यम से सामाजिक न्याय की अलख जगा रही समाजवादी पार्टी

बीसलपुर, पीलीभीत। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) जन-जागरूकता अभियान के तहत सोमवार, 12 अक्टूबर 2026 को 130 विधानसभा क्षेत्र बीसलपुर के ग्राम रोहनिया सहित विभिन्न गांवों में जन पंचायतों एवं चौपालों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव महिला सभा एवं बीसलपुर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी दिव्या पी. गंगवार ने की। जन पंचायतों के माध्यम से ग्रामीणों को सामाजिक न्याय, समानता, संवैधानिक अधिकारों तथा पीडीए समाज के हितों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं और महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया तथा समाजवादी पार्टी की नीतियों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिव्या पी. गंगवार ने कहा कि आज देश में सामाजिक असमानता और आर्थिक विषमता गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियों से पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और किसानों के हित प्रभावित हुए हैं।उन्होंने कहा, समाजवादी पार्टी ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक संगठन है, जो बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर और डॉ. राममनोहर लोहिया के विचारों को जमीन पर उतारने के लिए संघर्ष कर रहा है। पीडीए समाज को उसका अधिकार, सम्मान और सामाजिक न्याय दिलाना पार्टी की प्राथमिकताओं में शामिल है।



दिव्या गंगवार ने भाजपा सरकार के कार्यकाल में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जन-जागरूकता अभियान का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाना है। जन पंचायतों में उपस्थित वक्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव 2027 के मद्देनजर पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव पहुंचकर समाजवादी पार्टी की नीतियों, पीडीए के विचार और सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जन पंचायतें ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने, उनके मुद्दों को सामने लाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम हैं। अभियान के जरिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर चौधरी प्रदीप सिंह पटेल, मलखान सिंह वर्मा, रूप लाल महातिया, मनोज गंगवार, राम लखन मौर्य, रविंद्र कश्यप, शिव सरन मौर्य, अमर सिंह राजपूत, कैलाश कश्यप, सुरेश चन्द्र भारती, अनवर खान, हाशिम खान, नजमल खान, इरफान खान, मकसूद लाला, बाबू राम गौतम, भूदेव गंगवार, सूरज पाल गौतम, राम भरोसे राजपूत, प्रमोद राजपूत, राम विलास गौतम, अमर पाल मौर्य और नन्हे लाल मौर्य सहित समाजवादी पार्टी के तमाम नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पीडीए जन-जागरूकता अभियान के माध्यम से समाजवादी पार्टी ने सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक अधिकारों के मुद्दों को गांव-गांव तक पहुंचाने तथा आगामी विधानसभा चुनाव 2027 से पहले संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश मिश्र ने पूवायां मंडी में धान खरीद केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

पूवाया शाहजहांपुर। जिलाधिकारी केद्रारा आज 12 अक्टूबर से जिले में धान खरीद शुरू होने के आदेश जारी किए थे इसी के मद्देनजर अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं धान खरीद अधिकारी रजनीश मिश्र ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी राकेश मोहन पांडे के साथ पुवायां मंडी में धान खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने केंद्रों पर धान खरीद की तैयारियों और उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। धान खरीद प्रक्रिया को सुचारु एवं पारदर्शी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया गया, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। अधिकारियों ने खरीद व्यवस्था पर नजर रखते हुए शासन के निर्देशों के अनुरूप किसानों को सुविधा उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया।



मिशन शक्ति के तहत निकाली गई जागरूकता रैली

दियोरिया। मिशन शक्ति अभियान के तहत दियोरिया कोतवाली पुलिस की ओर से सोमवार को जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में दियोरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. तपस त्रिपाठी समेत स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ, बिजली विभाग के कर्मचारी और ठाकुर उमराव सिंह इंटर कॉलेज की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। पुलिसकर्मियों ने साइबर फ्रॉड होने पर सतर्क रहने और किसी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी व बैंक संबंधी जानकारी साझा नहीं करने की अपील की। इसके साथ ही महिला सुरक्षा के लिए संचालित हेल्पलाइन नंबर 1090 और 112 की जानकारी दी गई। पुलिस ने सरकार की ओर से महिलाओं और बालिकाओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी देकर उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। रैली में दियोरिया थाना प्रभारी गौतम सिंह, मिशन शक्ति प्रभारी राजेंद्र सिंह, कांस्टेबल अंकित सिंह, महिला कांस्टेबल रुचि शर्मा, अनु कुमारी और सपना सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

बरखेड़ा कलां में पत्रकारों ने थामा भाकियू टिकैत का दामन, जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी ने दिलाई सदस्यता



बरखेड़ा कलां, पीलीभीत। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के संगठन विस्तार अभियान के तहत बरखेड़ा कलां में सदस्यता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यूनियन के जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी ने पत्रकारों को संगठन की सदस्यता दिलाई। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने, किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया गया।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) किसानों, मजदूरों और आमजन के हितों की लड़ाई लड़ने वाला संगठन है। संगठन का उद्देश्य किसानों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर उनके समाधान के लिए संघर्ष करना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पत्रकारों के जुड़ने से संगठन की गतिविधियों और जनसमस्याओं को व्यापक स्तर पर उठाने में सहयोग मिलेगा।कार्यक्रम के दौरान संगठन की सदस्यता ग्रहण करने वाले पत्रकारों का स्वागत किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने संगठन की नीतियों के अनुरूप जनहित और किसान हित से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी,जिला उपाध्यक्ष महेंद्रपाल गंगवार 'फौजी', तहसील प्रभारी महेंद्र कुमार कन्नौजिया, वरिष्ठ तहसील मीडिया प्रभारी दीनदयाल शास्त्री, सूरजपाल वर्मा ब्लॉक सचिव, मोहम्मद अहमद समाज सेवक, रामपाल राजपूत, पत्रकारो में जितेन्द्र सैनी, अवधेश गुप्ता, अखिलेश शर्मा, राहुल शर्मा, इशरार अहमद, हरिशंकर शर्मा,अतुल कुमार, अमन मिश्रा, जयपाल वर्मा, कैलाश मौर्य अन्य लोग मौजूद रहे।

भाजपा अनुसूचित मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष महेंद्र पाल पुवायां में हुआ भव्य स्वागत

पुवायां,शाहजहांपुर।भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष महेंद्र पाल का पुवायां आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। रामलीला मैदान स्थित अनुसूचित मोर्चा के जिला मंत्री और पूर्व सभासद राहुल कुमार के आवास पर आयोजित सम्मान समारोह में नवनियुक्त अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र पाल ने कहा कि भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता को उचित सम्मान के लिए सदैव तत्पर हूं।

समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के कल्याण के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाकर ही दम लूंगा। अंतोदय से ही भारत को राष्ट्र गुरु बनाने की संकल्पना को पूर्ण किया जा सकता है।पुवायां में आयोजित भव्य स्वागत समारोह से गदगद होकर जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा महेंद्र पाल ने कहा कि यह सब कार्यकर्ताओं का प्यार है, पद मायने नहीं रखता है भाजपा का एक बूथ लेवल का कार्यकर्ता भी सम्मान के योग्य है।

भारत और चीन के बीच सीमा संघर्ष

चीनके विदेश मंत्रालयके अभिलेख २००४ से २०१२ तक सीमित समयके लिए सार्वजनिक किये गये थे। इन दस्तावेजोंका समूह १९६१ से १९६५ के बीचका है। इन्हें २००८ में सार्वजनिक किया गया। हालांकि इनमेंसे काफी हिस्सेको हटा दिया गया था, परन्तु १९६२ के भारत-चीन सीमा संघर्षसे पहलेकी घटनाएं इसमें शामिल थीं।

❒ श्याम सरन

चीनके विदेश मंत्रालयके आर्काइव (अभिलेख) दस्तावेजोंमें काफी हिस्सेको हटा दिया गया था। उन अभिलेखोंतक पहुंच रखने वाले स्रोतोंकी रिपोर्ट्स लोगोंने पढ़ी हैं। मैं इस लेखमें २२ और २३ जुलाई, १९६२ को जिनेवामें भारतके तत्कालीन रक्षामंत्री वी. के. कृष्ण मेनन और चीनके उपप्रधान मंत्री चेन यी की बैठकोंपर ध्यान केन्द्रित करना चाहता हूं। दोनों नेताओंकी बातचीत इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यदि इन प्रस्तावोंपर आगे बातचीत की गयी होती तो संभव है कि बादमें हुआ सीमा युद्ध टाला जा सकता था। कृष्णा मेननकी टिप्पणियां यहां संक्षेपमें दे रहे हैं- मेननने कथित रूपसे चेन यी से कहा कि यदि भारत-चीन सीमा समस्या नेहरूकी मौतसे पहले हल नहीं हुई तो यह और आगे खिंच जायगी। दोनों देशोंके बीच विवादकी शुरुआत अक्साई रोडसे हुई थी इसलिए इस समस्याका समाधान भी इसी सड़कसे शुरू होना चाहिए। हमें पश्चिमी क्षेत्रमें एक नयी सीमा रेखा खींचनेसे शुरुआत करनी चाहिए। यानी संबंधित क्षेत्र जिसमें सड़क और उसके दोनों ओरका इलाका शामिल है उसे चीनके क्षेत्रके रूपमें निर्धारित किया जा सकता है और इसके बदले चीन पूर्वी क्षेत्रमें भारतको कुछ ऐसा इलाका दे सकता है जिसे सभी लोग चीनी क्षेत्र मानते हैं।



भारत और चीनके बीच विवादकी शुरुआत अक्साई रोडसे हुई थी इसलिए इस समस्याका समाधान भी इसी सड़कसे शुरू होना चाहिए। हमें पश्चिमी क्षेत्रमें एक नयी सीमा रेखा खींचनेसे शुरुआत करनी चाहिए। यानी संबंधित क्षेत्र जिसमें सड़क और उसके दोनों ओरका इलाका शामिल है उसे चीनके क्षेत्रके रूपमें निर्धारित किया जा सकता है और इसके बदले चीन पूर्वी क्षेत्रमें भारतको कुछ ऐसा इलाका दे सकता है। पूर्वी क्षेत्रमें चीन पहले ही लोंगजूसे पीछे हट चुका है और भारतने शांतिकी भावनाके तहत वहां दोबारा प्रवेश नहीं किया। इसलिए अब पूर्वी क्षेत्रमें कोई समस्या नहीं रह गयी है।

कहा गया कि पूर्वी क्षेत्रमें चीन पहले ही लोंगजूसे पीछे हट चुका है और भारतने शांतिकी भावनाके तहत वहां दोबारा प्रवेश नहीं किया है। इसलिए अब पूर्वी क्षेत्रमें कोई समस्या नहीं रह गयी है। यदि सीमा विवादका समाधान इस तरह किया जा सकता है तो दोनों देश ५० वर्षोंके लिए मैत्री संधिपर हस्ताक्षर कर सकते हैं और व्यापार शुरू कर सकते हैं। चेन यी ने इस प्रस्तावको यह कहते हुए खारिज कर दिया कि मेननके प्रस्तावका मतलब यह होगा कि चीनको पूर्वमें अपनी ९०,००० वर्ग किलोमीटरकी भूमि छोड़नी होगी और पश्चिममें भी अपने कुछ क्षेत्रसे हाथ धोना होगा। यह चीनको स्वीकार्य नहीं था। एक अन्य संदर्भके अनुसार भारतको बदलेमें दिया जाने वाला चीनी क्षेत्र चुम्बी घाटी था। यह चीनी क्षेत्रका एक ऐसा हिस्सा है जो उत्तर-पूर्वी भारतकी ओर आगेतक फैला हुआ है। इसके बाद मेननने प्रस्ताव रखा कि सीमापर टकरावको रोकनेके लिए इसे एक अस्थायी व्यवस्था स्वीकार की जा सकती है, तबतक दोनों पक्ष अपनी-अपनी मौजूदा स्थितियोंपर कायम रहें। इसके बाद उन्होंने इन अस्थायी व्यवस्थाओंका काफी विस्तारसे खाका प्रस्तुत किया। इससे संकेत मिलता है कि इन प्रस्तावोंपर भारतकी ओर से उच्च स्तरपर विचार-विमर्श किया गया होगा। अभिलेखोंके अनुसार मेननने निम्नलिखित प्रस्ताव रखा था। दोनों पक्ष इस बातपर सहमत हो सकते हैं कि पश्चिमी क्षेत्रके विवादित इलाकोंमें दोनों देशोंके सीमा सुरक्षा बलोंको स्वतंत्र रूपसे अपनी चौकियां स्थापित करनेकी अनुमति होगी। दोनों पक्षोंकी सुरक्षा चौकियोंमें तैनात बलोंकी संख्यापर स्पष्ट सीमाएं होंगी। किसी एक पक्षकी चौकीपर तैनात बलोंकी संख्या दूसरे पक्षकी चौकीकी तुलनामें कई गुना अधिक नहीं होनी चाहिए और किसी भी पक्षको दूसरे पक्षपर हमला नहीं करना चाहिए। इसके अलावा दोनों पक्षोंकी चौकियोंके बीच एक-दो मीलकी दूरी बनाये रखी जानी चाहिए। दोसे तीन साल बाद इसकी समीक्षा की जा सकती है। चेन यी ने मेननके प्रस्तावोंपर आपत्तियां तो जतायी लेकिन साथ ही संघर्षको टालनेकी इच्छा भी दिखायी। उन्होंने एक और बैठक करनेका प्रस्ताव रखा। इस बीच चेन यी ने यकीनन चीनी नेताओंसे विचार-विमर्श किया होगा। २३ जुलाईकी दूसरी बैठकमें उन्होंने एक बार फिर मेननके प्रस्तावोंपर अपनी आपत्तियां व्यक्त कीं लेकिन संघर्षसे बचनेके उपायके रूपमें अस्थायी व्यवस्थाओंपर विचार करनेकी इच्छा भी जतायी। उन्होंने कहा कि चीन और भारत दोनों ही युद्ध नहीं चाहते और यह दोनों पक्षोंके बीच एक साझा बात है। इसलिए दोनों पक्षोंकी पहली प्राथमिकता संघर्षसे बचनेके उपायोंपर चर्चा करना होगी।

इसके बाद उन्होंने यह प्रस्ताव रखा और यह बात अहम है कि वह और मेनन, चीन और भारतके बीच सीमापर टकरावको रोकनेके लिए हुई बातचीतपर जिनेवामें एक संयुक्त बयान जारी करें। बातचीतका समय और स्तर बादमें तय किया जा सकता था। इसके बाद मेनन सतर्क हो गये। शायद उन्हें लगा कि वे अपने अधिकार-क्षेत्रसे आगे बढ़कर बात कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि दोनों मंत्रियोंको अस्थायी व्यवस्थाओंके संबंधमें हुई अपनी बातचीतकी जानकारी अपनी-अपनी सरकारोंको देनी चाहिए और संयुक्त विज्ञप्ति दोनों सरकारोंकी ओरसे जारी की जा सकती है। विज्ञप्तिमें जिनेवामें हुई उनकी बातचीतका उल्लेख किया जा सकता था और सीमापर टकरावसे बचनेके लिए संवाद जारी रखनेपर सहमति व्यक्त की जा सकती थी। दिल्ली लौटनेके छह दिन बाद मेननने नेहरू और मंत्रिमंडलको इसकी जानकारी दी। इस चर्चाका कोई रिकॉर्ड नहीं है। यद्यपि एक समाचार रिपोर्टके अनुसार फिलहाल आगेकी बातचीतकी सम्भावनाको खारिज कर दिया गया था और मंत्रियोंको लगा था कि गतिरोध आगे भी जारी रहेगा। हम जानते हैं कि चीन नीतिको लेकर नेहरू और मेनन दोनोंको कांग्रेस पार्टीके भीतर और विपक्ष, दोनोंकी ओरसे काफी राजनीतिक विरोधका सामना करना पड़ रहा था। यह केवल अटकल ही लगाया जा सकता है कि क्या 'अस्थायी व्यवस्थाओं' पर प्रस्तावित बातचीत युद्धको टाल सकती थी। उल्लेखनीय है कि चेन यी ने संघर्ष टालनेके लिए मेनन द्वारा उपलब्ध कराये गये अवसरको तुरन्त समझ लिया था। अन्य स्रोतोंसे हमें पता चलता है कि अगस्तमें हुई पोलित ब्यूरोकी एक बैठकमें माओने दबाव डालकर भारतके साथ युद्धमें जानेका फैसला कराया था। इस फैसले का 'कुछ कॉमरेड' ने विरोध किया था। उनका तर्क था कि १९५९-६२ के ग्रेट लीप फॉरवर्ड और उसके बाद पड़े भयंकर अकालकी त्रासदीके बाद चीन गम्भीर आर्थिक संकटसे जूझ रहा था। अमेरिका और सोवियत संघ, दोनोंकी शत्रुताका भी उसे सामना करना पड़ रहा था। ऐसे समयमें भारतको भी अपना दुश्मन बना लेना चीनके हितमें नहीं होगा। लेकिन माओने उनकी आपत्तियोंको खारिज कर दिया और एक विवरणके अनुसार इस समूहके कुछ सदस्योंको 'दक्षिणपंथी अवसरवादी' तक कहकर आलोचना की। यदि मेनन और चेन यी ने वह संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर दी होती या यदि नेहरूके मंत्रिमंडलने मेननकी पहलको मंजूरी दे दी होती तो संभव है कि १९६२ के सीमा युद्धकी ओर ले जाने वाली घटनाओंकी दिशा कुछ अलग होती।

खुदरा महंगी में वृद्धि

खुदरा महंगीमें वृद्धि गम्भीर चिन्ताका विषय है। इससे आमजन जीवनपर आर्थिक बोझ बढ़ा है। उपलब्ध आंकड़ोंके अनुसार खुदरा महंगी २३ महीनेके उच्च स्तरपर पहुंच गयी है। खाद्य पदार्थों, ऊर्जा और आयातित वस्तुओंकी कीमतें बढ़नेसे भविष्यके लिए जोखिम बढ़ गया है। वैसे मौजूदा महंगी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के २-६ प्रतिशतके सहनशीलताके दायरेमें है। अगस्त, २०२६ में खुदरा महंगी ४.८२ प्रतिशत रही, जबकि उपभोक्ता खाद्य महंगी ५.९५ प्रतिशत थी। सितम्बरके ताजे आंकड़ोंके जारी होनेसे पूर्व अर्थशास्त्रियोंके सर्वेक्षणमें अनुमान लगाया है कि यह ५.४० प्रतिशत हो सकती है, जो अगस्तमें ४.८२ प्रतिशतसे काफी अधिक है। इसका सबसे बड़ा कारण खाद्य और ऊर्जाकी कीमतोंमें वृद्धि माना जा रहा है। इसलिए कहा जा सकता है कि महंगी फिर सिर उठाने लगी है। भारतमें महंगीका सबसे संवेदनशील हिस्सा खाद्य पदार्थ है। खुदरा महंगी (सीपीआई) में खाद्य और पेय पदार्थोंका भार लगभग ४० प्रतिशत है। इसलिए सब्जियां, दालें, अनाज, खाद्य तेल, दूध और फल जैसी वस्तुओंकी कीमतोंमें वृद्धि सीधे खुदरा महंगीको प्रभावित करती है। एक अतिरिक्त समस्या कमजोर मानसूनकी है। जून-सितम्बर २०२६ का मानसून सामान्यसे लगभग १२.६ प्रतिशत कम रहा, जिससे फसल उत्पादन और ग्रामीण आयको लेकर चिन्ता अवश्य बढ़ी है। इसका प्रभाव केवल किसानोंपर नहीं पड़ेगा, उत्पादन कम होनेपर आगामी महीनोंमें अनाज, दाल, सब्जियों और अन्य कृषि उत्पादोंकी कीमतोंपर दबाव बढ़ सकता है। महंगीके मोरचेपर दूसरी बड़ी चुनौती कच्चे तेलकी कीमत है। पश्चिम एशियामें तनावके कारण कच्चा तेल सौ डालर प्रति बैरलके ऊपर बना हुआ है। इससे भारतमें परिवहन, उर्वरक, बिजली, प्लास्टिक, रसायन और अनेक औद्योगिक उत्पादोंपर महंगीकी मार पड़ी है। भारतीय रुपयेकी कमजोरी समस्याको और बढ़ाती है। हालके दिनोंमें रुपया लगभग ९७ रुपये प्रति डालरके करीब पहुंच गया था। आरबीआईके हस्तक्षेपके बाद १२ अक्तूबरको इसमें लगभग एक प्रतिशतकी मजबूती आयी है,लेकिन आयातित महंगीका जोखिम अभी समाप्त नहीं हुआ है। भारतके सामने महंगा तेल और कमजोर रुपया दोनों बड़ा जोखिम है। महंगीके दबावको देखते हुए ही रिजर्व बैंकने सात अक्तूबरको रेपो दर २५ आधार अंक बढ़ाकर ५.५० प्रतिशत कर दिया। चार वर्षोंके बाद यह वृद्धि हुई है। महंगीपर नियंत्रणके लिए मौद्रिक नीति और आपूर्ति-प्रबन्धन दोनोंको साथ चलाना होगा। खाद्य भण्डारण और आपूर्ति व्यवस्थाको भी मजबूत बनाना होगा। पर्याप्त बफर स्टाक आवश्यक है। जमाखोरीपर कड़ी कारवाई करनी होगी। आरबीआईको महंगी दर चार प्रतिशतपर लानेका प्रयास करना होगा तभी जनताको राहत मिल पायेगी।

नेपाल में फिर बाढ़ से तबाही

अभी करीब डेढ़ माह पूर्व ही नेपालके भोटेकाशी और त्रिशूली नदियोंमें आयी विनाशकारी बाढ़से लोग उबर भी नहीं पाये थे कि रविवार सुबह बूढ़ी गंडक नदीमें अचानक आयी बाढ़ने एक बार फिर भारी तबाही मचायी है। इस बाढ़में देखते ही देखते ४५ मकान और छह पुल नदीमें समा गये। भूस्खलन और बाढ़से जलविद्युत परियोजनाओंको भी भारी नुकसान पहुंचा है। राहतकी बात यह है कि इस आपदामें कोई हताहत नहीं हुआ है लेकिन पांच लोग लापता बताये जाते हैं। सेनाने तत्काल मोरचा सम्भालते हुए नौ विदेशियों समेत ८२ लोगोंको सुरक्षित स्थानपर पहुंचाया है। तटवर्ती इलाकोंके लोगोंको ऊंचाई वाले स्थानोंपर जानेको कहा गया है। नदीका जलस्तर लगातार बढ़ रहा है जिससे लोग सहमे हुए हैं। बचाव अभियान, राहत सामग्री पहुंचाने और लोगोंको सुरक्षित स्थानपर ले जाने लिए हेलीकाप्टर तैनात किये गये हैं। उल्लेखनीय है कि बीते २६ अगस्तको दो प्रमुख नदियों भोटेकाशी और त्रिशूलीमें आयी प्रलंयकारी बाढ़में १४०० से अधिक लोगोंकी मौत हुई थी और पांच हजारसे अधिक लोग अब भी लापता हैं। इस बार जिलेके उत्तरी हिस्सेमें आयी बाढ़, जिसके और विकराल होनेकी आशंका है, को देखते हुए स्थानीय लोग दहशतमें हैं और अफरा-तफरीका माहौल है। अचानक आयी इस बाढ़से नेपाल सीमासे सटे भारतके बिहार राज्यमें बाढ़का खतरा बढ़ रहा है। बिहार सरकार और प्रशासनको पूरी तरह सतर्क रहना होगा और किसी भी स्थितिसे निबटनेके लिए पहलेसे ही पूरी तैयारी करनी होगी। सीमावर्ती लोगोंको भी सुरक्षित स्थानोंपर पहुंचानेकी व्यवस्था होनी चाहिए। बिहारपर बाढ़का खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि बूढ़ी गंडकी आगे चलकर त्रिशूली नदीसे मिलती है फिर दोनोंका पानी देवघरके पास नारायणी नदीमें पहुंचता है। यही नदी भारतमें गंडकके नामसे बिहारमें आती है और गंगा नदीमें मिल जाती है। यदि पानीका बहाव बढ़ता है तो बिहारके कई जिले बाढ़की चपेटमें आ जायंगे। इसलिए सतर्क रहना होगा और स्थितिपर लगातार निगाह रखनी होगी।

लोक संवाद

सामान्य जीवन भी जीते हैं कैंसर रोगी

महोदय,-कैंसर गम्भीर बीमारी है, जिसका समयपर पता लगना और सही इलाज शुरू होना बेहद जरूरी है। आधुनिक चिकित्सामें सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडिएशन, इम्यूनोथेरेपी और टारगेटेड थेरेपी जैसी तकनीकोंकी मददसे कई प्रकारके कैंसरका इलाज किया जाता है। कई मरीज इलाजके बाद सामान्य जीवन भी जीने लगते हैं। हालांकि कुछ मामलोंमें इलाज पूरा होनेके महीनों या सालों बाद कैंसर दोबारा सामने आ सकता है। ऐसी स्थितिको कैंसरकी पुनर्वति कहा जाता है। ऐसेमें सवाल उठता है कि जब मरीजका इलाज पूरा हो चुका होता है तो कैंसर दोबारा कैसे हो जाता है। क्या इसकी वजह इलाज अधूरा रह जाना है या खानपान और लाइफस्टाइलकी गलतियां भी इसके लिए जिम्मेदार हो सकती हैं। जानते हैं कि इलाजके बाद भी कैंसर लौटनेके पीछे क्या कारण हो सकते हैं और मरीजोंको किन बातोंका ध्यान रखना चाहिए। कैंसरका इलाज पूरा होनेका मतलब हमेशा यह नहीं होता कि शरीरकी हर कैंसर कोशिका खत्म हो गयी है। कई बार इलाजके बाद भी कुछ बेहद छोटी कैंसर कोशिकाएं शरीरमें बची रह सकती हैं, जिनका सामान्य जांचमें पता लगाना मुश्किल होता है। समयके साथ ये कोशिकाएं दोबारा बढ़ सकती हैं और कैंसरकी वापसीका कारण बन सकती हैं। कैंसरके दोबारा होनेकी सम्भावना इस बातपर भी निर्भर करती है कि कैंसर किस प्रकारका था, किस स्टेजमें उसका पता चला, उसकी कोशिकाओंकी विशेषताएं क्या थीं और इलाजके प्रति उनका रिस्पॉन्स कैसा रहा। इसलिए कैंसरके इलाजके बाद दोबारा बीमारी होनेका मतलब यह जरूरी नहीं है कि इलाज गलत हुआ था या डाक्टरसे कोई गलती हुई थी। कुछ मामलोंमें निर्धारित इलाज पूरा न हो पाना कैंसरके नियंत्रणको प्रभावित कर सकता है। उदाहरणके लिए डाक्टर द्वारा सुझाये गये कीमोथेरेपीके सभी चक्र पूरे न करना या जरूरी दवाएं बीचमें बंद कर देना उपचारके परिणामोंपर असर डाल सकता है। कैंसरको समझनेके लिए शरीरमें होने वाले बदलावों और जीवनशैलीपर भी ध्यान देना चाहिए। कैंसरके इलाजके दौरान और उसके बाद खानपानकी अहम भूमिका होती है। संतुलित आहार शरीरको जरूरी पोषक तत्व देने, मांसपेशियोंकी ताकत बनाये रखने और इलाजके बाद रिकवरीमें मदद करता है। लेकिन किसी एक खाद्य पदार्थको खाने या छोड़नेसे कैंसर दोबारा होनेका खतरा पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सकता। इसी तरह यह दावा करना भी सही नहीं है कि किसी खास भोजनकी वजहसे ही कैंसर वापस आ गया। इलाजके बाद मरीजको अपनी जरूरतके अनुसार संतुलित आहार लेना चाहिए। इसमें फल, सब्जियां, साबुत अनाज और प्रोटीनके उपयुक्त स्रोत शामिल किये जा सकते हैं। मरीजकी स्थितिके अनुसार आहारमें बदलावके लिए डाक्टर या योग्य डाइटीशियनकी सलाह लेना बेहतर है। कुछ जीवनशैली संबंधी आदतें कैंसर होने या कुछ प्रकारके कैंसरका जोखिम बढ़नेसे जुड़ी हैं। इलाजके बाद स्वस्थ जीवनशैली अपनाना मरीजकी सेहत, शारीरिक क्षमता और जीवनकी गुणवत्ताके लिए फायदेमंद है। कैंसरके इलाजके बाद शरीरमें होने वाले हर बदलावका मतलब कैंसरकी वापसी नहीं होता। कई लक्षण सामान्य बीमारियों या इलाजके दुष्प्रभावोंके कारण भी हो सकते हैं। फिर भी कुछ बदलाव लगातार बने रहें या बढ़ते जायं तो डाक्टरसे संपर्क करना चाहिए। सही कारण जाननेके लिए चिकित्सकीय जांच जरूरी है। -**मोनिका शार्मा, वाया ईमेल।**

स्वच्छ पेयजल के बिना कैसा विकास

पेयजलसे लेकर जल संरक्षणकी योजनाओंपर अत्यंत शिथिलता बरती जा रही है। दो वर्ष पूर्व आम बजटमें तमाम प्रावधान किये गये थे, लेकिन इस बजटमें वे सिरेसे गायब हैं। देशको विकसित राष्ट्र बनानेमें जल संसाधनका अत्यन्त महत्व है।

❒ योगेंद्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीने अपने सार्वजनिक जीवनके २५ साल पूरे होनेपर आयोजित कार्यक्रमको एक घंटेतक संबोधित करते हुए कहा कि जबतक भारत विकसित नहीं होता, तबतक न थकूंगा, न रुकूंगा। इस नारेका १९ बार जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारतको २०४७ तक हर हालतमें विकसित देश बनाना है। निश्चित तौरपर भारतको विकसित देश बनना ही चाहिए। सवाल यह है कि क्या तबतक भारतके करोड़ों लोग प्यासे रहेंगे। उन्हें पर्याप्त और शुद्ध पानीके लिए क्या भारतके विकसित होनेतक इंतजार करना पड़ेगा। क्या देशके लोगोंकी प्यास और दूषित पेयजलसे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओंको तबतकके लिए रोका जा सकता है। विकसित भारतका सपना देखनेमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन इससे पहले केन्द्र और राज्योंकी सरकारोंको यह खुलासा करना चाहिए कि देशके लोगोंको गुणवत्तायुक्त पर्याप्त पीनेका पानी कबतक उपलब्ध हो जायगा। इसके लिए देशकी राष्ट्रीय नीति क्या है। इस मुद्देपर कोई बोलनेको तैयार नहीं है। इसके बारेमें चर्चा करते ही देशके विकास और विकसित भारतके सपनेपर सवालिया निशान लग जाते हैं। देशके सत्तारूढ़ दलों और विपक्षी दलोंके नेता ऐसी जमीनी जरूरतोंके मुद्दोंसे मुंह चुराते हैं। पेयजल जैसी समस्याओंसे निबटनेके लिए सरकारोंके पास दूरदृष्टि और योजनाएं नहीं हैं। यदि लगातार एक या दो बार देशमें मानसून मेहरबान न हो तो देशमें पीनेके पानीका हाहाकार मचने लगता है। देशमें पेयजल संकट अभीसे गहराने लगा है, जबकि अभी मानसूनकी विदाई हुई है। महाराष्ट्रमें राज्य सरकारने १६ अक्तूबरसे सभी शहरी और ग्रामीण स्थानीय निकायोंमें कमसे कम दस प्रतिशत जल कटौती लागू करनेका निर्णय लिया है। राज्यके जालना जिलेमें बांधमें केवल दो प्रतिशत पानी बचा है। नौबत यहांतक आ गयी है कि प्रशासनको पानीकी चोरी रोकनेके लिए पुलिस और राजस्व विभागकी टीमोंके साथ रातमें भी निगरानी और गश्त करनी पड़ रही है। इस बार मानसूनमें बारिशकी करीब १२-१३ प्रतिशतकी कमीके कारण देशके दूसरे राज्योंकी हालत भी महाराष्ट्र जैसी होनेसे इनकार नहीं किया जा सकता। देशके कई राज्योंमें कम बारिशका असर अब जलाशयोंपर दिख रहा है। १ अक्तूबरतक देशके प्रमुख जलाशयोंमें ७१.८४ फीसदी पानी था। पिछले साल इसी समय यह ९०.३१ फीसदी था, जबकि सामान्य स्तर ८१.७९ फीसदी है। अर्थात् इस बार जलाशयोंमें पानी पिछले सालके मुकाबले काफी कम है। देशभरमें इस बारका मानसून १३वां सबसे सूखा सीजन रहा। पिछले ११ सालोंमें यह सबसे कम बारिश वाला मानसून रहा है। हालांकि सीजन खत्म होनेसे पहले हुई तेज बारिशके कारण बारिशकी कमीमें २.५ फीसदीका सुधार हुआ। मानसून २०२६ सीजन सामान्यसे १२.६ फीसदी कम बारिशके साथ खत्म हुआ। देशके ४३ फीसदी जिलोंमें २० से ७२ फीसदीतक कम बारिश हुई। सबसे ज्यादा पंजाबमें ४१ फीसदी कम बारिश हुई। राजस्थानमें करीब २२ फीसदी कमी दर्ज की गयी। इनके अलावा नौ राज्योंमें भी औसतसे कम बारिश हुई। पूर्वी भारतमें ओडिशामें सामान्यसे ३० फीसदी ज्यादा बारिश हुई, जबकि बारिशके लिए प्रसिद्ध पूर्वोत्तर राज्योंमें इस साल १९०१ के बाद सबसे कम बारिश दर्ज की गयी। पानीकी कमीका असर महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान और तमिलनाडुमें ज्यादा दिख रहा है। कई इलाकोंमें खेतीके लिए पानी कम पड़ रहा है और फसलोंको भी नुकसान हो रहा है। आजादीके साठ वर्षोंके बाद भी देशकी एक-तिहाई जनताको पीनेके लिए स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं है। शायद यही कारण है कि प्रतिवर्ष जलजनित बीमारियोंके चलते १५ लाख बच्चे कालके गालमें समा जाते हैं और कामके अनगिनत घंटोंका नुकसान होता है। समस्या यह है कि केन्द्र एवं राज्य सरकारें पेयजल संकटको दूर करनेके लिए गम्भीर नहीं, जबकि वे इससे परिचित हैं कि आने वाले समयमें पानीके लिए युद्ध छिड़ सकते हैं। भारतमें पेयजल संकट बढ़ती आबादी और कृषिकी जरूरतोंके कारण भी गम्भीर होता जा रहा है। करीब ६५-७० प्रतिशत जल कृषि कार्योंमें खप जाता है। इसके अतिरिक्त उद्योगोंके संचालनमें भी जलका इस्तेमाल बढ़ता जा रहा है। विडंबना यह है कि न तो उद्योग एवं कृषि क्षेत्रको अपनी आवश्यकताभर पानी उपलब्ध हो पा रहा है और न ही आम आदमीको। हमारे देशमें जल संकट जब-तब गम्भीर रूप ले लेता है। बात चाहे कावेरी जल विवादके कारण तमिलनाडु और कर्नाटकके बीचकी तनातनीकी हो अथवा यमुना जलके बंटवारेको लेकर दिल्ली एवं हरियाणाके बीचकी, ऐसे विवाद लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अब तो जल बंटवारेको लेकर राजनीति भी होने लगी है और एक प्रांतके लोगोंको दूसरे प्रांतके लोगोंके समक्ष खड़ा करनेमें संकोच नहीं किया जा रहा है। इन दिनों होगेंक्काल पेयजल परियोजनाको लेकर तमिलनाडु और कर्नाटकके बीच यही हो रहा है। एक रिपोर्टके अनुसार देशके ६० करोड़ लोग पानीकी किल्लतसे जूझ रहे हैं, जबकि १६ करोड़ लोग गंदा पानी पी रहे हैं। शुद्ध पानीके लिए सरकार करोड़ों-अरबों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन हालात बदसे बदतर होते जा रहे हैं। देशके करीब नौ राज्योंमें पानीकी गुणवत्ता खराब है। नीति आयोगकी कम्पोजिट वॉटर मैनेजमेंट इंडेक्स रिपोर्टमें बताया गया कि भारतमें पानीकी वजहसे हर साल दो लाख लोगोंकी मौत हो रही है। साल २०३० तक यह स्थिति और विकराल हो जायगी जब देशकी लगभग ४० फीसदी आबादीके सामने पानीका संकट होगा। विकसित भारतके २०४७ के लक्ष्यतक देशमें पेयजलकी हालतका तो आकलन ही नहीं किया गया है। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वेके वैश्विक स्तरपर कुल पानीकी सालाना निकासी या खपतके मामलेमें भारत पहले पायदान नंबर-१ पर है। अत्यधिक आबादी और कृषि (सिंचाई) के कारण सबसे आगे है। वैश्विक जल गुणवत्ता सूचकांकमें भारत १२२ देशोंमेंसे १२०वें स्थानपर है। सुरक्षित पेयजल और जल गुणवत्ताके मामलेमें भारतकी गिनती दुनियाके सबसे निचले स्तरके देशोंमें होती है। पेयजलसे लेकर जल संरक्षणकी योजनाओंपर अत्यंत शिथिलता बरती जा रही है। दो वर्ष पूर्व आम बजटमें ऐसी योजनाओंके लिए तमाम प्रावधान किये गये थे, लेकिन इस बजटमें वे सिरेसे गायब हैं। देशको विकसित राष्ट्र बनानेमें जल संसाधनका उतना ही महत्व है जितना ऊर्जा और अन्य साधनोंका। जबतक ऐसी बुनियादी सुविधाओंका समाधान नहीं होगा, तबतक विकसित राष्ट्रका सपना एक छलावा ही साबित होगा।

आत्मबोध

माताकी आराधना

❒ सदानन्द शास्त्री

चैत्र या वासन्ती नवरात्रका प्रारम्भ चैत्र मास शुक्ल पक्षकी प्रतिपदासे होता है। चैत्रमें आने वाले नवरात्रमें अपने कुल देवी-देवताओंकी पूजाका विशेष प्रावधान माना गया है। वैसे दोनों ही नवरात्र मनाये जाते हैं। फिर भी इस नवरात्रको कुल देवी-देवताओंके पूजनकी दृष्टि से विशेष मानते हैं। भगवतीके नौ प्रमुख रूप (अवतार) हैं तथा प्रत्येक बार नौ-नौ दिन ही ये विशिष्ट पूजाएं की जाती हैं। इस कालको नवरात्र कहा जाता है। वर्षमें दो बार भगवती भवानीकी विशेष पूजा की जाती है। मान्यता है कि नवरात्रमें महाशक्तिकी पूजा कर श्रीरामने अपनी खोई हुई शक्ति पायी, इसलिए इस समय आदिशक्तिकी आराधनापर विशेष बल दिया गया है। मार्कण्डेय पुराणके अनुसार दुर्गा सप्तशतीमें स्वयं भगवतीने इस समय शक्ति-पूजाको महापूजा बताया है। कलश स्थापना, देवी दुर्गाकी स्तुति, सुमधुर घंटियोंकी आवाज, धूप-बत्तियोंकी सुगंध, यह नौ दिनोंतक चलने वाले साधना पर्व नवरात्रका चित्रण है। हमारी संस्कृतिमें नवरात्र पर्वकी साधनाका विशेष महत्व है। नवरात्रमें ईश-साधना और अध्यात्मका अद्भुत संगम होता है। आश्विन माहकी नवरात्रमें रामलीला, रामायण, भागवत पाठ, अखंड कीर्तन जैसे सामूहिक धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। यही वजह है कि नवरात्रके दौरान प्रत्येक इनसान एक नये उत्साह और उमंगसे भरा दिखाई पड़ता है। वैसे तो ईश्वरका आशीर्वाद हमपर सदा ही बना रहता है, किन्तु कुछ विशेष अवसरोंपर उनके प्रेम, कृपाका लाभ हमें अधिक मिलता है। पावन पर्व नवरात्रमें देवी दुर्गाकी कृपा, सृष्टिकी सभी रचनाओंपर समान रूपसे बरसती है। इसके परिणामस्वरूप ही मनुष्योंको लोक मंगलके क्रियाकलापोंमें आत्मिक आनन्दकी अनुभूति होती है। संस्कृत व्याकरणके अनुसार नवरात्रि कहना त्रुटिपूर्ण है। नौ रात्रियोंका समाहार, समूह होनेके कारणसे द्वन्द्व समास होनेके कारण यह शब्द पुलिंग रूप नवरात्रमें ही शुद्ध है। पृथ्वी द्वारा सूर्यकी परिक्रमाके कालमें एक सालकी चार संधियां हैं। उनमें मार्च एवं सितंबर माहमें पड़ने वाली गोल संधियोंमें सालके दो मुख्य नवरात्र पड़ते हैं। इस समय रोगाणु आक्रमणकी सर्वाधिक संभावना होती है। ऋतु संधियोंमें अक्सर शारीरिक बीमारियां बढ़ती हैं। अत: उस समय स्वस्थ रहनेके लिएए शरीरको शुद्ध रखनेके लिए और तन-मनको निर्मल और पूर्णत: स्वस्थ रखनेके लिए की जाने वाली प्रक्रियाका नाम नवरात्र है। नौ रात यानी नवरात्र नाम सार्थक है। यहां रात गिनते हैं, इसलिए नवरात्र यानी नौ रातोंका समूह कहा जाता है। रूपकके द्वारा हमारे शरीरको नौ मुख्य द्वारों वाला कहा गया है। इसके भीतर निवास करने वाली जीवनी शक्तिका नाम ही दुर्गा देवी है।

विपक्ष में बिखराव से भाजपा को फायदा

❒ राधा रमण

देशमें कमरतोड़ महंगी, बढ़ती बेरोजगारी, आर्थिक दिवालियापनके हालात और पिछले १२ वर्षोंके दौरान १५० से अधिक पेपरलीककी घटनाएं होनेके बावजूद सरकारकी सेहतपर कोई असर नहीं दिखना हमारे विपक्षके मृतप्राय होनेका सन्देश देता है। आंकड़े बताते हैं कि अगस्त २०२६ में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक ४.८२ फीसदी और १५ वर्षसे ऊपरकी बेरोजगारी दर पांच प्रतिशत थी। इसी अवधिमें युवा बेरोजगारी १५.१ फीसदी बतायी गयी है। ऐसेमें क्या विपक्षके नेता जनताकी समस्याओंको समझनेमें चूक कर रहे हैं, सुविधाभोगी हो गये हैं अथवा जनतासे उनका जुड़ाव नहीं रह गया है। तीन साल पहले १८ जुलाई २०२३ को बेंगलुरुमें विपक्षके २६ दलोंके नेताओंने इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्ल्युसिव एलायंस (इंडिया) के नामसे एक गठबंधन बनाया था। इसके शिल्पकार बिहारके तत्कालीन मुख्य मंत्री नीतीश कुमार थे। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी, आम आदमी पार्टीके संयोजक अरविन्द केजरीवाल, राष्ट्रीय जनता दलके अध्यक्ष लालूप्रसाद यादव, समाजवादी पार्टीके मुखिया अखिलेश यादव, डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन, राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद) के अध्यक्ष शरद पवार, शिवसेना (उद्धव गुट) प्रमुख उद्धव बालासाहेब ठाकरे, झारखंड मुक्ति मोर्चाके अध्यक्ष हेमंत सोरेन, सीपीआईके डी. राजा, जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंसके फारूख अब्दुल्ला, पीडीपीकी महबूबा मुफ्ती और सीपीएमके सीताराम येचुरी समेत कई नेता शामिल थे। तय किया गया कि गठबंधनकी सभी पार्टियां आनेवाले दिनोंमें मिलकर चुनाव लड़ेंगी और विपक्षी वोटोंका बंटवारा रोकेंगी। लेकिन देशने देखा कि चुनावके समय सीटोंके बंटवारेपर गैर-भाजपा दलोंमें मतैक्य नहीं बन पाता है, इसका फायदा भारतीय जनता पार्टी लगातार उठाते रही है। यह पहली बार नहीं है। डेढ़ दशक पहलेतक कांग्रेस भी यही करती रही थी। इंडिया गठबंधनके गठनके कुछ माह बाद ही चुनाव आयोग द्वारा राजस्थान, मध्यप्रदेश और छतीसगढ़के विधानसभा चुनावकी घोषणा की गयी। इसमें राजस्थान और छत्तीसगढ़में कांग्रेसकी सरकारें थीं और मध्यप्रदेशमें ज्योतिरादित्य सिंधियाके दलबदलके कारण सत्ता कांग्रेसके हाथसे फिसलकर भाजपाके पालेमें आ गयी थी। लेकिन इंडिया गठबंधनके दलों खासकर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टीमें सीटोंपर सहमति नहीं बन पाने और प्रदेश कांग्रेस नेताओंके आपसी खींचतानके कारण तीनों राज्योंमें भाजपा अपने बूतेपर सरकार बनानेमें कामयाब रही। ज्ञात हो कि राजस्थानमें तबके मुख्य मंत्री अशोक गहलौत और पूर्व उपमुख्य मंत्री सचिन पायलट, छत्तीसगढ़में तबके मुख्य मंत्री भूपेश बघेल और तत्कालीन मंत्री टी. एस. सिंहदेवके आपसी विवादने कांग्रेसकी कामयाबीमें पलीता लगानेमें अहम रोल निभाया। इसी तरह मध्यप्रदेशमें कमलनाथ और दिग्विजय सिंहके बीच आतंरिक दरारके कारण कांग्रेस भाजपाके एंटी इनकंबेंसीका फायदा नहीं उठा सकी। यदि तब कांग्रेस दोनों दलोंको आठ-आठ सीटें भी दे देती तो बात नहीं बिगड़ती और गठबंधनकी एकता बनी रहती। उस समय कांग्रेस नेताओंने तर्क दिया कि गठबंधन लोकसभा चुनावके लिए है। शायद मतदाताओंको विपक्षके नेताओंकी यह बात नागवार गुजरी।

लोकसभा चुनावमें तो विपक्ष अधिकांश सीटोंपर मिलकर लड़ा। इसका फायदा भी उसे मिला। कांग्रेस पार्टी नेता विपक्ष के लायक सांसदोंकी संख्या (९९) जुटा पायी। बादमें हरियाणा, आंध्रप्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखंडमें विधानसभाके चुनाव हुए। इसमें झारखंड एकमात्र राज्य रहा जहां हेमंत सोरेनकी सूझबूझसे गठबंधनके दलोंमें समन्वय हो पाया। वहां इंडिया गठबंधनको ५६ सीटें मिली। इससे वहां झामुमोकी अगुवाईमें सरकार भी बनी। बाकी राज्योंमें आपसी सहमति नहीं बन पानेके कारण इंडिया गठबंधनके दल धराशायी हो गये। बादके दिनोंमें दिल्ली, बिहार, असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरीमें भी गठबंधनके दलोंकी खूब दुर्गति हुई। पश्चिम बंगालमें तो ममताकी तृणमूल तीन धड़ोंमें बंट गयी। चुनाव आयोगने पार्टीके नाम और चुनाव चिह्नपर रोक लगा दी है। उधर हरियाणामें सीटें नहीं दिये जानेसे नाराज अरविन्द केजरीवाल इंडिया गठबंधनसे अलग हो गये और दिल्लीमें अकेले मैदानमें उतरे। नतीजतन सरकार तो गयी ही खुद चुनाव हारकर घर बैठ गये। तमिलनाडुके चुनाव परिणाममें किसीको बहुमत नहीं मिलनेकी स्थितिके कारण कांग्रेस और वाम दल सत्ताकी लालसामें विजयकी पार्टी टीवीकेके साथ चले गये। इससे नाराज स्टालिनने इंडिया गठबंधनसे अलग होनेका ऐलान कर दिया। लड़ाई बहुकोणीय होनेसे भाजपाको फायदा मिलता रहा है। कहनेका मतलब यह कि विपक्षकी एकजुटता दिखावटी है। ऐसेमें मन मिले बिना सिर्फ हाथ मिला लेनेसे मतदाता विपक्षी दलोंपर भरोसा करें तो कैसे करें।

उत्तर प्रदेशमें समाजवादी पार्टी और कांग्रेसके दूसरी पंक्तिके नेताओंकी एक-दूसरेके खिलाफ बयानबाजीसे तो यही लगता है कि विपक्षके लिए दिल्ली अभी दूर है। पार्टीके बड़े नेताओंको इसमें दखल देना चाहिए और विवादको शांत कराना चाहिए। वोटके लिए एकजुट होकर जनताके पास जाना होगा। सपनेमें सरकार और कल्पनाका बालू बांटनेसे किसी दलका भला नहीं होगा। उधर असदुद्दीन ओवैसीकी पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन और मायावतीकी बहुजन समाज पार्टी पहलेसे विपक्षकी एकतामें पलीता लगा रही है। विपक्षी मतोंके विभाजनका सीधा लाभ भारतीय जनता पार्टीको मिल रहा है। ताजा मामला मुख्य चुनाव आयुक्तके विरोधका है। अंग्रेजीके एक अखबारमें चुनाव आयोगमें मतभेदकी खबरें और दो चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशीकी असहमतियोंको दरकिनार करनेसे उपजे हालातका है। विपक्षके लिए सरकारको घेरनेका यह बढ़िया मौका है। लेकिन इंडिया गठबंधनकी अगुवाई करने वाली कांग्रेस इस मुद्देका श्रेय अकेले ही लेना चाहती है। गठबंधनके बाकी दल अलग-थलग दिखाई दे रहे हैं। पटनामें तेजस्वीका अलग मोर्चा है तो दिल्लीमें केजरीवालकी अलग राह है। दरअसल क्षेत्रीय दलोंको मालूम है कि उनकी असली ताकत कांग्रेससे अलग हुए वोटरोंसे है। यदि कांग्रेस मजबूत हो गयी तो क्षेत्रीय दलोंका पुरसाहाल नहीं बचेगा। इसलिए वह भाजपाका विरोध तो करना चाहते हैं, लेकिन कांग्रेसको मजबूत करना नहीं चाहते। ऐसेमें देशकी सियासत किस करवट बैठेगी, समय बतायेगा।

सहारनपुर में पुलिस मुठभेड़, 25 हजार का इनामी लुटेरा गोली लगने से घायल, दो गिरफ्तार

कोतवाली देहात पुलिस की कार्रवाई, लूटा गया कुंडल, 460 रुपये नकद, तमंचा, कारतूस, मोटरसाइकिल और अवैध चाकू बरामद

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली देहात पुलिस ने रविवार रात मुठभेड़ के बाद लूट के मामले में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के कब्जे से तमंचा, कारतूस, मोटरसाइकिल, लूटा गया कुंडल, 460 रुपये नकद और एक अवैध चाकू बरामद किया गया है। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



पुलिस के मुताबिक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 11 अक्टूबर 2026 की रात कोतवाली देहात पुलिस टीम देवला से सरकड़ी खुमार की ओर जाने वाली सड़क के चौराहे के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान बालपुर गांव से बाईपास होते हुए बेहट की तरफ जाने वाली सड़क पर एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। पुलिस ने टॉर्च की रोशनी दिखाकर उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन मोटरसाइकिल सवार नहीं रुके। पुलिस के अनुसार, पीछे बैठे व्यक्ति ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। इसके बाद दोनों बदमाश तेज गति से मोटरसाइकिल लेकर सरकड़ी शेख की ओर जाने वाले रास्ते पर भागने लगे।

पुलिस टीम ने पीछा किया तो कुछ दूरी पर बदमाशों की मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। पुलिस के नजदीक पहुंचने पर आरोपियों ने दोबारा फायरिंग की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरे आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान पकड़ लिया।

पुलिस ने घायल आरोपी की पहचान बंटी पुत्र श्रवण निवासी लखनौती कला, थाना कोतवाली देहात, सहारनपुर के रूप में की है। वह कोतवाली देहात में दर्ज लूट के मुकदमे में वांछित था और उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। दूसरे गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुनीर पुत्र ताहिर निवासी गांव माझीपुर, थाना बेहट, सहारनपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने मुनीर के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, बंटी के खिलाफ सहारनपुर जनपद के विभिन्न थानों में लूट और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों से संबंधित करीब आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। बरामदगी में .315 बोर का एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, एक मोटरसाइकिल, 460 रुपये नकद और पीली धातु का एक लूटा गया कुंडल शामिल है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

देवबंद में त्यागी ब्राह्मण महाकुंभ से उठा राजनीतिक प्रतिनिधित्व का मुद्दा

आज समाचार सेवा

देवबंद। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश दौरे के कुछ सप्ताह बाद देवबंद में आयोजित त्यागी ब्राह्मण महाकुंभ ने समाज की राजनीतिक भागीदारी और सम्मान का मुद्दा चर्चा में ला दिया। रविवार को मां त्रिपुर बाला सुंदरी की धरती पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग पहुंचे। वक्ताओं ने एकजुटता, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और समाज के सम्मान पर जोर दिया। त्यागी भूमिहार ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगे राम त्यागी ने संबोधन में भाजपा पर समाज की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि समाज के साथ हो रहे कथित तिरस्कार को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनके बयान के बाद समाज की राजनीतिक अपेक्षाओं को लेकर चर्चा तेज हो गई।

महाकुंभ में पहुंचे पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा ने त्यागी ब्राह्मण समाज को राष्ट्रवादी बताते हुए एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज ने हमेशा देशहित में योगदान दिया है और उसे अपनी एकता बनाए रखनी चाहिए।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुशील त्यागी, वरिष्ठ समाजसेवी जुगनू त्यागी, मनीष त्यागी और प्रदेश अध्यक्ष सुधीर त्यागी सहित अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखे। वक्ताओं ने समाज की एकता, सम्मान और राजनीतिक भागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए अपनी मांगों के लिए संगठित रहने पर जोर दिया। सुधीर त्यागी ने कहा कि ब्राह्मण समाज एक है और हमेशा एक रहेगा।




- मांगे राम त्यागी ने उपेक्षा का आरोप लगाकर दी आर-पार की लड़ाई की चेतावनी, हजारों लोगों की मौजूदगी से कई घंटे प्रभावित रहा यातायात

आयोजन में उठे राजनीतिक प्रतिनिधित्व के सवालों ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में समाज की राजनीतिक भूमिका को लेकर चर्चा शुरू कर दी है। अब देखना होगा कि भाजपा समेत अन्य राजनीतिक दल इन मांगों पर क्या रुख अपनाते हैं।


गंगोह में रामलीलाओं में बढ़ने लगी दर्शकों की भीड़ कहीं राम-सीता विवाह तो कहीं राम वनवास का मंचन

गंगोह। क्षेत्र में आयोजित रामलीलाओं में अब दर्शकों की भीड़ बढ़ने लगी है। शिव चौक स्थित रामलीला में राम बारात निकाले जाने के बाद राम-सीता विवाह और वरमाला का आयोजन किया गया, जबकि मोहल्ला सराय स्थित रामलीला भवन में राम वनवास की लीला का भावपूर्ण मंचन हुआ। शिव चौक स्थित रामलीला में राम बारात के बाद रंगमंच पर देर रात तक स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संगीत की धुनों पर कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन किया। इसके बाद राम-सीता विवाह और वरमाला की रस्म संपन्न हुई। कार्यक्रम में अर्चित गोयल, मनोज गोयल, राकेश सिंघल, अतुल गोयल टिंकू, नवीन पांचाल, आदेश नामदेव, अरविंद सिंह साढ़ा, समर्थ गोयल, वरुण शर्मा, मनीष मित्तल, सुशील मित्तल, नीरज पाहुजा और अमित गैरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं, मोहल्ला सराय में हिंदू सभा सराय के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में रविवार रात राम वनवास की लीला का मंचन किया गया। कथा के अनुसार, महाराज दशरथ द्वारा रानी कैकेयी को दिए गए वचन के चलते भगवान श्रीराम को वनवास जाना पड़ा। माता कौशल्या द्वारा श्रीराम से वन न जाने का आग्रह करने वाले दृश्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया। रामलीला के मंचन के दौरान दर्शक भावविभोर नजर आए।



भाकियू अराजनैतिक ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन


बेहट। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक बैठक सोमवार को तहसील परिसर में तहसील अध्यक्ष अनुज शर्मा के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा के बाद पदाधिकारियों ने तहसीलदार विजय कुमार सिंह को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में किसानों का बकाया गन्ना भुगतान जल्द कराने, मुजफ्फराबाद ब्लॉक के मांडूवाला गांव में काली सड़क से मंदिर होते हुए गांव के ऊपरी हिस्से तक सड़क निर्माण कराने तथा आवारा पशुओं को गोशालाओं में भिजवाने की मांग की गई। इसके अलावा गन्ना ढुलाई का किराया किसानों के बजाय चीनी मिलों से वसूलने की मांग उठाई गई।



पदाधिकारियों ने मुजफ्फराबाद ब्लॉक के गांवों में पानी की टंकियां चालू कराने, पेयजल व्यवस्था सुधारने और खराब रास्तों व टूटी सीसी सड़कों की मरम्मत कराने की भी मांग की। इस दौरान तहसील प्रवक्ता प्रमोद कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष सोमप्रकाश, मंगेराम शर्मा, सुखपाल, ईसम सिंह, इरफान, मुर्तजा, रणवीर सिंह, राजकुमार और मानसिंह राणा सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

राशन कार्ड का लक्ष्य पूरा, नए कार्ड और यूनिट बढ़वाने के लिए भटक रहे गरीब

नकुड़ (सहारनपुर)। नगर क्षेत्र में राशन कार्ड बनाने का निर्धारित लक्ष्य पूरा होने के कारण नए राशन कार्ड बनाने और पुराने कार्डों में यूनिट बढ़वाने की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इससे गरीब परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तहसील स्थित पूर्ति विभाग के कार्यालय में रोजाना बड़ी संख्या में लोग राशन कार्ड बनवाने और परिवार के सदस्यों के नाम जुड़वाने के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें महिलाएं भी शामिल हैं। लोगों का कहना है कि राशन कार्ड में नाम दर्ज नहीं होने के कारण उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में दिक्कत हो रही है। कुछ मामलों में आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद राशन कार्ड में नाम नहीं होने से इलाज कराने में परेशानी सामने आ रही है। मोहल्ला बनजारान निवासी आजाद कुरैशी ने बताया कि उनका भतीजा बीमार है और उसका आयुष्मान कार्ड भी बना हुआ है, लेकिन राशन कार्ड में नाम दर्ज नहीं होने के कारण अस्पताल में आयुष्मान योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने राशन कार्ड में नाम जुड़वाने की मांग की है। इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक एनपी सिंह ने बताया कि नगर क्षेत्र में निर्धारित 64 प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो चुका है। इसके चलते पोर्टल पर नई प्रक्रिया नहीं हो पा रही है। इस समस्या से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।




मिशन शक्ति के तहत नुक्कड़ नाटक से बालिका शिक्षा और सुरक्षा का संदेश

छुटमलपुर (सहारनपुर)। प्राथमिक विद्यालय छुटमलपुर नंबर-2 में मिशन शक्ति फेज-6 के द्वितीय दिवस पर बालिका शिक्षा, सुरक्षा और स्वावलंबन के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। शारदीय नवरात्र के अवसर पर आयोजित गतिविधि के तहत विद्यार्थियों ने कस्बे में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। शिक्षिका अंजली आर्य ने बताया कि सरकार की ओर से मिशन शक्ति फेज-6 की शुरूआत शारदीय नवरात्र से की गई है। इसके तहत नौ दिनों तक विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जानी हैं। अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को समानता, सुरक्षा और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़कर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन कर सकें। इस दौरान बच्चों ने घर-घर जाकर बालिका शिक्षा का महत्व बताया और चाइल्ड हेल्पलाइन सहित अन्य सहायता सेवाओं की जानकारी दी।




सहारा विकास ट्रस्ट के द्वारा चिकित्सा शिविर आयोजित, निःशुल्क दवाइयां वितरित

नागल। सोमवार को क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा मे सहारा विकास ट्रस्ट एवं गनी हेल्थ केयर क्लीनिक के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 110 मरीजों की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया गया और जरूरत के अनुसार निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में पहुंचे मरीजों में दर्द, बीपी, थायराइड, नजला- जुकाम, खांसी, बुखार और अस्थमा से संबंधित समस्याएं सामने आईं। चिकित्सक डॉ. मोहसीन अली ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के जिला उपाध्यक्ष शहजाद ने कहा कि सहारा विकास ट्रस्ट शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में जनहित के कार्य करने के लिए प्रयासरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद लोगों तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है।



पुलिस ने भैंस चोरी का किया राज फाश आरोपित गिरफ्तार




नागल। कस्बे की नई बस्ती में हुई भैंस चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भैंस बेचकर उसके हिस्से की नगदी बरामद की है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय पेश कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम यादव ने बताया कि 2 अक्टूबर को कस्बे की नई बस्ती कॉलोनी निवासी आलिम ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया था कि बीती रात अज्ञात चोरों के द्वारा उसके घेर में बंधी लाखों रुपए कीमत की भैंस चोरी कर ली है। पुलिस ने घटना दर्ज करते हुए अज्ञात भैंस चोरों की जांच पड़ताल करते हुए तलाश शुरू करदख थी। जांच पड़ताल में इस मोहल्ला निवासी फिरोज का नाम प्रकाश में आया था सोमवार सुबह करीब 9 बजे मुखबीर के द्वारा सूचना मिली कि आरोपित भैंस चोर कहीं जाने की फिराक में स्टेट हाईवे से गांव फतेहपुर कंला जाने वाले रास्ते पर खड़ा है। उपनिरीक्षक शिवकार सिंह ने पुलिस टीम के साथ बताए गए स्थान से फिरोज को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 9200 की नगदी बरामद की है आरोपित भैंस चोर ने पुलिस को बताया कि उसने अपने साथियों के साथ एक अक्टूबर की रात्रि उनके ही मोहल्ले के रहने वाले आलिम के घेर में बंधी भैंस चोरी की थी।

जेएनयू प्रकरण को लेकर भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन, राहुल गांधी के इस्तीफे की मांग

आज समाचार सेवा

- महिला कार्यकताओं ने पैदल मार्च निकालकर जताया विरोध, कलेक्ट्रेट पहुंचकर कांग्रेस नेतृत्व से मांगा जवाब



सहारनपुर। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में छात्राओं द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने सोमवार को कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। भाजपा महानगर के बैनर तले महिला कार्यकताओं ने पैदल मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध जताया और कांग्रेस नेतृत्व से जवाबदेही तय करने की मांग की। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मोनिका पंडित, क्षेत्रीय कार्यालय मंत्री रचना जैन और महानगर अध्यक्ष आरती शर्मा के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल से जुड़े प्रकरण का उल्लेख करते हुए राहुल गांधी की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने राहुल गांधी से मामले पर अपना पक्ष स्पष्ट करने और नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की।

महिला मोर्चा की नेताओं ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से जुड़े मामलों में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तथा आरोपों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से इस मामले में अपना रुख सार्वजनिक करने की मांग भी उठाई।

प्रदर्शन में भाजपा जिला अध्यक्ष रक्षा नामदेव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वर्षा चोपड़ा, उषा उपाध्याय, सारिका गुप्ता, सारिका वालिया, आशा सभरवाल, अंजू त्यागी, दुर्गा सागर, पूनम यादव, रंजिता सिंह, दीपाली और नेहा राणा सहित महिला मोर्चा की अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहीं।

कार्यकताओं ने कहा कि महिलाओं से जुड़े गंभीर मामलों में निष्पक्ष जांच और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है।

स्कूलों में गूंजे मां दुर्गा के जयकारे, विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की आकर्षक झांकियां



गंगोह। क्षेत्र के गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी और प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल में नवरात्र के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान मां दुर्गा के जयकारों और गुणगान से विद्यालय परिसर भक्तिमय हो गया। विद्यार्थियों को नवरात्र के महत्व और नारी शक्ति के सम्मान का संदेश दिया गया। गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य लिटिल अग्रवाल ने मां दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया, जबकि उप प्रधानाचार्य दीपक सैनी ने पुष्प अर्पित किए। विद्यार्थियों ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री और द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं। वक्ताओं ने कहा कि नवरात्र पर्व साहस, धैर्य, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। प्रबंधक राकेश तायल ने विद्यार्थियों और स्टाफ को नवरात्र की शुभकामनाएं दीं।

एमएलसी चुनाव की तैयारियों के बीच 17 मतदान अधिकारी प्रशिक्षण से नदारद

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधान परिषद के मेरठ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन-2026 की तैयारियों के तहत सोमवार को राजकीय इंटर कॉलेज, नेहरू मार्केट के सभागार में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद कुमार चौहान की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में विभिन्न विभागों से नामित पीठासीन अधिकारियों और प्रथम मतदान अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण सत्र में 10 पीठासीन अधिकारी और 7 प्रथम मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे। इसे गंभीरता से लेते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित विभागाध्यक्षों को अनुपस्थित मतदान कर्मियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर उनका स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने प्रशिक्षण में उपस्थित मतदान कर्मियों से कहा कि वे निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित सभी बिंदुओं को गंभीरता से समझें और अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन के दौरान निष्पक्षता बनाए रखते हुए शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित कराया जाए।



प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को निर्वाचन संबंधी आवश्यक प्रक्रियाओं और उनके दायित्वों के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन लवी त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

देश को स्वच्छ बनाए रखने में सफाई कर्मचारियों की भूमिका बहुत ही सराहनीयःराधा राणा प्रियमवदा राणा

आज समाचार सेवा

बेहट, कस्बे के जनता इंटर कालेज के सरदार वल्लभभाई पटेल सभागार में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सफाई कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत राणा एवं कार्यक्रम आयोजक भाजपा नेत्री प्रियमवदा सिंह राणा द्वारा सफाई कर्मचारियों से संवाद करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया गया।



सोमवार को भाजपा नेत्री प्रियंवदा राणा की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत कस्बे व आसपास के क्षेत्र से सफाई कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सफाई कर्मचारियों से संवाद करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश को विकसित बनने का संकल्प लिया है जिसके लिए समझना बहुत जरूरी है और इसके लिए स्वच्छता अभियान भी चलाया गया है देश को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सफाई कर्मियों का बहुत बड़ा योगदान है। भाजपा नेत्री व कार्यक्रम आयोजक प्रिमवंदा राणा ने कहा कि देश को स्वच्छ बनाए रखने में सफाई कर्मचारियों की भूमिका बहुत ही सराहनीय है। सफाई कर्मचारियों से संवाद कर उन्हें सम्मानित करना उनके लिए बहुत बड़े सौभाग्य की बात है। सभी सफाई कर्मचारी पूरी ईमानदारी एवं मेहनत से काम कर हमें स्वच्छ वातावरण में बनाए रखते है। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से साढोली कदीम ब्लॉक प्रमुख विश्वास चौधरी, ब्लॉक मुजफ्फराबाद के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश पुंडीर, भाजपा नेता अनिल सिंघल, राहुल कुमार वर्मा, पूर्व सभासद हेमंत उर्फ टीनू जैन, अखिलेश बंसल, मुकेश राणा, नामित सभासद सुधीर कर्णवाल, सभासद सतप्रकाश रोहिला, बेहट भाजपा मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सैनी, मुकेश चौहान, सतेंद्र कुमार, रजनीश कुमार, सोहन मुखिया, नीरज चौहान, सुभाष धीमान, भारती सेतिया, पपन्न जैन, सचिन, सन्नी, योगेश, धर्मेंद्र कुमार, गुलशन भारती आदि मौजूद रहें।

चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

गागलहेड़ी। लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल एकेडमी में कैलाशपुर वन रेंज विभाग की ओर से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के बाद विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान वन दरोगा रकम सिंह ने विद्यार्थियों को पेड़ों के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी नियमित देखभाल करना आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रतिभा यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजन महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पौधों की देखभाल करने और अपने आसपास हरियाली बनाए रखने में योगदान देने की अपील की।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित करना रहा।

बाबा साहेब के संविधान की शक्ति से ही मिली महापौर की कुर्सीः महापौर

मेला गुघाल में नगर निगम द्वारा एक शाम संविधान निमार्ता के नाम का आयोजन

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में जीआईसी सभागार में नगर निगम द्वारा ह्यएक शाम संविधान निमार्ता के नामह्ह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बुद्ध व बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष अपर जिला जज बिजनौर सुंदरलाल, सतीश आजाद, सपा एससीएसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भारती व जाटव महासभा के अध्यक्ष सुदेश जाटव, कार्यक्रम संयोजक पार्षद स्वराज सिंह व सह संयोजक नितिन जाटव, उपसभापति मयंक गर्ग, मेला अयोजन समिति के अध्यक्ष दिग्विजय चौहान, पूर्व उपसभापति मुकेश गक्खड़, पार्षद मनोज प्रजापति, संजीव कर्णवाल व पार्षद प्रतिनिधि नीरज दिवाकर, राकेश कल्याण और परविंद तोमर ने दीप प्रज्वलन तथा रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

भंते धम्म सागर ने तथागत बुद्ध की वंदना की। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने भगवान बुद्ध के करुणा, अहिंसा और शांति के संदेश को आगे बढ़ाया और मानवता व सामाजिक विकास में शिक्षा को आधार बनाया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने भी तथागत बुद्ध और डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। महापौर ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहेब का योगदान अद्वितीय है। बाबा साहेब ने स्वतंत्रता, समानता, और बंधुत्व के मूल्यों को लोकतांत्रिक व्यवस्था में विशेष स्थान दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के संविधान की शक्ति ने ही उन्हें महापौर की कुर्सी तक पहुंचाया है।



अपर जिला जज सुंदरलाल ने कहा कि डॉ.अंबेडकर ने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक समानता, न्याय और वंचित वर्ग के अधिकारों के प्रति समर्पित किया। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनाया। उनके विचार आज भी समानता, स्वतंत्रता, और बंधुत्व पर आधारित समाज के निर्माण की प्रेरणा देते हैं।

सतीश आजाद ने कहा कि बाबा साहेब एक विचार है। बाबा साहेब ने एक ऐसे समाज की कल्पना की, जहां किसी व्यक्ति के साथ जाति या सामाजिक स्थिति के कारण भेदभाव न हो। उनका संघर्ष न्यायपूर्ण मानवीय समाज के निर्माण की प्रेरणा देता है। राहुल भारती ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, ज्ञान और दृढ़ संकल्प की मिसाल है। उनका व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों को अधिकारों के प्रति जागरुक रहने की मिसाल देता रहेगा। कार्यक्रम संयोजक स्वराज सिंह व सह संयोजक नितिन जाटव ने सभी अतिथियों को पगड़ी पहनाकर तथा अंगवस्त्र ओढ़ाकर अभिनंदन किया। मनजीत मेहरा व सविता अंबेडकर ने बाबा साहब के आदर्शो और विचारों पर आधारित गीतों ने बार-बार सभागार की तालिया बटोरी।

मिशन शक्ति फेज-6 का शुभारंभ, डीएम और एसएसपी ने पैदल मार्च को दिखाई हरी झंडी

तहसील, थाना और ग्राम पंचायत स्तर तक चलेंगे जागरुकता कार्यक्रम, महिलाओं को सरकारी योजनाओं और सुरक्षा उपायों की दी जाएगी जानकारी

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण के उद्देश्य से सोमवार को सहारनपुर में मिशन शक्ति अभियान के चरण-6 का शुभारंभ किया गया। शारदीय नवरात्र के अवसर पर पुलिस लाइन से निकाली गई पैदल यात्रा को जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पैदल मार्च के माध्यम से महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।



पुलिस लाइन से शुरू हुई पैदल यात्रा चंद्रनगर चौकी होते हुए कोर्ट रोड तक निकाली गई। इसमें पुलिस विभाग, महिला कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने भी भाग लिया। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तीकरण और जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रम जिले की सभी तहसीलों, थानों और ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे। अभियान को गांव से लेकर तहसील और थाना स्तर तक पहुंचाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकारी योजनाओं, सुरक्षा उपायों और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने कहा कि शारदीय नवरात्र के दौरान महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे। इसके साथ ही एंटी रोमियो स्क्वाड और मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाया जाएगा, ताकि महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी सहायता उपलब्ध कराने के साथ उन्हें जागरूक भी किया जा सके।

कार्यक्रम में एसपी सिटी व्योम बिंदल, एसपी यातायात शैलेंद्र कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, सीओ सदर, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और जिला प्रोबेशन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

एमएलसी चुनाव के लिए कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित

आज समाचार सेवा

- 23 अक्टूबर को होगा मतदान, निर्वाचन संबंधी समस्या के लिए 0132-2727869 पर करें संपर्क

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के मेरठ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। निर्वाचन संबंधी समस्याओं के समाधान और आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित पुराने सभागार में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी लवी त्रिपाठी ने बताया कि मेरठ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान 23 अक्टूबर 2026 को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक संबंधित मतदान स्थलों पर कराया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए कंट्रोल रूम के माध्यम से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन से संबंधित किसी भी समस्या, जानकारी या समाधान के लिए नागरिक एवं संबंधित व्यक्ति कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 0132-2727869 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराना और समस्याओं का समय से निस्तारण सुनिश्चित करना है।

रामलीला मंच पर धूमधाम से मनाया गया महाराजा अग्रसेन जी का जन्मोत्सव



बिलासपुर। नगर में रविवार की रात महाराजा अग्रसेन जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ रामलीला मंच पर मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा अग्रवाल सभा में स्थापित महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। इसके बाद आरती की गई और उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया ।कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन जी के जीवन, उनके विचारों और समाज के प्रति उनके योगदान को दर्शाने के लिए विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रसारण बड़ी एलईडी स्क्रीन पर किया गया ।उपस्थित लोगों ने डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से उनके जीवन और आदर्शों के बारे में जानकारी प्राप्त की ।इस दौरान कार्यक्रम में शामिल लोगों ने महाराजा अग्रसेन जी के बताए मार्ग पर चलने और समाज में एकता, भाईचारे एवं सेवा भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया। आयोजन के दौरान श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा ।इस अवसर पर धन्नू मल बंसल, दुष्यंत अग्रवाल, तिलक राज जैन, नीरज अग्रवाल, सुनील गुप्ता, सपन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, जागेश अग्रवाल, शिव शंकर गुप्ता गर्व गुप्ता ध्रुव गुप्ता बंसल, सतपाल जिंदल, नरेश अग्रवाल, अनिल मदान, विनोद मिश्रा, प्रदीप अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, मोहित अग्रवाल और निरंजन बंसल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

नवजोत सिंह हत्याकांड में दो वांछित आरोपियों को किया गिरफ्तार

अवैध हथियार, कारतूस और ऑल्टो कार बरामद; मामले में आगे की कार्रवाई जारी



रामपुर। थाना मिलकखानम क्षेत्र में नवजोत सिंह की हत्या के मामले में पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है ।पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे,एक पिस्टल,चार जिंदा कारतूस,दो जिंदा कारतूस 32 बोर, दो खोखा कारतूस और एक ग्रे कलर की ऑल्टो कार बरामद की गई है।

गौरतलब हो कि 10 अक्टूबर 2026 को ग्राम टाहकला निवासी नवजोत सिंह ग्राम कुम्हरिया कला स्थित अपनी कार वॉशिंग दुकान पर मौजूद था ।इसी दौरान अज्ञात कार सवार युवकों ने उसे गोली मार दी,जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में 11 अक्टूबर को मिली लिखित तहरीर के आधार पर आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अनुराग सिंह ने बताया कि 12 अक्टूबर को थाना पुलिस और एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने गश्त और चेकिंग के दौरान मिली सूचना के आधार पर पीपलीवन जंगल में नहल बैराज के पास से दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया ।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अवदीप सिंह पुत्र धीर सिंह, निवासी टाहकला और राजनदीप सिंह उर्फ रजविंदर पुत्र दिलबाग सिंह, निवासी कचनाल थाना बिलासपुर के रूप में हुई है ।पुलिस के अनुसार, तलाशी के दौरान अवदीप के पास से 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए ।वहीं, राजनदीप के पास से एक तमंचा, 32 बोर की पिस्टल और चार जिंदा कारतूस मिले ।पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर झाड़ियों में खड़ी ऑल्टो कार की तलाशी ली गई, जहां से दो खोखा कारतूस बरामद हुए। कार्रवाई में एसओजी, सर्विलांस और थाना मिलकखानम पुलिस की टीमें शामिल रहीं। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

राम के राज्याभिषेक की तैयारियों के बीच कैकेयी के हठ ने बदली अयोध्या की तस्वीर

रामपुर। भक्ति की रसधारा, भगवान के दिव्य चरित्र और भारतीय संस्कृति के आदर्शों से सराबोर श्री राम महोत्सव में प्रतिदिन श्रद्धालुओं को धर्म, मर्यादा और कर्तव्य का संदेश मिल रहा है। उत्सव पैलेस, कोसी मंदिर मार्ग स्थित रामलीला मैदान में श्री सनातन रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव में श्री गोविंद गोपाल लीला संस्थान, वृंदावन के कलाकारों ने अपने भावपूर्ण अभिनय से ऐसा समां बांधा कि दर्शक भक्तिरस में डूब गए। संस्थान के निदेशक कन्हैया लाल दत्ता त्रय के कुशल निर्देशन में सुबह श्री रासलीला, चैतन्य महाप्रभु की लीला और महाप्रभु जी के विवाह प्रसंग का आयोजन किया गया, जबकि रात्रि में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन के अत्यंत महत्वपूर्ण प्रसंगों का सजीव मंचन हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सना खानम, एसके अग्रवाल और समाजसेवी मामून शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। धार्मिक मंचन के माध्यम से कलाकारों ने दर्शाया कि जीवन में परिस्थितियां चाहे कितनी भी विपरीत क्यों न हों, धर्म, सत्य, त्याग और कर्तव्य का मार्ग ही मनुष्य को महान बनाता है। सुबह की बेला में श्री रासलीला के मंचन ने वातावरण को कृष्णमय बना दिया। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के माध्यम से प्रेम, भक्ति और आत्मिक समर्पण का संदेश दिया गया। कलाकारों की भाव-भंगिमाओं, संवादों और संगीत ने ब्रज की पावन संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। रासलीला ने दर्शकों को यह अनुभूति कराई कि भगवान के प्रति निष्कपट प्रेम ही सच्ची भक्ति का आधार है।

सुबह के धार्मिक आयोजनों में महाप्रभु जी के विवाह प्रसंग का भी मंचन हुआ। विवाह से जुड़े दृश्यों, पारंपरिक वेशभूषा और भावपूर्ण अभिनय के माध्यम से धार्मिक परंपराओं की सुंदर प्रस्तुति की गई। कलाकारों ने प्रसंग को श्रद्धा और मर्यादा के साथ प्रस्तुत करते हुए दर्शकों को भक्ति के वातावरण से जोड़ दिया।

रात्रिकालीन श्री राम महोत्सव में कथा ने उस महत्वपूर्ण मोड़ पर प्रवेश किया, जब अयोध्या में भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारियां होने लगीं। महाराज दशरथ ने श्रीराम के गुण, आज्ञाकारिता, पराक्रम और प्रजावत्सल स्वभाव को देखते हुए उन्हें युवराज बनाने का निर्णय लिया। अयोध्या में उत्सव का वातावरण था। प्रजा अपने प्रिय राजकुमार को राजसिंहासन पर विराजमान देखने के लिए उत्साहित थी। लेकिन नियति को कुछ और ही स्वीकार था। जहां एक ओर राज्याभिषेक की खुशियां मनाई जा रही थीं, वहीं दूसरी ओर मंथरा के षड्यंत्र ने पूरे घटनाक्रम को बदलने की भूमिका तैयार कर दी। इस प्रसंग ने दर्शकों को बताया कि कभी-कभी एक व्यक्ति की गलत सलाह पूरे परिवार और समाज के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकती है।

रामलीला का सबसे महत्वपूर्ण प्रसंग मंथरा और कैकेयी के संवाद का रहा। मंथरा ने कैकेयी के मन में यह आशंका पैदा की कि श्रीराम के राजा बनने के बाद भरत का महत्व कम हो जाएगा। उसने कैकेयी को पुराने वरदानों की याद दिलाकर अपने स्वार्थपूर्ण उद्देश्य की पूर्ति के लिए उकसाया। मंथरा की बातों में आकर कैकेयी का मन बदलने लगा। जिस श्रीराम को वह स्नेह करती थीं, उन्हीं के प्रति उनके मन में राज्य और अपने पुत्र के भविष्य को लेकर मोह उत्पन्न हो गया। कलाकारों ने संवादों और हाव-भाव के माध्यम से दिखाया कि गलत संगति और कुटिल सलाह किस प्रकार विवेक पर पर्दा डाल सकती है। इसके बाद कोपभवन में महाराज दशरथ और कैकेयी के बीच हुए संवाद का भावपूर्ण मंचन किया गया। कैकेयी ने महाराज को उनके पूर्व में दिए गए दो वरदानों की याद दिलाई। पहले वरदान में उन्होंने भरत के लिए राजगद्दी और दूसरे में श्रीराम के लिए चौदह वर्ष का वनवास मांग लिया। कैकेयी की मांग सुनकर महाराज दशरथ स्तब्ध रह गए। जिस राम के राज्याभिषेक की तैयारियां उन्होंने बड़े उत्साह से कराई थीं, उसी राम को वन भेजने की कल्पना ने उन्हें भीतर तक तोड़ दिया। उन्होंने कैकेयी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कैकेयी अपने निर्णय पर अडिग रहीं।

इस दृश्य में एक ओर पुत्र-वियोग की आशंका से व्याकुल पिता का दर्द दिखाई दिया, तो दूसरी ओर वचनबद्धता की मर्यादा में बंधे राजा की विवशता सामने आई। मंचन ने दर्शकों को भावुक करते हुए यह संदेश दिया कि वचन देना जितना महत्वपूर्ण है, उसे निभाने की जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी होती है। रात्रि की लीला में समरासुर वध का प्रसंग भी प्रस्तुत किया गया। इस प्रसंग के माध्यम से धर्म की रक्षा, वीरता और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष की भावना को मंच पर उकेरा गया। कैकेयी की मांग पूरी होने के बाद श्रीराम के वनगमन का मार्मिक प्रसंग प्रस्तुत किया गया। श्रीराम ने पिता की प्रतिज्ञा और राजधर्म की मर्यादा को सर्वोपरि रखते हुए बिना किसी विरोध के वन जाने का निर्णय स्वीकार कर लिया। उनके लिए राजसिंहासन से अधिक महत्वपूर्ण पिता के वचन की रक्षा थी। वनगमन के प्रसंग में माता सीता और लक्ष्मण के साथ श्रीराम के प्रस्थान ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। राजमहल की सुख-सुविधाओं को त्यागकर वन की कठिन राह चुनने वाले श्रीराम ने संसार को त्याग, धैर्य और कर्तव्यपालन का अनुपम उदाहरण दिया। वनगमन के बाद तमसा नदी के तट पर निवास का प्रसंग मंचित किया गया। अयोध्या से दूर वन की परिस्थितियों में श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के जीवन की झलक दिखाई गई। राजसी वैभव से दूर नदी के किनारे विश्राम करते हुए तीनों के माध्यम से संतोष, संयम और त्याग की भावना को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सह-अध्यक्ष हरिश्चंद्र अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, कोषाध्यक्ष निर्भय गर्ग, ईश्वर शरण अग्रवाल, जुगेश अरोड़ा कुक्कू भाई, डॉ. अजय अग्रवाल, डॉ. सुमित गोयल, मनोज अग्रवाल, अरविंद कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राजीव शरण गर्ग, संजय कुमार अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, रविंद्र कुमार मिश्रा सहित कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

रामलीला मंचन में अश्लील डांस का वीडियो वायरल, 50 से अधिक आयोजकों पर कार्रवाई

बिलासपुर। रामलीला मंचन के दौरान महिलाओं के अश्लील नृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद खजुरिया थाना पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए 50 से अधिक आयोजकों के खिलाफ धारा 126/135 बीएनएस के तहत कार्रवाई की है। साथ ही भविष्य में इस तरह की गतिविधियां दोबारा होने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है ।जानकारी के मुताबिक, थाना खजुरिया क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुछ गांवों में आयोजित रामलीला कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं के अश्लील नृत्य किए जाने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित रामलीला आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई की ।अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने बताया कि खजुरिया थाना क्षेत्र में कुछ स्थानों पर आयोजित रामलीलाओं के दौरान महिलाओं के अश्लील नृत्य का मामला सामने आया है। इस संबंध में 50 से अधिक आयोजकों के खिलाफ धारा 126/135 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है ।उन्होंने बताया कि क्षेत्र में रामलीला आयोजित करने वाले सभी आयोजकों को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मर्यादा बनाए रखें। यदि भविष्य में इस तरह की गतिविधियां सामने आती हैं, तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद आयोजकों में हड़कंप मचा हुआ है।

झील में मिला 45 वर्षीय व्यक्ति का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

स्वार। थाना क्षेत्र के गांव हरनगला के मझरा पृथ्वीनगर रोड किनारे स्थित झील में सोमवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक की पहचान हरनगला निवासी कुंवर पाल सिंह पुत्र कृष्ण पाल सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार कुंवर पाल सिंह रविवार शाम से घर से लापता थे। सोमवार सुबह उनका शव भोट-बक्काल रोड स्थित हरनगला की झील में मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां शव देखकर उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। हालांकि अभी तक पुलिस को कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है ।बताया जा रहा है कि मृतक अक्सर शाम के समय दोस्तों के साथ शराब का सेवन करते थे। सूचना पर क्राइम इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, हल्का प्रभारी उवेश खान, हेड कांस्टेबल महिपाल और मनजीत सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामले में कोतवाल अनुपम शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की सही पुष्टि हो सकेगी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डबल इंजन सरकार के विकास दावों की खुली पोल, जनता बदलाव के लिए तैयार- सुरेंद्र सिंह सागर

रामपुर। आज 12 अक्टूबर 2026 को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी के दिशा-निर्देशानुसार पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश सचिव/पूर्व राज्य मंत्री श्री सुरेंद्र सिंह सागर जी ने रामपुर के 38 मिलक शाहाबाद विधानसभा के ग्राम भुडासी,करैथी, करैथी का मझरा, नगर शाहबाद के मोहल्ला फर्राशान में दौरा कर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को आड़े हाथों लिया। गांवों की बदहाली, टूटी सड़कें, ठप पड़ी विकास योजनाएं और बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं पर उन्होंने गहरी चिंता जताई। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री ने कहा कि भाजपा की 卐डबल इंजन सरकार卐 जमीनी हकीकत से पूरी तरह कटी हुई है। आज गांवों में किसानों को समय पर खाद-पानी नहीं मिल रहा है, युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं, और आम आदमी महंगाई व कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है। सपा शासनकाल में शुरू हुए विकास कार्यों को भी इस सरकार ने ठप कर दिया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समाजवादी पार्टी हमेशा समाज के शोषितों, दलितों, पिछड़ों और गरीबों के अधिकारों के लिए खड़ी रही है और आगे भी सड़क से लेकर संसद तक जनता की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी। ग्रामीण जनता अब सरकार के झांसे में आने वाली नहीं है और सूबे में आने वाले 2027 में पूर्ण बहुमत की सपा सरकार बनाने का मन बना चुकी है दौरे में एडवोकेट जितेंद्र बाबू (राष्ट्रीय सचिव, अनुसूचित मोर्चा), जगदीश पाल (प्रदेश सचिव, युवजन सभा), सतीश दिवाकर (मंडल प्रभारी, दिवाकर समाज), पातिराम प्रजापति (पूर्व विधानसभा अध्यक्ष), रामकिशोर प्रजापति, रवि प्रजापति, विनय प्रजापति,महावीर फूल वाले, शीशपाल सिंह, रामचंद्र सागर, सुनील सागर, दीपक सागर, राहुल सागर, धर्मेंद्र सागर, हरसान सागर, विनीत कुमार, सुनील सागर, अंकित कुमार, सत्यपाल, जितेंद्र, जगपाल सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

मिलक में पुलिस को बड़ी सफलता, चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

मिलक, रामपुर। मिलक पुलिस ने चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को कस्बा मिलक स्थित रौरा कट पर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आकाश रस्तोगी (22) निवासी रामसिंह की मढ़ी, नयागांव और दानिश (19) निवासी मोहल्ला नयागांव, थाना मिलक के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से बरेली नंबर की एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि बरामदगी के आधार पर पंजीकृत मुकदमे में चोरी का माल खरीदने से संबंधित धारा की बढ़ोतरी की गई है। दोनों आरोपियों को सोमवार को न्यायालय रामपुर के समक्ष पेश किया गया ।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक कृष्णपाल सिंह, हेड कांस्टेबल जागेश सिंह, पवन सिंह, नफीस अहमद और योगेश सिंह शामिल रहे।

जादमपुर डूंगरपुर समेत कई गांवों में दर्शिका आर्य 'सैनी' ने किया जनसंपर्क

मिलक रामपुर। 38 विधानसभा क्षेत्र मिलक के ग्राम जादमपुर डूंगरपुर समेत कई गांवों में दर्शिका आर्य 'सैनी' ने जनसंपर्क कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके लाभों से ग्रामीणों को अवगत कराया ।इस दौरान क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान पर चर्चा हुई। जनसंपर्क में विजय सैनी, लीलाधर सैनी, राजपाल सैनी समेत कई गणमान्य लोग तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं मौजूद रहीं।

प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार का शिलान्यास, भूमि पूजन कर शुरू हुआ निर्माण

मिलक रामपुर- नगर के वार्ड नं. 1 नसीराबाद स्थित प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर रविवार को विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। मंदिर परिसर में पंडित जी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन संपन्न कराया गया। पूजन के बाद मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि यह शिव मंदिर काफी प्राचीन है और लंबे समय से जर्जर अवस्था में था। मोहल्ले के लोगों के आपसी सहयोग से अब इसका पुनर्निर्माण कराया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु सुचारू रूप से पूजा-अर्चना कर सकें। भूमि पूजन कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग, युवा व बच्चे मौजूद रहे। सभी ने मंदिर निर्माण में सहयोग का संकल्प लिया। पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सुरेश गंगवार, चंद्र प्रकाश शर्मा, तेजपाल कोली, मनोज शुक्ला, शंकर लाल शर्मा, जितेंद्र सिंह सहित मोहल्ले के तमाम नागरिक मौजूद रहे।

कारोबारी रोहताश बत्रा के घर ईडी का छापा



रामपुर- उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के सीमावर्ती कस्बे बिलासपुर में सोमवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब लोग नींद से जागे भी नहीं थे और जांच एजेंसियों की गाड़ियों का बड़ा काफिला शहर में दाखिल हो गया। उत्तराखंड बॉर्डर से सटी पॉश बत्रा कॉलोनी में गाड़ियों के रुकते ही सन्नाटा पसर गया। यह कार्रवाई आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की संयुक्त टीम द्वारा की गई। टीम ने इलाके के जाने-माने कारोबारी रोहताश बत्रा और मेडिसिटी हॉस्पिटल के पूर्व मालिक डॉ. दीपक छाबड़ा के आवासों पर एक साथ दस्तक दी। इसी दौरान टीम ने रोहताश बत्रा और डॉ. दीपक छाबड़ा को जिम से अपनी हिरासत में ले लिया, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

तड़के गाड़ियों का काफिला- मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब पांच बजे जब चारों तरफ अंधेरा था, तभी करीब 12 से 15 चार पहिया गाड़ियां एक के बाद एक बत्रा कॉलोनी पहुंचीं। गाड़ियों से उतरे अधिकारियों ने बिना कोई वक्त गंवाए सीधे दोनों परिसरों को अपने घेरे में ले लिया। टीम के पहुंचते ही घरों के मुख्य दरवाजों को भीतर से बंद करा दिया गया ताकि कोई भी बाहरी व्यक्ति अंदर न जा सके और न ही अंदर से कोई बाहर निकल सके। सुरक्षा के लिहाज से मीडियाकर्मियों को भी मौके पर कवरेज करने से रोका जा रहा है। सुबह-सुबह इतनी बड़ी तादाद में केंद्रीय एजेंसियों की गाड़ियों और अफसरों को देखकर आसपास के लोग भी सन्न रह गए।

पार्क ग्रुप से जुड़े तार- स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रोहताश बत्रा और डॉ. दीपक छाबड़ा मेडिसिटी हॉस्पिटल में साझेदार थे। बताया जा रहा है कि अभी कुछ ही दिन पहले मेडिसिटी हॉस्पिटल को पार्क ग्रुप के हवाले किया गया था। इस समय पार्क ग्रुप के खिलाफ भी आयकर विभाग और ईडी की सख्त कार्रवाई चल रही है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि बिलासपुर में हुई यह छापेमारी भी पार्क ग्रुप से जुड़ी जांच की कड़ी का हिस्सा हो सकती है। दोनों ही परिवारों का इलाके में गहरा रसूख है, जिसके चलते इस कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

मौके पर भारी जमावड़ा- छापेमारी और हिरासत की खबर फैलते ही मौके पर सियासी और सामाजिक हलचल काफी तेज हो गई। इस समय शहर विधायक शिव अरोड़ा और दर्जा राज्यमंत्री सुरेश कोली समेत क्षेत्र के कई प्रभावशाली व रसूखदार लोग मौके पर डटे हुए हैं। हिरासत में लिए जाने के बाद अधिकारियों की पूछताछ जारी है और घरों में रखे बैंक खातों, अस्पताल सौदे के कागजात समेत अन्य वित्तीय लेन-देन के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। सुबह पांच बजे से शुरू हुई यह संयुक्त कार्रवाई खबर लिखे जाने तक लगातार जारी है।

चेयरमैन खालिद अली ने प्राथमिक विद्यालय द्वितीय के नवीन भवन का किया शिलान्यास

स्वार। नगर पंचायत नरपतनगर दूँदावाला में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। नगर पंचायत नरपतनगर दूँदावाला के चेयरमैन खालिद अली ने प्राथमिक विद्यालय द्वितीय के नवीन भवन का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, नगर के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि प्राथमिक विद्यालय द्वितीय का पुराना भवन काफी समय से जर्जर अवस्था में था, जिसके कारण विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। विशेष रूप से भीषण गर्मी एवं बरसात के मौसम में बच्चों की परेशानियाँ और अधिक बढ़ जाती थीं। विद्यालय भवन की खराब स्थिति के कारण बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित हो रही थी।



विद्यार्थियों की इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए चेयरमैन खालिद अली ने विद्यालय के नवीन भवन के निर्माण हेतु निरंतर प्रयास किए। उनके प्रयासों से विद्यालय को नए भवन की सौगात मिली, जिसका आज उन्होंने विद्यालय स्टाफ एवं अपने समर्थकों की उपस्थिति में शिलान्यास किया। इस अवसर पर चेयरमैन खालिद अली ने कहा कि 卐बच्चे हमारे देश और समाज का भविष्य हैं। उन्हें सुरक्षित, स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का पूरा अधिकार है। शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। हमारा प्रयास है कि नगर पंचायत का प्रत्येक बच्चा अच्छी शिक्षा प्राप्त करे और आगे चलकर अपने परिवार, समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन करे। उन्होंने आगे कहा कि नवीन विद्यालय भवन के निर्माण से बच्चों को जर्जर भवन की समस्याओं से राहत मिलेगी तथा उन्हें बेहतर वातावरण में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्राप्त होगा। नगर पंचायत क्षेत्र में शिक्षा, सड़क, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। विद्यालय के नवीन भवन के शिलान्यास से स्थानीय नागरिकों एवं अभिभावकों में खुशी का माहौल देखने को मिला इस मौके पर लोगों ने मिठाई वितरण कर खुशी जताई। उपस्थित लोगों ने चेयरमैन खालिद अली के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर चेयरमैन खालिद अली के साथ व्यापारी नेता मसरूर अहमद, एडवोकेट मोहम्मद आसिफ, रहमत अली,अनुभा चौहान, अंकित कुमार, अमजद खान,सभासद मोहम्मद ज़िलानी,हाजी इसरार अहमद,नूर हसन मिंबर ,मोहम्मद अली,मोहम्मद रफ़ी,अहमद अली,राहुल ,अनसाद अहमद,मिराजुद्दीन ठेकेदार, मुराद मुस्तफा, आमिर इकबाल,फ़ज़ले अहमद समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

नवरात्रि पर खाद्य विभाग की छापेमारी, साबूदाना और कुट्टू के आटे के नमूने लिए

रामपुर। नवरात्रि पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार को मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए छापेमारी की। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजीव सिंह के नेतृत्व में टीम ने मिस्टन गंज क्षेत्र में दुकानों की जांच की और चार खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे।

फूड पॉइजनिंग की शिकायत मिलने पर टीम ने अग्रवाल धर्मशाला के पास स्थित एसके ट्रेडर्स से साबूदाना, मयूर ब्रांड कुट्टू का आटा और कुट्टू मिंग के नमूने लिए। इसके अलावा भगत जी किराना स्टोर से साबूदाना का नमूना लिया गया। जांच के दौरान एक किराना दुकान पर अखाद्य केमिकल की बिक्री का मामला भी सामने आया। इस पर संबंधित दुकानदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने लोगों से अपील की है कि नवरात्रि में खुले में बिकने वाला पिसा कुट्टू का आटा न खरीदें। पैक किया हुआ सामान खरीदते समय पैकिंग की तारीख, इस्तेमाल की अंतिम तारीख और निर्माता का पूरा पता जरूर देख लें। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजीव सिंह ने बताया कि मिलावट रोकने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। कार्रवाई करने वाली टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार, अशोक कुमार, देवकान्त, शहाबुद्दीन दोस्त और धर्मपाल सिंह शामिल रहे।

बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए काउंसलिंग सत्र आयोजित

रामपुर। ज्ञानपुर एजुकेशनल ट्रस्ट की ओर से महर्षि विद्या मंदिर में कक्षा 10 व 12 के विद्यार्थियों के लिए साइकोलॉजिकल काउंसलिंग सेमिनार आयोजित किया गया। सत्र का संचालन पुलकित अग्रवाल ने किया। उन्होंने छात्रों को परीक्षा के तनाव से निपटने, स्मरण शक्ति बढ़ाने और समय प्रबंधन के टिप्स दिए। कहा कि नियमित अध्ययन और सकारात्मक सोच से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। इस दौरान प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार यादव, ट्रस्ट अध्यक्ष सुखदेव मिश्रा और सचिव अनु मिश्रा ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे

कुट्टू के आटे ने बिगाड़ी लोगों की सेहत, व्रत खोलते ही मचा हाहाकार, खाद्य सुरक्षा विभाग की निगरानी पर उठे सवाल

रामपुर। व्रत रखकर भगवान की भक्ति करने वाले लोगों को क्या पता था कि व्रत खोलने के लिए खाया गया कुट्टू का आटा उनकी खुशियों को बीमारी में बदल देगा। खराब कुट्टू का आटा खाने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ने का मामला सामने आया है। रात से लेकर दोपहर 12 बजे तक जिला अस्पताल में करीब 70 मरीज पहुंचने की सूचना है। कई मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया, जबकि अन्य का उपचार किया गया। कुछ परिवारों के कई-कई सदस्य बीमार होने से परिजनों की चिंता बढ़ गई।

इस घटना ने खाद्य सुरक्षा विभाग की निगरानी और बाजार में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि जांच में कुट्टू का आटा खराब या दूषित पाया जाता है, तो इसे बेचने और आपूर्ति करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। आखिर त्योहार और व्रत के मौके पर खाद्य पदार्थों की जांच के दावे जमीन पर कितने प्रभावी हैं?

मिली जानकारी के अनुसार, कुट्टू का आटा खाने के बाद कई लोगों की तबीयत बिगड़ी और उन्हें फूड पॉइजनिंग जैसे लक्षणों के चलते जिला अस्पताल पहुंचाया गया। किसी परिवार के एक सदस्य की तबीयत बिगड़ी तो कहीं एक साथ कई लोग बीमार पड़ गए। रात से मरीजों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ, जो शाम तक जारी रहा।

अचानक मरीजों के पहुंचने से अस्पताल में उपचार का दबाव बढ़ गया। डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों को संभालने में जुटना पड़ा। कई मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। वहीं, इस घटना ने उन परिवारों की चिंता बढ़ा दी, जिन्होंने व्रत खोलने के लिए कुट्टू के आटे से बने पकवान खाए थे।

दोपहर 12 बजे तक जिला अस्पताल में करीब 70 मरीजों के पहुंचने की जानकारी सामने आई है। इतनी बड़ी संख्या में लोगों की तबीयत बिगड़ने की सूचना को सामान्य घटना मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रशासन को तत्काल यह पता लगाना चाहिए कि संबंधित कुट्टू का आटा कहां से खरीदा गया था, किस कंपनी या विक्रेता का था और क्या एक ही बैच का आटा अलग-अलग परिवारों तक पहुंचा था।

खाद्य सुरक्षा विभाग को संदिग्ध आटे के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच करानी चाहिए। संबंधित दुकानों और गोदामों में उपलब्ध स्टॉक की जांच होनी चाहिए तथा जांच के दौरान संदिग्ध उत्पाद की बिक्री रोकने के लिए नियमानुसार कदम उठाए जाने चाहिए। यदि मिलावट, दूषित खाद्य सामग्री या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

मरीजों के जिला अस्पताल पहुंचने के साथ निजी चिकित्सकों के यहां भी उपचार कराने की जरूरत पड़ी। ऐसे में बीमार लोगों और उनके परिजनों पर मानसिक परेशानी के साथ आर्थिक बोझ भी बढ़ सकता है। हालांकि निजी डॉक्टरों की कमाई या किसी अस्पताल की भूमिका के संबंध में अलग से पुष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है, लेकिन इस घटना ने समय पर सुरक्षित और सुलभ चिकित्सा उपलब्ध कराने की जरूरत जरूर उजागर की है।

इस घटना के बाद जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग के सामने कई अहम सवाल हैं कि क्या संबंधित कुट्टू के आटे के नमूने लेकर जांच कराई गई है? क्या आटे के पैकेट पर दर्ज निर्माण तिथि, बैच नंबर और अन्य विवरणों की जांच की जाएगी? क्या संबंधित दुकानदार, वितरक और निर्माता की पहचान की जा रही है? क्या जिले में अन्य दुकानों पर बिक रहे कुट्टू के आटे की भी जांच होगी? जांच में खराब या दूषित आटा मिलने पर जिम्मेदारों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी?

प्रशासन को इन सवालों पर तत्काल संज्ञान लेकर जांच की स्थिति सार्वजनिक करनी चाहिए, ताकि लोगों का भरोसा बना रहे और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

मिशन शक्ति के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं और छात्राएं सम्मानित



चन्दौसी। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर सोमवार को पुलिस लाइन बहजोई में मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, छात्राओं और पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने महिला पुलिस कर्मियों, पुलिस परामर्श केंद्र के काउंसलरों, हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की टॉप-10 छात्राओं तथा दिव्यांग महिला फरहत खलील को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा संबंधी उपायों और शासन की महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने, आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत, सीओ चन्दौसी विवेक जावला, सीओ यातायात अजीत कुमार सिंह, पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, जिलाध्यक्ष हरेन्द्र चैधरी उर्फ रिंकू, जिला पंचायत अध्यक्ष अल्का शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में तीन विद्यालयों की 150 से अधिक छात्राओं और शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

मिशन शक्ति के तहत निकाली जागरूकता रैली, महिला सुरक्षा का दिया संदेश

चन्दौसी। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर सोमवार को मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत बहजोई में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूकता रैली निकाली गई। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने थाना बहजोई से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली कस्बे के मुख्य बाजार से होते हुए पुलिस लाइन परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत, सीओ चन्दौसी विवेक जावला, सीओ यातायात अजीत कुमार सिंह और महिला पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, जिलाध्यक्ष हरेन्द्र चैधरी उर्फ रिंकू, जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव, बीएसए अल्का शर्मा, पुलिस परामर्श केंद्र के काउंसलरों तथा तीन विद्यालयों की 150 से अधिक छात्राओं और शिक्षकों ने भी भाग लिया। रैली के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा शासन की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और साइबर अपराध की स्थिति में निर्भीक होकर पुलिस से सहायता लेने की अपील की गई। अभियान के तहत वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई। पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु



चन्दौसी। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को नगर और आसपास के क्षेत्रों में मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। भक्तों ने दर्शन-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। रामबाग धाम स्थित सिद्धिदात्री मंदिर और मौलागढ़ स्थित काली मंदिर सहित नगर के विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नवरात्र के दूसरे दिन घरों और मंदिरों में मां ब्रह्मचारिणी का पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण कर पूजा की थाली सजाई और मां को पुष्प, अक्षत, धूप, दीप और फल अर्पित किए। दुर्गा सप्तशती का पाठ करने के साथ मंत्रोच्चार और आरती की गई। कई श्रद्धालु नौ दिनों का व्रत रखकर मां की आराधना कर रहे हैं, जबकि कुछ ने प्रथम और अंतिम नवरात्र का उपवास रखा है। नवरात्र को लेकर बाजारों में पूजन सामग्री, फल और व्रत में उपयोग होने वाली खाद्य सामग्री की दुकानों पर भी चहल-पहल रही। घरों में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालु नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी कड़ी नजर



बदायूँ। आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आयोजित पीस कमेटी की बैठक में जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने आगामी त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण मनाने की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग त्योहारों को आपसी मेलजोल के साथ मनाएं। किसी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के साथ कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

सोमवार को पुलिस ग्राउंड स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। बैठक में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से संवाद कर त्योहारों को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था का पालन करते हुए मनाने की अपील की। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि सभी त्योहार निर्धारित समय-सीमा एवं नियमों के अनुरूप मनाए जाएं।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान विद्युत व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी दुर्घटना की आशंका न रहे तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की भ्रामक खबर या अफवाह न फैलाएं और शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

जिलाधिकारी ने खुले स्थानों पर लगाए जाने वाले पंडालों एवं अन्य आयोजन स्थलों की सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन कैमरों तथा अन्य आधुनिक तकनीकी संसाधनों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। किसी भी प्रकार की समस्या अथवा संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने सोशल मीडिया के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि नागरिक किसी भी भ्रामक, आपत्तिजनक या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट, फोटो, वीडियो अथवा संदेश को साझा न करें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पुलिस की निगरानी रहेगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी लोग आपसी सहयोग, संयम और भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। पीस कमेटी की बैठक के उपरान्त डीएम व एसएसपी ने पुलिस ग्राउंड से मिशन शक्ति फेज 6.0 की जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

सम्बन्ध-विच्छेद सूचना
मैंने अपने पुत्र आकाश व पुत्रवधू श्रीमति तनु पत्नी आकाश को उनके गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में अपने कृत्यों के यह स्वंय जिम्मेदार व देनदार होंगे, मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता न होगा।
मनोज पुत्र भगवानदास निवासी पीतम नगर, मझोला, थाना मझोला, जिला मुरादाबाद हाल निवासी 266 **बढ़नपुर (पार्ट)** (372) **सेक्टर**-15, **पंचकुला, हरियाणा**- 134113

सेवा संकल्प अभियान के तहत किया वृक्षारोपण

चन्दौसी। भारतीय मानव कल्याण समिति की ओर से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सीता आश्रम स्थित मूंछों वाले शिव मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। समिति प्रबंधक डॉ. टीएस पाल ने कहा कि आधुनिकता, अंधाधुंध शहरीकरण और बढ़ते प्रदूषण से पर्यावरण संकट गहरा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग, मौसम में बदलाव और जल संकट जैसी समस्याओं से निपटने के लिए पौधरोपण जरूरी है। उन्होंने लोगों से जन्मदिन, विवाह की वर्षगांठ और पूर्वजों की पुण्यतिथि पर पौधा लगाने तथा उसकी देखभाल करने की अपील की। पूर्व प्रधानाचार्य जगभान सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए छोटे-छोटे प्रयास भी महत्वपूर्ण हैं। इस दौरान सुशील कुमार, ओम प्रकाश गुप्ता, मुनीश वार्ष्णेय, डॉ. जयशंकर दुबे, डॉ. डीके अग्निहोत्री, दिनेश पाल सिंह, एडवोकेट शुभम अग्रवाल, डॉ. राजकुमार गोयल, श्यामसुंदर दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सफाई कर्मचारी संघ ने बहुजन पार्टी को दिया समर्थन

चन्दौसी। स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ ने 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बहुजन पार्टी को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष माणिकलाल नागर और प्रदेश प्रमुख महामंत्री राजेन्द्र सहदेव ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि बहुजन पार्टी ने हमेशा सफाई कर्मचारियों, वाल्मीकि समाज और वंचित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। संघ के 75 जिलों में करीब 1.5 लाख सदस्य पार्टी प्रत्याशियों को जिताने के लिए प्रयास करेंगे। बहुजन पार्टी के प्रदेश प्रमुख महामंत्री अजय कुमार राजवर ने संघ का आभार जताया।

मध्यस्थता से विवादों का निस्तारण कराएं, समय और धन की होगी बचत

चन्दौसी। राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-3.0 के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सम्भल की ओर से जनसामान्य को मध्यस्थता के माध्यम से विवादों का निस्तारण कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में अधिक से अधिक वादों का त्वरित निस्तारण करना है। प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सम्भल ने बताया कि मध्यस्थता विवाद निस्तारण की एक प्रभावी वैकल्पिक प्रक्रिया है। इसमें निष्पक्ष एवं प्रशिक्षित मध्यस्थ दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कराकर सर्वमान्य समाधान खोजने में सहायता करता है। इससे न्यायालयों में लंबित वादों के निस्तारण में मदद मिलती है और पक्षकारों के समय व धन की बचत होती है। उन्होंने बताया कि पारिवारिक, वैवाहिक, संपत्ति, धनराशि की वसूली और व्यावसायिक विवादों सहित कानून के तहत मध्यस्थता योग्य मामलों का समाधान इस प्रक्रिया से कराया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि वे अपने विवादों को आपसी सहमति से सुलझाने के लिए मध्यस्थता का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी और विधिक सहायता के लिए प्राधिकरण के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

अंकित जैन बने रोटरी डिस्ट्रिक्ट-3100 के लेफ्टिनेंट गवर्नर

चन्दौसी। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3100 के वर्ष 2027-28 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन काव्य सौरभ रस्तोगी ने रोटेरियन अंकित जैन को वर्ष 2027-28 के लिए डिस्ट्रिक्ट 3100 का लेफ्टिनेंट गवर्नर नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से रोटरी क्लब चंदौसी सिटी स्टार के सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई। अंकित जैन वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष हैं और रोटरी क्लब चंदौसी सिटी स्टार के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर आयोजित कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान क्लब अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. अमोल कंचन, सचिव रोटेरियन मनोज अग्रवाल सराफ, विजय कुमार, रोटेरियन अतुल गुड्ड, संजय गुप्ता किराना, अनुराग मित्तल, नितिन चैहान, मनोज, पुनीत अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, संजीव अग्रवाल और मोहित कनकमरं सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। लायंस क्लब के डिप्टी गवर्नर एलएन वार्ष्णेय ने भी शुभकामनाएं दीं। अंकित जैन चंदौसी के तीसरे रोटेरियन हैं, जिन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। उनसे पहले रोटेरियन अनुराग मित्तल और रोटेरियन संजय रस्तोगी इस पद पर जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। वहीं, रोटरी क्लब चंदौसी सिटी स्टार से लेफ्टिनेंट गवर्नर बनने वाले अंकित जैन दूसरे सदस्य हैं। क्लब सदस्यों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट 3100 में रोटरी के सेवा कार्यों को नई गति मिलेगी।

रेलवे जंक्शन पर शराबी के हंगामे से यात्रियों में मची अफरा-तफरी

चन्दौसी। सोमवार को रेलवे जंक्शन पर शराब के नशे में धुत एक युवक ने जमकर हंगामा किया। युवक की गाली-गलौज और उत्पात से वहां बैठे महिला यात्रियों और बच्चों में डर का माहौल बन गया। करीब 30 से 35 वर्षीय युवक जीआरपी थाने के सामने जमीन पर पड़ा था। इसके बाद वह दुकान के अंदर खड़ी ठेली को खींचकर बाहर निकालने लगा और इधर-उधर करने लगा। मौके पर मौजूद जीआरपी पुलिसकर्मियों ने युवक को समझाने का प्रयास किया और उसे जंक्शन से बाहर जाने के लिए कहा, लेकिन वह पुलिसकर्मियों से भी गाली-गलौज करने लगा। इसी दौरान उसने वेंडर की ठेली को धक्का दे दिया, जिससे वहां बैठी एक महिला यात्री और बच्चे के पैर में चोट लग गई। बाद में लोगों ने किसी तरह युवक को समझा-बुझाकर वहां से वापस भेजा।

धान खरीद 12 अक्टूबर से शुरू

बदायूं। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत मूल्य समर्थन योजना के तहत जनपद में धान खरीद 12 अक्टूबर 2026 से प्रारम्भ हो गई है। शासन के निर्देशानुसार धान खरीद एवं कृषक पंजीकरण के संबंध में किसानों को नियमित रूप से जागरूक करने तथा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य के अनुसार कॉमन धान का मूल्य 2441 रुपये प्रति कुंतल तथा ग्रेड-ए धान का मूल्य 2461 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार की एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत प्रदेश में तैयार की गई किसानों की फार्मर आईडी (किसान पहचान पत्र) के आधार पर धान की खरीद की जाएगी। इसके लिए किसानों को विभागीय पोर्टल पर अलग से पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं होगी। किसानों से अपील की गई है कि वे धान खरीद योजना का लाभ उठाने के लिए अपनी फार्मर आईडी से संबंधित आवश्यक जानकारी सुनिश्चित कर लें।

सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में डीएम सख्त, खराब रैंकिंग वाले विभागों को चेतावनी



बदायूँ- जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतेन्द्र सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड पर माह सितंबर में दर्ज विकास कार्यक्रमों एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की रैंकिंग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कम प्रगति वाले विभागों के प्रति नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाकर निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि माह सितंबर की रैंकिंग में 59 कार्यक्रमों को ए श्रेणी प्राप्त हुई है। वहीं एनआरएलएम आरएफ, सीआईएफ, जननी सुरक्षा योजना का लाभ, सेतुओं का निर्माण, नई सड़कों का निर्माण, ओडीओपी वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा निर्माण कार्य सीएमआईएस सहित सात कार्यक्रमों को बी श्रेणी प्राप्त हुई। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एवं फैमिली आईडी सहित दो कार्यक्रम सी श्रेणी में रहे। ओडीओपी टूलकिट योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना सहित दो कार्यक्रमों को डी श्रेणी प्राप्त हुई, जबकि 14 कार्यक्रम एनए श्रेणी में रहे।

जिलाधिकारी ने बी, सी एवं डी श्रेणी प्राप्त करने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्यक्रमों की प्रगति का गहनता से विश्लेषण करें तथा जिन बिंदुओं पर अपेक्षित उपलब्धि नहीं हुई है, उन्हें चिह्नित कर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित रैंकिंग शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप विकास कार्यों की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए सभी अधिकारी नियमित समीक्षा करते हुए अपने विभागों की रैंकिंग में सुधार लाएं और निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करें।

निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की प्रगति में आने वाली बाधाओं का समय से समाधान करते हुए परियोजनाओं को निर्धारित अवधि में पूरा कराया जाए।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यक्रमों की प्रगति में सुधार लाते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। कार्यों में लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब न किया जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बहजोई में विकास प्रदर्शनी का आयोजन,जनप्रतिनिधियों ने किया उद्घाटन

सम्भल (बहजोई)- माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 25 वर्षों के निरंतर सेवाकाल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत-2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की ओर से नगर पालिका परिषद बहजोई क्षेत्र में चन्दौसी रोड स्थित रोडवेज़ बस स्टैंड बहजोई पर विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती डॉ अनामिका यादव, पूर्व मंत्री एवं विधायक गुन्नौर श्री अजीत कुमार राजू यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रदर्शनी में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों और विकास कार्यों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया। इसके माध्यम से आमजन को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, उनके अंतर्गत मिलने वाले लाभ तथा विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध कराई गई। जनप्रतिनिधियों ने विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियों के माध्यम से आमजन को एक ही स्थान पर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं, नीतियों और उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त होती है। इससे लोगों को योजनाओं को समझने तथा पात्रता के अनुसार उनका लाभ लेने में सुविधा मिलती है। विकास प्रदर्शनी का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना तथा यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इसके माध्यम से अधिक से अधिक पात्र लोगों को विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उन्हें लाभान्वित करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 17 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री श्रीमती मंजू दिलेर , नगर पालिका परिषद बहजोई के अध्यक्ष श्री राजेश शंकर 'राजू', जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



डॉ. राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि मनाई गई

संभल- आज जिला संभल समाजवादी पार्टी कार्यालय चंदौसी चौराहा संभल पर 12 अक्टूबर 2026 को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार समाजवाद के महान चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि बड़ी श्रद्धा के साथ मनाई गई। एवं आज जिला संभल समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक भी संपन्न हुई

बैठक मे जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी एवं पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने डॉ. लोहिया जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित सभी समाजवादी साथियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान लोहिया जी अमर रहें के नारे भी लगाए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि डॉ. लोहिया जी ने अपना पूरा जीवन सामाजिक गैर बराबरी को खत्म करने में लगा दिया। उन्होंने पिछड़ा पावे सौ में साठ का नारा देकर वंचित समाज को राजनीतिक हिस्सेदारी दिलाने का काम किया। समाजवादी पार्टी आज भी उन्हीं के रास्ते पर चल रही है जिला संभल की मासिक बैठक में जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि कार्यकर्ता अपने बूथ पर जाकर नए वोट बनवाने का काम करें मासिक बैठक में पदाधिकारी ने जिले में हुई भारी बारिश को लेकर धानों में हुआ किसानों के नुकसान को लेकर अपनी बात रखी जिला अध्यक्ष जी ने आश्वासन दिया कि जल्द सरकार अगर किसानों का नुकसान नहीं देती है तो आंदोलन किया जाएगा उन्होंने कहा अपनी अपनी विधानसभा में सक्रिय रूप से जनता के बीच समाजवादी पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रचार करने का काम करें जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने मासिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा की पार्टी के पदाधिकारी पार्टी की मीटिंग में समय से आने का काम करें अपनी जिम्मेदारी निभाएं समाजवादी पार्टी द्वारा घोषित की गई योजनाओं के विषय में बताएं संभल विधायक प्रतिनिधि सोहेल इकबाल ने कहा कि लोहिया जी ने सात क्रांति की बात की थी - नर-नारी समानता, रंगभेद का नाश, जाति प्रथा का विनाश और निजी जीवन में हिंसा का विरोध। उनके विचार आज के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। नेताजी मुलायम सिंह यादव जी ने लोहिया जी के सपनों को धरातल पर उतारा। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधर ने कहा कि माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी लोहिया जी के समाजवादी सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए पीडीए - पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक को जोड़ने का काम कर रहे हैं। यही सच्ची लोहियावादी विचारधारा है। सभी ने संकल्प लिया कि लोहिया जी के बताए समता मूलक समाज के निर्माण के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। बैठक में जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी के नेतृत्व में जिला संभल समाजवादी पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष श्री श्याम लाल पाल जी का जन्म दिवस केक काट कर मनाया गया अंत में जिलाध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं में प्रसाद वितरित किया गया। बैठक में उपस्थित रहे विधानसभा अध्यक्ष उमेश यादव मुंशी वाहिद सईद इजरायली शोभित कुमार काका कमल शर्मा आसिफ इकबाल बलवंत सिंह उमेश दिवाकर ममता मधुकर फक्करे आलम शिवम यादव सोनू पाल कामरेड खागम मलखान सिंह एडवोकेट पप्पू यादव विजय यादव फैयाज प्रधान मौ उमर खैस अहमद बाबू खान अमर पाल यादव चक्क सिंह जाटव शहूल यादव डॉक्टर तालिब दीपक राज विवेक आजाद फराज अली असारी हाजी तसद्दुक हुसैन नजाकत हुसैन साबिर खान अखिल अंसारी फहद अंसारी शान अंसारी ठाकुर विजेंद्र सिंह मुकेश यादव बीस यादव उमेश यादव मनोज उमेश यादव सभासद अन्ना हाफिज अंजार साहब आर्य प्रधान जी रिजवान प्रधान जी अवनीश सागर आसिफ आदि उपस्थित रहे

मध्यस्थता अभियान 3.0 के तहत 10 वादों में सुलह, पक्षकार उठाएं लाभ

बदायूँ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा सर्वोच्च न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के तत्वावधान में 01 अगस्त से 30 दिसंबर 2026 तक राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित वादों का मध्यस्थता के माध्यम से आपसी सुलह-समझौते के आधार पर अधिकाधिक निस्तारण कराना है। इस अभियान के अंतर्गत अब तक मध्यस्थता केंद्र, बदायूँ में 10 वादों में मध्यस्थता सफल रही है।

जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के अध्यक्ष श्री विवेक संगल के निर्देशानुसार अपर सिविल जज (सीनियर डिवीजन), त्वरित न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव श्री अंकित रस्तोगी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावा, उपभोक्ता विवाद, संपत्ति बंटवारा, बेदखली, भूमि अधिग्रहण, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस तथा शमनीय आपराधिक मामलों सहित अन्य उपयुक्त दीवानी विवादों का आपसी सहमति से समाधान कराया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आमजन को जागरूक करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के कार्यालय तथा जनपद की समस्त तहसीलों में तैनात पराविधिक स्वयंसेवकों के माध्यम से बैनर, पोस्टर एवं हैंडबिल वितरित किए जा रहे हैं। प्रचार सामग्री को उपयुक्त स्थानों पर चस्पा कर लोगों को मध्यस्थता के लाभों की जानकारी दी जा रही है, जिससे अधिक से अधिक वादकारी इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

प्रभारी सचिव श्री अंकित रस्तोगी ने जनपद के समस्त नागरिकों एवं वादकारियों से अपील की कि मध्यस्थता अभियान 3.0 के अंतर्गत मध्यस्थता केंद्र में संदर्भित मामलों में संबंधित पक्षकार उपस्थित होकर आपसी बातचीत और सहमति के आधार पर अपने विवादों का निस्तारण कराएं। मध्यस्थता से विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान संभव है तथा इससे न्यायालयों में लंबित मामलों के निस्तारण में भी सहायता मिलती है।

नारी शक्ति हुंकार आंदोलन के तहत भाजपा का प्रदर्शन, मातृशक्ति के सम्मान और अधिकारों की रक्षा का उठाया मुद्दा

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी महानगर मुरादाबाद द्वारा 12 अक्टूबर 2026 सोमवार को नारी शक्ति हुंकार आंदोलन के अंतर्गत कमिश्नर कार्यालय के सामने महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। प्रदर्शन में मातृशक्ति की विशेष रूप से भारी भागीदारी देखने को मिली। कमिश्नर कार्यालय से भाजपा कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस लोकसभा सांसद प्रो. अंगोमचा बिमोल अकोइजम के विरुद्ध कार्रवाई की मांग उठाते हुए महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित करने की बात कही गई।

प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा रश्मि रावल ने कहा कि मातृशक्ति का सम्मान भारतीय संस्कृति के मूल संस्कारों में समाहित है। महिलाओं का सम्मान, उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा किसी भी समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिला सशक्तीकरण को केवल एक नारे तक सीमित न रखते हुए महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमिता, विज्ञान, खेल और शासन सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। ऐसे में महिलाओं से जुड़े संवेदनशील मामलों में गंभीरता, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा मातृशक्ति के सम्मान और अधिकारों के लिए सदैव आवाज उठाता रहेगा।

महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मातृशक्ति के सम्मान, स्वाभिमान, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति सदैव संकल्पबद्ध है। केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों और योजनाओं में महिलाओं को विकास की मुख्यधारा में लाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने से लेकर आर्थिक सशक्तीकरण तक अनेक विषयों पर महिलाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि एक ओर भाजपा नारी शक्ति को राष्ट्र निर्माण की अग्रिम पंक्ति में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है, वहीं दूसरी ओर महिलाओं के सम्मान से जुड़े संवेदनशील मामलों पर कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी और उसके रुख को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि भाजपा की मांग है कि संबंधित प्रकरण में निष्पक्षता के साथ जवाबदेही तय हो और महिलाओं को न्याय मिले।

प्रदेश मंत्री एवं महानगर प्रभारी डॉ. प्रमेंद्र जांगड़ा ने कहा कि नारी शक्ति किसी भी राष्ट्र की प्रगति और सामाजिक परिवर्तन की महत्वपूर्ण आधारशिला है। महिलाओं को सुरक्षित वातावरण, समान अवसर और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना समाज और व्यवस्था की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं से जुड़े मामलों में किसी भी राजनीतिक विचारधारा या पद की परवाह किए बिना तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई होनी चाहिए। नारी शक्ति हुंकार आंदोलन इसी भावना के साथ महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के विषय को प्रमुखता से उठाने का प्रयास है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि मातृशक्ति का सम्मान भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और कार्यसंस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला नेतृत्व वाले विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाया गया है, ताकि महिलाएं केवल विकास योजनाओं की लाभार्थी न रहें, बल्कि राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका भी निभाएं। महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सशक्त बनाना विकसित भारत के संकल्प का महत्वपूर्ण हिस्सा है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि महिलाओं के सम्मान से जुड़े मामलों में राजनीतिक दलों को दोहरा मापदंड अपनाने के बजाय जवाबदेही और न्याय के पक्ष में खड़ा होना चाहिए।

इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों ने कांग्रेस नेतृत्व से संबंधित सांसद के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा के विषय पर स्पष्ट जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराते हुए मातृशक्ति के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा रश्मि रावल, प्रदेश मंत्री एवं महानगर प्रभारी डॉ. प्रमेंद्र जांगड़ा, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, विधायक रितेश गुप्ता महापौर विनोद अग्रवाल, एमएलसी गोपाल अंजान, गौसेवा आयोग सदस्य दीपक गोयल, आकाश कुमार पाल, अल्पना गुप्ता, रंजना शर्मा, रचना अग्रवाल, प्रीति कश्यप, नीरज गुप्ता, कमला वर्मा, आदेश चौधरी, वनिता मल्होत्रा, सिमरन कौर, सुनीता शर्मा, मेघा सैनी, शिखा परमार, राखी सैनी, सिंपल चौहान, मदरसा शर्मा, शम्मी भटनागर, अमित शर्मा, नवदीप टंडन, कपिल देव, अशोक सैनी, नत्थूराम कश्यप, दीक्षांत चौधरी, अभिषेक चौबे, राजू कालरा, धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, निमित जायसवाल, मीडिया प्रभारी अर्चित गुप्ता, भरत टंडन, सिद्धांत वाल्मीकि राजदीप गोस्वामी प्रमोद शर्मा कपिल गुप्ता सुरेंद्र विश्नोई चंद्रभान सिंह विपिन सैनी रमेश सैनी राजेश गुप्ता गौरव श्रीवास्तव सहित भाजपा के पदाधिकारी, महिला मोर्चा की कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े कानूनों, घरेलू हिंसा, दहेज प्रतिषेध और बाल विवाह के विरुद्ध अधिकारों की दी गई जानकारी



-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति के अंतर्गत मंडलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह, डीआईजी रेंज मुरादाबाद श्री मुनिराज जी., जिलाधिकारी श्री अनुनय झा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र में आयोजित जागरूकता रैली में सम्मिलित होकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनने का संदेश दिया गया।

इस दौरान अधिकारियों ने महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद कर उनकी सुरक्षा, अधिकारों और शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता बरतने तथा किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न अथवा अपराध की स्थिति में निर्भीक होकर शिकायत दर्ज कराने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध तथा महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध होने वाले अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने महिला हेल्प डेस्क तथा राष्ट्रीय एवं राज्य महिला आयोग की भूमिका और उपलब्ध सहायता सुविधाओं के बारे में भी बताया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रेरित किया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में संबंधित अधिकारियों एवं सहायता तंत्र से संपर्क करें और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें।

जिले में मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने तथा समाज में उनके प्रति सम्मान और समानता की भावना को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

चरखे से फैशन रैंप तक... मेरठ में सजेगा स्वदेशी का संसार

मेरठ। चरखे की खनक, मिट्टी की सोंधी खुशबू और खादी के आधुनिक अंदाज के बीच मेरठ में स्वदेशी उत्पादों की अनूठी छटा देखने को मिलेगी। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से 16 से 25 अक्टूबर तक राजकीय इंटर कॉलेज (जीआइसी), बेगमपुल के निकट मंडलीय खादी महोत्सव 2026-27 आयोजित किया जाएगा। दस दिवसीय महोत्सव में आठ राज्यों के उत्पाद आकर्षण का केंद्र होंगे।

महोत्सव में करीब 100 स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, बिहार, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की खादी एवं ग्रामोद्योग इकाइयां अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगी। खादी, हैंडलूम, ऊनी-सूती परिधान, बनारसी सिल्क की साड़ियां, हस्तशिल्प, मिट्टी के सजावटी सामान, अचार, मुरब्बे, पापड़, मसाले, शहद और जैविक उत्पादों की बिक्री होगी।

फैशन शो और सांस्कृतिक कार्यक्रम बढ़ाएंगे रौनक ---

महोत्सव में खादी फैशन शो के जरिए पारंपरिक वस्त्रों के आधुनिक रूप प्रदर्शित किए जाएंगे। कवि सम्मेलन, लोक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और संगीत कार्यक्रम भी होंगे। आगंतुकों को खरीदारी के साथ मनोरंजन का अवसर मिलेगा।

चरखे और चाक पर दिखेगा पारंपरिक हुनर ---

आयोजन में चरखे पर सूत कातने और कुम्हार के चाक पर मिट्टी के उत्पाद बनाने की प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों और युवाओं को पारंपरिक शिल्प की बारीकियां जानने का अवसर मिलेगा। कारीगरों और छोटे कारोबारियों को मिलेगा मंच ---

महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना तथा कारीगरों, महिला उद्यमियों और छोटे कारोबारियों को प्रोत्साहित करना है। इससे स्थानीय हुनर और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी मान्या चतुर्वेदी ने नागरिकों से परिवार और मित्रों के साथ महोत्सव में पहुंचने की अपील की है। उन्होंने स्वदेशी उत्पाद अपनाकर स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों का उत्साह बढ़ाने का आह्वान किया।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त अभियान का आयोजन

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के भूगोल विभाग के सेमिनार हॉल में सोमवार श्रशको साहित्यिक परिषद एवं मनोविज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत नशा मुक्त अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम प्रो. संगीता शुक्ला (कुलपति) के निर्देशन में आयोजित किया गया। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद की अध्यक्ष प्रो. नीलू जैन गुप्ता, समन्वयक प्रो. कृष्ण कांत शर्मा तथा कार्यक्रम की संयोजक डॉ. वैशाली पाटिल एवं डॉ. अंशु अग्रवाल रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. बीरपाल सिंह (रिसर्च डायरेक्टर) ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य वक्ताओं में डॉ. सीमा शर्मा, सुश्री सुरभि पाठक एवं डॉ. संजय कुमार उपस्थित रहे। वक्ताओं ने नशे की लत से उत्पन्न शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं पारिवारिक समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. सीमा शर्मा ने बताया कि नशा एक ऐसी बीमारी है, जिसमें व्यक्ति की संवेदनशीलता एवं आत्मनियंत्रण प्रभावित होने लगता है और स्थिति ड्रग एब्यूज तक पहुँच सकती है। प्रो. के.के. शर्मा ने एक कहानी के माध्यम से विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच अपनाने के प्रति जागरूक किया।

सुश्री सुरभि पाठक ने कहा कि नशे से दूर रहना समाज और देश के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं, डॉ. संजय कुमार ने मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने से संबंधित विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि नशे की समस्या केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास को भी प्रभावित करती है।

कार्यक्रम के संचालन एवं प्रबंधन में डॉ. शालू, डॉ. शैरी चौधरी एवं डॉ. सुनील कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इनमें कशिश गोलियान, तनु, रुचि शर्मा, वंशिका, लक्ष्य कुमार, तरुण, वंश, प्रथम सिरोही, गोबिंदर कुमार गौतम, सूर्यांश, हारिश, तेजस, हिमांशु, श्रृंखला एवं मुदित का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत मुरादाबाद में 14 से 16 अक्टूबर तक लगेंगे जागरूकता एवं आवेदन सहायता शिविर

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) योजना के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने, नए उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद मुरादाबाद में विशेष जागरूकता एवं आवेदन सहायता शिविर आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14, 15 एवं 16 अक्टूबर 2026 को जनपद के विभिन्न विकास खंडों, नगर निगम तथा नगर निकायों में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से पात्र युवक-युवतियों को योजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही ऑनलाइन आवेदन, आवश्यक अभिलेखों तथा उद्यम स्थापना की प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन दिया जाएगा।

शिविरों के आयोजन एवं तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी श्री अनुनय झा ने उपायुक्त उद्योग श्री दीपेंद्र कुमार सहित संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में शिविरों के आयोजन, अधिकारियों की जिम्मेदारियों, युवाओं तक योजना की जानकारी पहुंचाने तथा आवेदन प्रक्रिया को सुगम बनाने से संबंधित व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्धारित तिथियों पर सभी शिविरों का आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित किया जाए। संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शिविरों में आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करें। अधिक से अधिक पात्र युवाओं को शिविरों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि उन्हें योजना के लाभों की जानकारी मिल सके और वे स्वरोजगार स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ सकें।

उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार तलाशने वाले के साथ-साथ रोजगार सृजित करने वाला उद्यमी बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान महत्वपूर्ण पहल है। योजना का लाभ पात्र युवाओं तक पहुंचाने के लिए विभागीय अधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। इच्छुक युवाओं को आवेदन से संबंधित किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाए।

युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार एवं उद्यम स्थापना का अवसर

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को अपना व्यवसाय अथवा उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना के अंतर्गत विनिर्माण, सेवा क्षेत्र तथा अन्य पात्र व्यावसायिक गतिविधियों से संबंधित परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जाता है। इसके माध्यम से युवा अपनी योग्यता, कौशल एवं रुचि के अनुरूप उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को पांच लाख रुपये तक की परियोजनाओं के लिए ब्याजमुक्त ऋण एवं बिना गारंटी ऋण सुविधा का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त परियोजना लागत पर 10 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान की व्यवस्था है। योजना का व्यापक उद्देश्य प्रदेश में सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करना है।

योजना के तहत प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा 10 वर्षों में कुल 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

योजना के लिए पात्रता

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक का उत्तर प्रदेश का निवासी होना आवश्यक है। आवेदक की आयु 21 से 40 वर्ष के मध्य तथा न्यूनतम शैक्षिक योग्यता आठवीं पास अथवा समकक्ष होनी चाहिए। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त संस्थान अथवा विश्वविद्यालय से कौशल संबंधी प्रमाणपत्र, डिप्लोमा या डिग्री की निर्धारित शर्त पूरी करना आवश्यक है।

योजना के लिए आवेदन करने वाले युवाओं को अपने प्रस्तावित उद्यम से संबंधित परियोजना रिपोर्ट तथा अन्य आवश्यक अभिलेख तैयार रखने चाहिए। आवेदन के समय योजना की प्रचलित पात्रता शर्तों एवं विभागीय दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा।

ऑनलाइन आवेदन एवं आवश्यक अभिलेख

इच्छुक पात्र युवा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के आधिकारिक पोर्टल िजजचेरूध्डेउमण्नचण्हवअण्पद के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन कर सकते हैं।

अपर जिलाधिकारी (नगर) की उपस्थिति में आयोजित की गई जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक

मेरठ। पूर्व सैनिक एव शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं निस्तारण हेतु जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक जिलाधिकारी द्वारा नामित आदित्य कुमार प्रजापति, अपर जिलाधिकारी (नगर) मेरठ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में भूमि संबंधी शिकायतों, विवादो तथा पुलिस से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए जिन्हे संबंधित विभागों को कार्यवाही हेतु भेज दिया गया। उपस्थित पूर्व सैनिको ने अपर जिलाधिकारी (नगर) का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से मामलों को सुना।

बैठक में भूतपूर्व सैनिक राजबीर के शस्त्र लाईसेंस आवेदन, भूतपूर्व सैनिक जसंवत सिंह का कृषि भूमि की मेड काट काटकर अपने खेतो मे मिलाने, भूतपूर्व सैनिक श्री राजेन्द्र सिंह का चकरोड पर अवैध कब्जा, भूतपूर्व सैनिक, जशवन्त सिंह तोमर का नाली का मोड गलत लेने, भूतपूर्व सैनिक चरण सिंह का प्रार्थी को बिना कारण बताये तीन घंटे तक हिरासत में रखने, गाली देने व जेल भेजने की धमकी देने तथा कार्यरत सैनिक की लम्बित मामलों पर चर्चा की गई। सैनिक कल्याण निदेशालय लखनऊ से प्राप्त शिकायतो का स्तर भी लिया गया। इसके अतिरिक्त शहीदों के नाम पर सडकों के नामकरण से संबंधित विषय पर भी कार्यवाही नही बढ़ पा रही है। इस विषय पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) की शिकायत आख्या अभी लम्बित है। संबंधित प्रकरणो को अपर जिलाधिकारी (नगर) मेरठ ने जिलाधिकारी के आदेशानुसार निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

शरदकालीन गन्ना बुवाई से अतिरिक्त आमदनी के लिये गन्ने के साथ सहफसली खेती करें-किसान उप गन्ना आयुक्त



-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। चीनी मिल मिलक नारायनपुर एवं सहकारी गन्ना विकास समिति लि.स्वार, जनपद रामपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उन्होने गाटा मैपिंग, शरदकालीन गन्ना बुआई, गन्ने की यांत्रिक मशीन से कटाई हेतु कृषकों की सहमति तथा शरदकालीन गन्ना बुआई में एफ.आई.आर.बी. विधि से गन्ने के साथ गेहूँ की सहफसली खेती आदि के कार्यों का मौका मुआयना किया।

आज जनपद रामपुर में उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद ने चीनी मिल मिलक नारायणपुर में गन्ने की यांत्रिक कटाई के लिये चीनी मिल क्षेत्र के किसानों की सहमति दिये जाने की स्वीकृति की समीक्षा की। अभी तक इस चीनी मिल क्षेत्र में 120 किसानो ने मैकेनिकल हर्वेस्टर से गन्ने की यांत्रिक कटाई के लिये अपनी सहमति दे दी है । उन्होने चीनी मिल प्रबन्धन को इसे और बढाने और एस.जी.के. पोर्टल पर फीड कराये जाने के निर्देश दिये। इसके उपरान्त उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद ने कृषक श्री रामऔतार पुत्र श्री जयकिशन ग्राम मुन्शीगंज के खेत पर पंहुचकर गन्ने की बंधाई का मौका मुआयना किया। चीनी मिल मिलक नारायनपुर द्वारा अब तक आठ हजार हैक्टेयर गन्ने की बधाई कराई जा चुकी है। उप गन्ना आयुक्त, मुरादाबाद ने शरदकालीन गन्ना बुआई में एफ.आई.आर.बी. विधि से गन्ने के साथ गेहूँ की सहफसली खेती को बढ़ावा देने तथा इस तकनीक के लाभों से किसानों को अवगत कराते हुए गन्ना उत्पादक किसानों को सहफसली खेती अपनाने हेतु जागरूक करने, तकनीकी मार्ग-दर्शन देने तथा एफ.आई.आर.बी.मशीन उपलब्ध कराने के संबंध में चीनी मिल को अपेक्षित सहयोग किये जाने के भी निर्देश दिये।

इसके बाद उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद सहकारी गन्ना समिति स्वार मे पंहुचे जहां उन्होने समिति मे चल रहे गाटा मैपिंग के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने गाटा मैंपिग के कार्य की महत्ता के दृष्टिगत सचिव गन्ना समिति स्वार, एवं महाप्रबंधक (गन्ना) चीनी मिल मिलक नरायनपुर को गाटा मैपिंग के काम को अपेक्षित गति से करने के लिए अतिरिक्त कार्मिकों को लगाकर इस कार्य में शुद्धता एवं गतिशीलता लाते हुए त्वरित गति से निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होने किसानों को शरदकालीन गन्ना बुआई की प्रगति की समीक्षा कर हेतु किसानों को उन्नत एवं रोगरोधी गन्ना प्रजातियों के चयन तथा निर्धारित बुआई तकनीक अपनाने के संबंध में किए जा रहे प्रोत्साहन प्रयासों का भी जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होनें गन्ना समिति स्वार के खाद गोदाम में उपलब्ध स्टाक का भौतिक निरीक्षण एवं अनुरक्षित अभिलेखों से उसका मिलान भी किया। इस अवसर पर सचिव सहकारी गन्ना समिति स्वार के साथ-साथ श्री दिनेश चहल, यूनिट हेड,श्री जितेन्द्र मलिक,महाप्रबन्धक (गन्ना),श्री सतेन्द्र चैहान, उप महाप्रबन्धक, एवं श्री एस. के. त्रिपाठी मुख्य गन्ना विकास अधिकारी, चीनी मिल मिलक नारायणपुर भी उपस्थित रहें।

राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अंतर्गत पीएमएस पब्लिक स्कूल में डाक टिकट प्रदर्शनी आयोजित



-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। राष्ट्रीय डाक सप्ताह (9 से 15 अक्टूबर) के अंतर्गत डाक विभाग, मुरादाबाद द्वारा जन-जागरूकता एवं डाक सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

सोमवार को फिलाटेली दिवस (डाक टिकट संग्रह दिवस) के अवसर पर पीएमएस पब्लिक स्कूल, मुरादाबाद में दुर्लभ एवं प्राचीन डाक टिकटों तथा प्रथम दिवस आवरणों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन अपर जिलाधिकारी (नगर) श्री अंकुर श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया।

प्रदर्शनी में प्रदर्शित दुर्लभ एवं ऐतिहासिक डाक टिकटों का अवलोकन करते हुए अपर जिलाधिकारी (नगर) श्री अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि डाक टिकट संग्रह केवल एक शौक नहीं, बल्कि देश के इतिहास, संस्कृति, कला और भौगोलिक विरासत को जानने का महत्वपूर्ण माध्यम है। डाक टिकटों के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न ऐतिहासिक घटनाओं, महान व्यक्तित्वों तथा देश की सांस्कृतिक विविधता के विषय में जानकारी प्राप्त होती है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में ज्ञानार्जन, रचनात्मकता और ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति रुचि विकसित करने में सहायक हैं।

विद्यालय की प्रधानाचार्या निश्मा ने विद्यार्थियों को पत्र-लेखन के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि पत्र-लेखन संवाद का एक महत्वपूर्ण माध्यम रहा है। उन्होंने डाक विभाग की विभिन्न सेवाओं की जानकारी देते हुए पार्सल, स्पीड पोस्ट, डाक जीवन बीमा (पीएलआई/आरपीएलआई), सुकन्या समृद्धि योजना तथा इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) की सेवाओं के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को डाक विभाग की सेवाओं एवं बचत योजनाओं के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान के अंतर्गत 'एकजुट प्रयास, प्रभावी बदलाव' संदेश के साथ स्थापित सेल्फी प्वाइंट पर अपर जिलाधिकारी (नगर) श्री अंकुर श्रीवास्तव ने सेल्फी लेकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने प्रदर्शनी का उत्साहपूर्वक अवलोकन किया तथा डाक टिकटों से जुड़ी ऐतिहासिक एवं रोचक जानकारियां प्राप्त कीं।

डाक विभाग की ओर से आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उपहार एवं पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ डाक विभाग की गतिविधियों एवं सेवाओं के प्रति उनकी रुचि बढ़ाने का प्रयास किया गया।

यह कार्यक्रम प्रवर अधीक्षक डाकघर, मुरादाबाद मंडल के मार्गदर्शन में उप डाकघर (सिटी), मुरादाबाद द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक मैथ्यू सहित विद्यालय का स्टाफ तथा डाक विभाग से श्री अरुण मोहन सांख्यधर, श्री आशुतोष शर्मा, श्री आयुष यज्ञसेनी, श्री शिवम सक्सेना सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

लखनऊ सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर 11 लाख की ठगी

थाना नजीबाबाद में तीन आरोपियों पर दर्ज हुआ मुकदमा, एक आरोपी गिरफ्तार

अपर पुलिस अधीक्षक, (शहर) डॉ. केजी सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी



आज समाचार सेवा

बिजनौर। लखनऊ सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर तीन आरोपियों द्वारा 11 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। थाना नजीबाबाद में आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। बिजनौर पुलिस द्वारा ठगी करने वाले आरोपियों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के नेतृत्व में लगातार कार्रवाई की जा रही है। ठगी का मामला नजीबाबाद पुलिस ने दर्ज किया है। जिसको लेकर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. के.जी. सिंह द्वारा पुलिस लाइन सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया की नजीबाबाद थाने में राजेश कुमार पुत्र मनफूल सिंह निवासी मोहल्ला मकबरा, नजीबाबाद द्वारा तहरीर दी गई थी कि मेरे पुत्र को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा देकर 11 लाख तक लिए और फर्जी नियुक्ति पत्र ईमेल के माध्यम से भेज दिया जब पूछताछ की गई तो हमारे साथ गाली गलौज और धमकी दी गई। इसलिए पीड़ित की तारीख पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नरपाल पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम कुंडोंपुर थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा उनका एक साथी सचिन पहले ही जेल में है। जबकि तीसरा आरोपी बाबूराम अभी फरार है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ठगी करने वालों ने नौ लाख 20 हजार की रकम ऑनलाइन ली थी जबकि एक लाख 80 हजार रुपए नगद प्राप्त किए थे। आरोपियों द्वारा पुलिस के दबाव में तीन लाख की रकम वापस भी कर दी हैं। उन्होंने कहा कि ठगी करने वालों के विरुद्ध बिजनौर पुलिस का अभियान जारी रहेगा। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान नजीबाबाद प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार, उपनिरीक्षक कुलबीर सिंह, हेड कांस्टेबल विजयपाल, कांस्टेबल रूपेंद्र आदि मौजूद रहे।

कतर देश की मस्जिद में नौकरी दिलाने के नाम पर हुई थी ठगी

बिजनौर। थाना नजीबाबाद में कतर देश की मस्जिद में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक लाख 17 हजार 200 की रकम ठगने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. केजी सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जानकारी देते हुए कहा की खाड़ी देश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर नजीबाबाद के मोहल्ला संतोमालन निवासी जुबेर पुत्र मो. अय्यूब द्वारा शिकायत की गई थी। इसकेबाद लुक्मदड़ी निवासी आरोपी इकबाल पर मुकदमा दर्ज किया गया और आरोपी को बड़ी हवेली खाना कर दिया गया ।

युवती की ससुराल में दूसरे समुदाय के युवक ने शादी नहीं करने की धमकी दी

आज समाचार सेवा

किरतपुर। युवती की ससुराल मे दूसरे समुदाय के युवक ने शादी नहीं करने की धमकी दी। शादी करने पर दुल्हन को मंडप से उठाने की धमकी देने पर युवती के स्वजन दहशत मे है। मामला दो सम्प्रदाय का होने से हिन्दू वादी संगठन मे रोष व्याप्त है। थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया की उसकी 20 नवम्बर की शादी तय है।

दूसरे सम्प्रदाय के एक ने युवक ने उसकी ससुराल मे फोन कर मेरे से शादी करने को मना किया है। शादी करने पर मुझे मंडप से उठाने की धमकी दी है। जिससे उसके परिवार मे सभी मानसिक अवसाद मे आ गए है। तथा परिवार मे दहशत व्याप्त है। युवती ने एक मुस्लिम महिला पर भी आरोप लगाते हुए बताया कि महिला ने हमारे परिवार और रिस्तेदार की

शादी करने पर दुल्हन को मंडप से उठाने की धमकी देने पर युवती के परिजन दहशत में

जानकारी आरोपित युवक को दी है। वह भी आरोपित युवक से हमसाज हो कर उसकी शादी टूटवाना चाहती है।

युवती ने एक अन्य युवक के मोबाईल फोन से बात करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपित आरिश और एक महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित आरिश को हिरासत मे ले लिया है। तथा सक्षम न्यायालय मे पेश कर दिया।

युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई, इलाके में मचा हड़कंप

आज समाचार सेवा

प्रेम प्रसंग से जुड़ा होने की चर्चा, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

स्योहारा। कस्बे के जुमेरात बाजार स्थित मोहल्ला पटवालियान निवासी 26 वर्षीय उवैस पुत्र इरशाद अहमद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। युवक की मौत की खबर फैलते ही क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म हो गया।



सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि मामला कथित प्रेम प्रसंग से जुड़ा हो सकता है। हालांकि, युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई और इसके पीछे की वास्तविक वजह क्या है, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। बड़ा सवाल आखिर 26 वर्षीय युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई? क्या मामला वास्तव में प्रेम प्रसंग से जुड़ा है? फिलहाल पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

जूनियर इंजीनियर की अपने सरकारी आवास के बाथरूम में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत



नहटौर। उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल स्थित कालागढ़ में तैनात उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियर अनिल कुमार की अपने सरकारी आवास के बाथरूम में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्राथमिक जांच में माना जा रहा है कि बाथरूम में लगे गीजर से करंट लीक होने के कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ। जानकारी के मुताबिक, अनिल कुमार (पुत्र शीशपाल) मूल रूप से नहटौर के ग्राम रूखड़ियो के निवासी थे। वह कालागढ़ की नई कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में अकेले रहते थे। रविवार को ड्यूटी होने के बावजूद जब वे कार्यालय नहीं पहुंचे, तो विभागीय कर्मचारियों ने उन्हें फोन मिलाया। कॉल का जवाब न मिलने पर सहयोगियों ने पड़ोसियों से संपर्क किया। जब पड़ोसियों ने घर जाकर देखा, तो अनिल कुमार का शव बाथरूम के अंदर अचेत पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस और विभाग के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। डॉक्टरों व पुलिस की शुरूआती जांच में मृतक के दाएं हाथ पर करंट लगने का निशान मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के सटीक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। ध्अवर अभियंता अनिल कुमार का परिवार काशीपुर में रहता है, जबकि उनकी पत्नी व बेटी जसपुर और बेटा दिल्ली में पढ़ाई कर रहा है। अचानक हुए इस असामयिक हादसे की खबर मिलते ही उनके पैतृक गांव रूखड़ियों और कालागढ़ में शोक की लहर दौड़ गई तथा स्वजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोग सूचना मिलते ही कालागढ़ के लिए रवाना हो गए हैं।

नगीना पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले दो नटवरलालों को किया गिरफ्तार

आज समाचार सेवा

नगीना। नगीना पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी कर 1.35 लाख रूपए हड़पने तथा एक महिला की जमीन को अपनी बताकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा कराने के अलग अलग मामलों में नामजद एक एक आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।फर्जी बैनामा मामले में गिरफ्तार देवेंद्र कुमार की पत्नी ग्राम प्रधान है। नगीना सीओ राजेश सिंह सोलंकी ने बताया कि 28 जुलाई को मौहल्ला कलालान निवासी अफजाल अहमद पुत्र बुन्दू खां ने शिकायत दर्ज कराई थी कि धामपुर के मोहल्ला बंदूकचियान निवासी मोहम्मद जावेद कुरैशी पुत्र जफर कुरैशी व उसके पिता जफर कुरैशी तथा नूरपुर के मौहल्ला गोविंदनगर निवासी इमरान पुत्र बाबू ने वादी के पुत्र अमजद कमाल को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी कर 1.35 हजार रूपए हड़प लिए और गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बीएनएस की धारा 318 (4) 352, 351(3)के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर विवेचना करते हुए बीएनएस की धारा 61(2), 338,336(3) व 340(2)की वृद्धि की गई। एसआई प्रशांत कुमार व कांस्टेबल भूषण कुमार ने नूरपुर के मौहल्ला गोविंदनगर निवासी इमरान पुत्र बाबू को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। इमरान के खिलाफ पहले भी दो मुकदमें दर्ज हैं। दूसरे मामले में थाना क्षेत्र के ग्राम खैरूल्लापुर निवासी शमीमा पत्नी इरशाद ने 1 अक्टूबर को गांव के ही देवेंद्र पुत्र रोहताश, जमीला पत्नी अनीस,अनीस व रफीक पुत्र इस्लामुद्दीन, असलम पुत्र रमजानी तथा ग्राम मक्खूवाला निवासी रामलाल पुत्र बुद्धू सिंह द्वारा वादिया की आराजी खसरा नंबर 90 रकबा 0.5190 हेक्टेयर भूमि को अपनी भूमि दर्शाकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा कराया गया और वादिया के साथ गाली गलौच मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की तहरीर दी थी।पुलिस ने उक्त आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4),338,336(3),340(2),61(2),115(2)352 व 351(3)के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर विवेचना की। एसआई जोगेंद्र बैंसला व कांस्टेबल विक्रम ने ग्राम खैरूल्लापुर उर्फ नन्दपुर निवासी देवेंद्र पुत्र रोहताश को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। शेष अभियुक्त अभी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आएं हैं।

अधेड़ व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

आज समाचार सेवा



हल्दौर। एक व्यक्ति की अचानक ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भिजवाया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बल्दिया निवासी ऋषिपाल पुत्र झबरे सिंह उम्र लगभग 55 वर्ष सोमवार सुबह सवेरे अपने घर से जंगल के लिए गए थे जब काफी देर बाद तक वह घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उन्हें तलाश किया। तलाश के बाद परिजनों को गांव बल्दिया से हल्दौर जाने वाले रेलवे फाटक के पास उनका शव रेलवे ट्रैक किनारे पड़ा मिला। यह सब देखकर परिजनों के होश उड़ गए उन्होंने तुरंत ही इसकी सूचना ग्रामीणों और हल्दौर पुलिस को दी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। हल्दौर थाना पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। वहीं दूसरी ओर जैसे ही मृतक व्यक्ति के शव फाटक के पास पड़ा होने की सूचना गांव में पहुंची पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

एलिया एजुकेशनल सोसायटी ने मौहम्मद मैंहदी राजा को बनाया सदस्य

आज समाचार सेवा



हल्दौर। क्षेत्र के गांव छज्जूपुरा सादात स्थित शैक्षिक एवं सामाजिक संस्था एलिया एजुकेशनल चैरिटेबल वेलफेयर सोसायटी की विशेष बैठक अध्यक्ष नय्यर अब्बास की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन कोषाध्यक्ष मौलाना अहमद रजा ने किया। बैठक प्रबंधक शाही वास्ती के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में गांव निवासी मौहम्मद मैहदी राजा को सर्वसम्मति से संस्था का सदस्य मनोनीत किया गया। इस दौरान संस्था के संरक्षक एवं कोषाध्यक्ष मौलाना अहमद रजा जैदी ने उन्हें सदस्यता प्रमाण पत्र और पहचान पत्र भेंट किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष नय्यर अब्बास, उपाध्यक्ष शमशाद हुसैन, प्रबंधक शाही वास्ती, उपप्रबंधक मौहम्मद आसिफ, सदस्य हयात मैहदी, मौहम्मद जाफर और मौहम्मद आलम सहित संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।



रोजगार के लिए सऊदी गए सहसपुर के युवक की हादसे में मौत, नगर में शोक

आज समाचार सेवा

सहसपुर। रोजी-रोटी की तलाश में सऊदी अरब गए हुए सहसपुर के मोहल्ला अफगानान निवासी मोहम्मद नाजिम उम्र 29 वर्ष की सऊदी अरब में हुए एक भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदय विदारक खबर के सहसपुर पहुँचते ही पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मद नाजिम पिछले काफी समय से रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब में रहकर मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। बताया जा रहा है कि वह एक मेहनती और मिलनसार स्वभाव के युवक थे। सऊदी में सड़क हादसे में उनकी असामयिक मृत्यु हो गई। मोहम्मद नाजिम अपने पीछे माता-पिता, भाई-बहन सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी मौत की खबर जैसे ही मोहल्ला अफगानान में पहुँची तो पूरे मोहल्ले में मातम पसर गया। नगर के लोगों ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घर में चीख-पुकार मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहम्मद नाजिम की असामयिक मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना मिलते ही गांव और मोहल्ले के लोग, रिश्तेदार और शुभचिंतक बड़ी संख्या में उनके आवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। पूरे नगर में इस घटना को लेकर गमगीन माहौल बना हुआ है।

परिवार में कोहराम मचा, मिलने वालों का तांता लगा

शारदीय नवरात्रि और दशहरा पर्वों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से...

शांति समिति की बैठक आयोजित की गई

आज समाचार सेवा



नहटौर। कोतवाली परिसर में आगामी शारदीय नवरात्रि और दशहरा पर्वों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से एक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी कोतवाल किशन अवतार सिंह ने की। थानाध्यक्ष ने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और रामलीला समितियों के पदाधिकारियों से अपील की कि सभी त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। दहन स्थल के आसपास सुरक्षा के मद्देनजर बच्चों को बिल्कुल खड़ा न होने देने के निर्देश दिए गए हैं। आयोजन समितियों से उनके सदस्यों के मोबाइल नंबर पुलिस को उपलब्ध कराने को कहा गया है। रामलीला मंचन और सती रामलीला के दौरान मंच पर किसी भी प्रकार के अवांछित या अनैतिक नर्तकी के डांस का आयोजन न करने की सख्त चेतावनी दी गई। नशा करके रामलीला स्थल पर पहुंचने वालों, अफवाह फैलाने वालों और छोटे-छोटे विवादों की वीडियो बनाकर वायरल करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी तथा कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रमुख मंदिरों और दशहरा मेले के दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस बल मुस्तैद रहेगा।

बैठक के दौरान रामलीला मंचन को लेकर चल रहा विवाद गतिरोध सर्वसम्मति से समाप्त हो गया। यह तय किया गया कि श्री आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रंजीत जोशी की देखरेख में ही रामलीला के कार्यक्रमों का मंचन किया जाएगा। बैठक में कस्बा इंचार्ज अशोक मलिक, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, राकेश मोहन, भाजपा नगर अध्यक्ष वैभव गोयल, कपिल शर्मा, योगेश सैनी, अंकुल चैधरी, राहुल चैधरी, कपिल सैनी, पालिका लिपिक विशेष शर्मा, मोहित सैनी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत निकाली जागरूकता रैली



आज समाचार सेवा

नगीना। मिशन शक्ति अभियान में सोमवार को शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन पुलिस प्रशासन व भाजपा नेताओं ने डीजे पर देश भक्ति की धुनों के साथ जागरूकता रैली निकाली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शारदीय नवरात्र में मिशन शक्ति अभियान का फेज 6.0 शुरू हुआ।नवरात्र के दूसरे दिन सीओ राजेश सिंह सोलंकी व थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान की जागरूकता रैली स्कूली छात्राओं के साथ सोमवार को पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे थाना नगीना कोतवाली से प्रारंभ हुई और महात्मा गांधी पार्क में बापू की प्रतिमा के सामने संपन्न हुई।

सीओ राजेश सिंह सोलंकी ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा, स्वाभिमान व स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है और नवरात्र में इसका छठा चरण चल रहा है। मिशन शक्ति अभियान जागरूकता रैली में सीओ राजेश सिंह सोलंकी व थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार तथा पूर्व विधायक सतीश गौतम, भाजपा नेता प्रमोद चैहान, पंडित सचिन शर्मा, सौरभ मित्तल, चंद्रशेखर पाल, लवी मित्तल, राजकुमार विश्नोई रहे।

रामलीला में ताड़का वध का जीवंत मंचन किया गया

आज समाचार सेवा

श्रीराम विवाह की भव्य शोभायात्रा निकालने की तैयारी

बिजनौर। कंठस्थ कला केन्द्र, दिल्ली के कलाकारों द्वारा बिजनौर में श्रीरामलीला का भव्य मंचन किया जा रहा है। श्री रामलीला सेवा सोसायटी (रजि.) के तत्वावधान में 10 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2026 तक प्रतिदिन रात्रि आठ बजे से 11 बजे तक रामलीला का मंचन किया जा रहा है। लीला संचालक सत्येन्द्र शर्मा के निर्देशन में आयोजित रामलीला में कलाकार अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी लीलाओं का सजीव दर्शन करा रहे हैं। रविवार को रात्रिकालीन रामलीला में ताड़का वध की लीला का मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रामलीला सेवा समिति की युवा कमेटी द्वारा गणेश पूजन के साथ हुआ।

इसके बाद कलाकारों ने भगवान श्रीराम द्वारा ताड़का वध की लीला का प्रभावशाली मंचन किया। मंचन के दौरान दर्शक भगवान श्रीराम की जय-जयकार करते नजर आए। कलाकारों की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को रामायण की महत्वपूर्ण घटनाओं से रूबरू कराया। वहीं, दिन के समय आयोजित रामलीला में धनुष यज्ञ की लीला का सुंदर मंचन किया गया। दैनिक कलाकारों ने अपनी अभिनय कला के माध्यम से सीता स्वयंवर का प्रसंग प्रस्तुत किया।

इसमें भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष तोड़ने के दृश्य को आकर्षक ढंग से दिखाया गया। धनुष टूटते ही दर्शकों में उत्साह का माहौल बन गया। रामलीला के माध्यम से धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। उधर रामलीला आयोजन के अंतर्गत आज 12 अक्टूबर को अपराह्न शहर में भगवान श्रीराम के विवाह के उपलक्ष्य में भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा निकालने की तैयारी अंतिम चरण में थी। कुछ ही देर बाद शोभायात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। इसके लिए आयोजन समिति की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। शोभायात्रा के मार्गों को आकर्षक विद्युत लाइटिंग से सजाया गया है तथा विभिन्न स्थानों पर सुंदर स्वागत द्वार बनाए गए हैं। राम विवाह शोभायात्रा को भव्य और यादगार बनाने के लिए शहर में विशेष सजावट की गई है। आयोजकों को उम्मीद है कि राम विवाह की शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। श्री रामलीला सेवा सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम शहर की सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाने के साथ ही श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दे रहा है।

अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल धर्मशाला में हुआ हवन-पूजन

महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

आज समाचार सेवा



नगीना। महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर रविवार को नगर के मोहल्ला नालबन्दान में स्थित अग्रवाल धर्मशाला में हवन-पूजन का आयोजन किया गया। इस मौके पर अग्रवाल समाज के काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। बड़े मंदिर के पुजारी डॉ. विपिन चंद्र त्रिपाठी ने श्री अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों की मौजूदगी में विधि-विधान के साथ हवन-पूजन संपन्न कराया।हवन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान महाराजा अग्रसेन के बताए मार्ग पर चलने तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर अग्रवाल सभा के प्रधान शीतल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, हुड़दंग नगीनवी, सचिन मित्तल,नीरज अग्रवाल, आशीष अग्रवाल,आलोक अग्रवाल, मोहित, राघव, शुभम, अतुल आदि मौजूद रहे।

महिला सशक्तिकरण रैली, हेल्पलाइन और सरकारी योजनाओं की दी जानकारी




आज समाचार सेवा

नोएडा। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान 6.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए महिला सशक्तिकरण रैली निकाली। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत सेक्टर-51 स्थित ग्राम होशियारपुर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से हुई। पैदल मार्च के जरिए आमजन को महिला और बाल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। रैली में करीब 500 छात्राओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा उपायों और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। महिला सशक्तिकरण रैली का नेतृत्व महिला सुरक्षा की पुलिस उपायुक्त सुनीती ने किया। कार्यक्रम का संचालन अपर पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा मनीषा सिंह ने सेक्टर-49 थाना प्रभारी और महिला थाना प्रभारी के समन्वय से किया। रैली में छात्राओं के साथ आशा बहुओं, होमगार्ड्स, एएनएम, शिक्षकों और सफाईकर्मियों ने भी सहयोग दिया। पैदल मार्च के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने, उन्हें समान अवसर देने और समाज में सम्मान सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अलग-अलग विभागों के प्रतिनिधियों ने अपने विभाग से जुड़ी योजनाओं और महिला सुरक्षा के उपायों की जानकारी भी दी।कार्यक्रम में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के नोएडा जोन के सभी थानों की मिशन शक्ति टीम, स्वयं सिद्धा टीम और एंटी रोमियो टीम ने सक्रिय भागीदारी की। रैली के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी जरूरी जानकारियां दी गईं। इसके साथ ही महिलाओं और बच्चों के हित में संचालित सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया। पुलिस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना रहा कि किसी भी परेशानी या उत्पीड़न की स्थिति में महिलाएं और बालिकाएं समय पर सहायता प्राप्त कर सकें। लोगों को महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में जागरूक और सहयोगी बनने के लिए भी प्रेरित किया गया। शारदीय नवरात्र के मद्देनजर आयोजित इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा का भाव मजबूत करना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना रहा। कार्यक्रम के दौरान आमजन से महिलाओं और बालिकाओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने की अपील की गई। किसी भी तरह के उत्पीड़न या दुर्व्यवहार की जानकारी मिलने पर तत्काल संबंधित पुलिस को सूचित करने और महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया गया। कमिश्नरेट पुलिस के मुताबिक, मिशन शक्ति अभियान 6.0 के तहत विभिन्न विभागों और आमजन के समन्वय से जागरूकता और सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण मिल सके और उनमें आत्मविश्वास बढ़े।

सेफ सिटी परियोजना को मिलेगी रफ्तार

आज समाचार सेवा

नोएडा। नोएडा में सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से लंबे समय से लंबित सेफ सिटी परियोजना को अब गति मिलने की उम्मीद है। करीब छह साल से अटकी इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत शहर के प्रमुख मार्गों, संवेदनशील स्थानों और विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्रों में लगभग 2,200 आधुनिक कैमरे लगाए जाएंगे। परियोजना पर करीब 217 करोड़ रुपये खर्च किए जाने का प्रस्ताव है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इच्छुक कंपनियां 25 अक्टूबर तक आवेदन कर सकेंगी। प्राधिकरण की योजना आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद लगभग एक महीने के भीतर कार्यादायी कंपनी का चयन करने की है। परियोजना के धरातल पर उतरने के बाद नोएडा में निगरानी व्यवस्था को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम बनाने के साथ-साथ पुलिस की प्रतिक्रिया प्रणाली को भी मजबूत किया जा सकेगा। अधिकारियों के अनुसार, अगले साल की शुरुआत से शहर में कैमरे लगाने का काम शुरू होने की संभावना है। सेक्टर-94 में बनेगा अत्याधुनिक कंट्रोल रूम सेफ सिटी योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सेक्टर-94 में स्थित इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (ढ्ढस्रस्र) परिसर में नया कंट्रोल रूम स्थापित करना है। इस केंद्र को मौजूदा निगरानी व्यवस्था के साथ एकीकृत



किया जाएगा, जिससे अलग-अलग स्थानों से मिलने वाली सूचनाओं का समन्वित तरीके से उपयोग किया जा सकेगा।योजना के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र को भी इस प्रणाली से जोड़ने की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त, कंट्रोल रूम को पुलिस मुख्यालय के नियंत्रण केंद्र से सीधे जोड़ा जाएगा। इससे किसी आपराधिक घटना, संदिग्ध गतिविधि या अन्य आपात स्थिति की सूचना मिलने पर संबंधित थाने, पुलिस चौकी, पुलिस रिस्पॉन्स व्हीकल (क्रह्लङ्क) और डायल-112 सेवा तक तत्काल जानकारी पहुंचाने में मदद मिलेगी। फेस डिटेक्शन तकनीक से संदिग्धों की पहचान में मिलेगी मदद प्रस्तावित कैमरा नेटवर्क में फेस डिटेक्शन जैसी आधुनिक तकनीक शामिल करने की योजना है। इसके जरिए पुलिस के रिकॉर्ड में दर्ज अपराधियों की पहचान करने में सहायता मिल सकेगी। संबंधित व्यक्ति कैमरे की निगरानी में आने पर सिस्टम उसके चेहरे का उपलब्ध रिकॉर्ड से मिलान कर सकेगा। पहचान संबंधी सूचना कंट्रोल रूम तक पहुंचाने की व्यवस्था भी प्रस्तावित है। इस तकनीक से पुलिस को संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखने और जरूरत के अनुसार संबंधित इकाइयों को सतर्क करने में मदद मिल सकती है। हालांकि, ऐसी पहचान की सटीकता और प्रभावशीलता उपलब्ध रिकॉर्ड, तकनीकी व्यवस्था तथा सत्यापन प्रक्रिया पर निर्भर करेगी। 1,700 मीटर तक जूम करने वाले कैमरे भी होंगे शामिल परियोजना में पैन-टिल्ट-जूम (र्च्स) कैमरे लगाने का भी प्रावधान है। इन कैमरों को जरूरत के अनुसार अलग-अलग दिशाओं में घुमाया जा सकेगा और दूर स्थित किसी स्थान पर जूम करके निगरानी की जा सकेगी। उपलब्ध परियोजना विवरण के अनुसार, इन कैमरों से लगभग 1,700 मीटर तक जूम करके फुटेज देखने की सुविधा प्रस्तावित है। इस व्यवस्था से प्रमुख सड़कों, बड़े चौराहों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर निगरानी की क्षमता बढ़ाने में मदद मिल सकती है। साथ ही, किसी घटना के बाद फुटेज की जांच कर घटनाक्रम को समझने और जांच एजेंसियों को जरूरी जानकारी उपलब्ध कराने में भी यह प्रणाली उपयोगी हो सकती है। टेंडर प्रक्रिया में कंपनियों के सुझावों के बाद बढ़ी समयसीमा प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक, सेफ सिटी परियोजना के लिए जारी रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (क्रम्रक्र) पर चर्चा करने के लिए 17 सितंबर को संबंधित एजेंसियों के साथ बैठक की गई थी। बैठक के दौरान कंपनियों ने परियोजना की शर्तों और तकनीकी प्रावधानों को लेकर सुझाव दिए थे। इन सुझावों के आधार पर शुद्धिपत्र जारी कर निविदा दस्तावेज में आवश्यक बदलाव किए गए। इसी प्रक्रिया के चलते आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 25 अक्टूबर कर दी गई। प्री-बिड बैठक में भी इच्छुक कंपनियों ने कार्यक्षेत्र, पात्रता संबंधी शर्तों, तकनीकी मानकों और परियोजना पूरी करने की समयसीमा से जुड़े सवाल उठाए। अधिकारियों ने अधिकांश सवालों का जवाब बैठक के दौरान दिया। अब आवेदन प्राप्त होने के बाद तकनीकी और अन्य निर्धारित मानकों के आधार पर कंपनी के चयन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। डिजाइन से लेकर रखरखाव तक की जिम्मेदारी परियोजना में शामिल यह परियोजना केवल कैमरे लगाने तक सीमित नहीं होगी। इसके दायरे में कैमरों का डिजाइन तैयार करना, जरूरी उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, संपूर्ण सिस्टम को चालू करना और उसके रखरखाव की व्यवस्था करना भी शामिल है। ऐसे में चयनित कंपनी की जिम्मेदारी निगरानी नेटवर्क को कार्यशील बनाए रखने और निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप व्यवस्था विकसित करने की होगी। शहर की सुरक्षा व्यवस्था को एकीकृत करने की दिशा में अहम कदम नोएडा में सेफ सिटी परियोजना का उद्देश्य विभिन्न सार्वजनिक स्थानों की निगरानी को एक केंद्रीय व्यवस्था से जोड़ना और पुलिस को समय पर सूचना उपलब्ध कराने की क्षमता बढ़ाना है।

पांच लोगों से 56.60 लाख रुपये की ठगी, फंडिंग से लेकर ऑनलाइन ट्रेडिंग तक के नाम पर बनाया शिकार

आज समाचार सेवा

नोएडा। नोएडा में साइबर ठगी के पांच अलग-अलग मामलों में लोगों को करीब 56.60 लाख रुपये का नुकसान होने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने कहीं कंपनी का सीईओ बनकर गिफ्ट वाउचर खरीदवाए, तो कहीं करोड़ों रुपये की बिजनेस फंडिंग और ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा दिलाने का लालच दिया। एक मामले में इंटरनेट बैंकिंग के जरिए खाते से रकम निकाल ली गई। साइबर क्राइम थाने में शिकायतों के आधार पर पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीईओ बनकर गिफ्ट वाउचर के जरिए ठगे 5 लाख रुपये पहले मामले में 47 वर्षीय अनुभव गुप्ता ने शिकायत दी कि 2 अगस्त 2026 को एक व्यक्ति ने कंपनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनकर उनसे व्हाट्सऐप पर संपर्क किया। आरोपी ने क्लाइंट कॉल के लिए डिजिटल गिफ्ट वाउचर खरीदने को कहा। इसके बाद अमेजन के माध्यम से स्टीम वॉलेट के वाउचर खरीदवाए गए और उनके कोड ईमेल से भेजने के लिए कहा गया। इस प्रक्रिया के जरिए शिकायतकर्ता से कुल पांच लाख रुपये की ठगी कर ली गई।दूसरे मामले में 18 वर्षीय दीप्ति नायर नेगी ने आरोप लगाया कि 4 जुलाई 2026 को चेन्नई की एक कंपनी की ओर से उन्हें 10 करोड़ रुपये की बिजनेस फंडिंग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था। इस प्रक्रिया के नाम पर पहले 14 लाख रुपये और फिर 25 हजार रुपये एक निजी बैंक खाते में जमा कराए गए। उन्हें दो सप्ताह के भीतर कंपनी के खाते में रकम आने की बात कही गई, लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद आरोपियों ने संपर्क करना बंद कर दिया। इस तरह शिकायतकर्ता को कुल 14.25 लाख रुपये की चपत लगी। ट्रेडिंग में मुनाफे का लालच देकर दो लोगों से ठगी साइबर ठगी के दो अन्य मामलों में ट्रेडिंग के नाम पर निवेशकों को निशाना बनाया गया। 24 वर्षीय कुलदीप चेची ने शिकायत में बताया कि उन्हें निवेश पर अच्छा मुनाफा मिलने का भरोसा देकर पैसे जमा कराए गए। बाद में रकम वापस नहीं मिली और उनका खाता भी नहीं खुल रहा था। इनसे संबंधित दो शिकायतों में क्रमशः 6,76,002 रुपये और 7.92 लाख रुपये की धोखाधड़ी का उल्लेख है। इंटरनेट बैंकिंग से खाते से निकले 9.67 लाख रुपये एक अन्य शिकायत में 32 वर्षीय अभिषेक ने बताया कि 25 जुलाई 2026 को उनके एचडीएफसी बैंक खाते से इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से 9,67,257 रुपये की धोखाधड़ी हुई। उन्होंने पुलिस से रकम वापस दिलाने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। वर्ष 2025 में हुई ऑनलाइन ठगी की शिकायत भी दर्ज पांचवें मामले में रिंकू सिंह ने बताया कि उनके साथ 2 जून 2025 को ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई थी, जिसमें उन्हें 13 लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। इस मामले में भी शिकायत के आधार पर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस के अनुसार, साइबर क्राइम थाने में दर्ज सभी शिकायतों की जांच की जा रही है। अलग-अलग मामलों में ठगी के तरीके और पैसों के लेन-देन से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की जा रही है।

सड़क की ख़राब हालत से परेशान लोग, जलभराव ने बढ़ाई समस्या

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में जलपुरा से अरिहंत अंबर सोसाइटी की ओर जाने वाली सड़क की बदहाल स्थिति से लोग परेशान हैं। बारिश के दौरान स्थिति और गंभीर हो जाती है। रविवार रात से हो रही बारिश के कारण सड़क पर जलभराव हो गया। पानी भरने से गड्ढे दिखाई नहीं दे रहे थे, जिससे वाहन चालकों के हादसे का शिकार होने का खतरा बढ़ गया। गड्ढों में वाहन फंसने और टकराने से गाड़ियों को नुकसान भी पहुंच रहा है। ग्रेनो वेस्ट के निवासी दिनेश ने बताया कि सड़क की हालत लंबे समय से खराब है। बारिश होने पर गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे वाहन चालकों के लिए सड़क से गुजरना जोखिम भरा हो जाता है। पानी के नीचे गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों के गिरने और कारों के क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है। इस सड़क पर एक स्कूल भी स्थित है। सोमवार सुबह बारिश और जलभराव के बीच अभिभावकों को बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़क पर गड्ढे और पानी भरा होने के कारण वाहनों को सावधानी से निकालना पड़ा। अभिभावकों को चिंता है कि सड़क की खराब हालत के कारण बच्चों के साथ कोई हादसा न हो जाए। लोगों का आरोप है कि स्कूल आने-जाने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों की सुरक्षा को देखते हुए सड़क की मरम्मत कराना बेहद जरूरी है।

यमुना एक्सप्रेसवे हादसे के बाद बसों की सुरक्षा पर सख्ती तीन दिन के अभियान में 47 बसें सीज और 76 के चालान

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। यमुना एक्सप्रेसवे पर बस में आग लगने की घटना में नौ लोगों की मौत के बाद परिवहन विभाग ने नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। ग्रेटर नोएडा के जिलाधिकारी के आदेश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत तीन दिनों में 47 बसों को सीज किया गया, जबकि 76 बसों के चालान काटे गए। यह अभियान 9 से 11 अक्टूबर तक चलाया गया। इसके दौरान बसों की फिटनेस और सुरक्षा मानकों की जांच कर नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई।परिवहन विभाग ने 9 से 11 अक्टूबर तक ऑपरेशन कवच के तहत बसों की जांच की। इस विशेष अभियान का उद्देश्य नियमों का उल्लंघन कर सड़कों पर चल रही बसों के खिलाफ कार्रवाई करना था। अभियान के दौरान कुल 47 बसें सीज की गईं और 76 बसों के चालान किए गए। यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए बस अग्निकांड में नौ लोगों की मौत के बाद बसों की सुरक्षा और तकनीकी स्थिति को लेकर सख्ती बढ़ाई गई है। जिलाधिकारी के आदेश के बाद परिवहन विभाग ने अभियान चलाकर नियमों का पालन नहीं करने वाली बसों पर शिकंजा कसा। अभियान के दौरान सीज की गई बसों को छोड़ने से पहले उनकी तकनीकी जांच कराई जाएगी। इसके लिए बसों का ढ्ढस्र-119 मानकों के तहत निरीक्षण किया जाएगा। इस प्रक्रिया में वाहनों की तकनीकी स्थिति और सुरक्षा से जुड़े मानकों की जांच होगी। परिवहन विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि बसें निर्धारित नियमों और सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करती हैं या नहीं। निरीक्षण के बाद ही बसों को आगे चलाने की अनुमति देने पर फैसला लिया जाएगा। जिन वाहनों की स्थिति मानकों के अनुरूप नहीं होगी, उनके मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सीज की गई बसों को तभी रिलीज किया जाएगा, जब वे फिटनेस और सुरक्षा मानकों पर खरी उतरेंगी। जांच के दौरान किसी बस में खामियां मिलने पर उसके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी। ऐसी स्थिति में बस का पंजीकरण और फिटनेस प्रमाणपत्र निलंबित करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई का मकसद नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर रोक लगाना और बसों की तकनीकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। तीन दिन चले अभियान में हुई कार्रवाई के बाद अब सीज बसों के निरीक्षण और उनके मानकों पर खरा उतरने की प्रक्रिया अहम होगी।

यमुना सिटी में बड़े उद्योगों के साथ सहायक इकाइयां लगेंगी

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। यमुना सिटी में बड़े उद्योगों के साथ अब उनसे जुड़ी सहायक इकाइयों को भी विकसित करने की तैयारी है। इसके तहत बड़े औद्योगिक भूखंडों के छोटे हिस्से दूसरी कंपनियों को सब-लीज पर देने की सुविधा मिल सकेगी। हालांकि, भूखंड का इस्तेमाल संबंधित उद्योग से जुड़ी इकाइयों के लिए ही किया जा सकेगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारी ने बताया कि शहर में औद्योगिक निवेश को बढ़ाने और औद्योगिक भूमि के बेहतर उपयोग के लिए औद्योगिक भूखंड के आवंटियों को सह-स्थान और उपपट्टे (सबलीज) की सुविधा दी जाएगी। प्रदेश सरकार की कैबिनेट में शुक्रवार को औद्योगिक निवेश नीतियों के तहत भूमि आवंटियों के लिए परिचालन लचीला पन (ऑपरेशनल फ्लेक्सिबिलिटी) में वृद्धि संबंधी प्रस्तावों को मंजूरी दी गई थी। इससे बड़े औद्योगिक पार्कों को छोटे कारोबारियों और उद्यमियों को भूमि सबलीज पर देने की सुविधा मिलेगी, ताकि वे एक ही परिसर में अपने उत्पादन से जुड़ा इको-सिस्टम तैयार कर सकेंगे यानी एक ही परिसर में किसी उद्योग से जुड़े सभी आवश्यक संसाधनों, सुविधाओं, व्यवसायों और सेवाओं का ऐसा नेटवर्क, जो मिलकर उत्पादन के काम को आसान और प्रभावी बनाए।

यमुना सिटी के सेक्टर-28 में एचसीएल एवं फोक्सकोन के ज्वाइंट वेंचर इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड को सेमीकंडक्टर चिप बनाने के लिए सेक्टर-28 में 48 एकड़ भूमि का आवंटन किया गया है। फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका शिलान्यास किया था। विगत माह कंपनी ने यीडा को 24 एकड़ भूमि में विशेष परिस्थिति तंत्र बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा, जिसमें सेमीकंडक्टर से जुड़ी दूसरी इकाइयों को भूमि सबलीज पर देने का प्रस्ताव था। अधिकारियों के अनुसार कंपनी परिसर में ही ऐसा नेटवर्क चाहती है कि सेमीकंडक्टर से जुड़े सभी पार्ट, आवश्यक संसाधन व सुविधा से जुड़ी चीजों का उसी परिसर में उत्पादन हो, ताकि विदेश या देश के दूसरे राज्यों से आयात कम से कम हो सके। यूपी कैबिनेट में प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। इस संबंध में अब शासन की गाइडलाइन का इंतजार है। शहर में कई ऐसी बड़ी इकाइयां हैं, जो भूमि सबलीज पर देना चाहती हैं। इस बारे में सेमीकंडक्टर बनाने वाली कंपनी का भी एक प्रस्ताव मिल चुका है। इस सुविधा से एक ही परिसर में किसी उद्योग से जुड़े सभी आवश्यक संसाधनों, सुविधाओं, व्यवसायों और सेवाओं का नेटवर्क तैयार करने में मदद मिलेगी।

